सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-167 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 08 दिसम्बर 2024

05 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



### सीएम योगी विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह में हुए शामिल

# देश सुरक्षित तो धर्म भी सुरक्षित : योगी

- हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा और पीएम-सीएम आवास नारी गौरव का प्रतीक
- सामूहिक विवाह योजना में सीएम योगी ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय काशी दौरे के अंतिम दिन शनिवार सुबह 10 बजे उमरहां स्थित स्वर्वेद महामंदिर के विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संतों से मुलाकात की और मंच से सभा को संबोधित भी किया।

उन्होंने मंच से देश के हित में संत सदाफल देव के आध्यात्मिक योगदान को याद किया। कहा कि हमारा देश सुरक्षित रहेगा तो धर्म और हम भी सुरक्षित रहेंगे। कुंभ के आयोजन और राम मंदिर के निर्माण से लेकर काशी के विकास और धर्म आध्यात्म के विकास में सरकार के प्रयासों को भी रेखांकित किया। स्वर्वेद महामंदिर के आयोजन में शामिल होने के बाद वह पिंडरा में नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे। समाजसेवी व पिंडरा के पूर्व प्रधान विभूति नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में भी उपस्थित हुए। सीएम ने नवदंपति को मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हुए उन पर पुष्पवर्षा भी की। सीएम योगी ने कहा कि बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व दे सकती हैं और इसी के लिए हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा का प्रतीक बना। पीएम-सीएम आवास योजना नारी गौरव का प्रतीक बना। धुएं से मुक्त करने के लिए उज्ज्वला योजना का फ्री कनेक्शन बहन-बेटियों की आंखों के साथ-साथ फेफड़ों की सुरक्षा का बड़ा कदम था।

देश में 10 करोड़ और यूपी में इससे लगभग दो करोड़ परिवार लाभान्वित हुए। सीएम ने कहा कि यह आयोजन संदेश दे रहा है कि हम सब सामूहिक रूप से मिलकर सामाजिक कुरीति पर जोरदार प्रहार कर सकते हैं।

### बेटियों का संरक्षण हर हाल में हो : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद जिस नए भारत का निर्माण हुआ, उसमें महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान बनाया गया। पीएम मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से जो कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके जरिए देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करके खुद को साबित किया जा रहा है। बेटियों का संरक्षण हर हाल में हो, उन्हें बचाया-पढ़ाया जा सके। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार का संकल्प है कि हर हाल में बेटी और उसके सम्मान की रक्षा करना है।

# 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए करें काम : मोदी

- पीएम मोदी ने बीएपीएस स्वयंसेवकों से की अपील



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा की गई समर्पित सेवा की शनिवार को प्रशंसा की और उनसे 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम करने को कहा। पीएम मोदी ने अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित बीएपीएस के कार्यकर्ता सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित किया।

हमारी संस्कृति में कहा गया है कि सेवा परम धर्म है। हम केवल इसके बारे में बोलते नहीं हैं, बल्कि इसका पालन भी करते हैं।'' उन्होंने बीएपीएस स्वयंसेवकों से अपनी सेवाओं के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने की अपील की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बीएपीएस आध्यात्मिक, स्वयंसेवी संस्था है जो आस्था, सेवा और वैश्विक सद्भाव के हिंदू मूल्यों को बढ़ावा देकर व्यक्तिगत विकास के माध्यम से समाज को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। हमें इन अभियानों को आगे बढ़ाना है। आज भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। अगले 25 वर्षों की देश की यात्रा, जितनी भारत के लिए महत्वपूर्ण है, उतनी ही बीएपीएस के हर कार्यकर्ता के लिए भी अहम है। मुझे विश्वास है भगवान स्वामी नारायण के आशीर्वाद से बीएपीएस कार्यकर्ताओं का ये सेवा अभियान इसी तरह निर्बाध गति से आगे बढ़ता रहेगा।

### सैनिकों की वीरता की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कहा कि सैनिकों की ''वीरता हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारत के सशस्त्र बलों के सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है।


## न्यूज डायरी

### आठ आरोपी न्यायिक हिरासत मे



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने शनिवार को बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है और उन सभी के खिलाफ 30 नवंबर को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई गई थीं।

### पीएम मोदी को मिली धमकी



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने उनके ट्रैफिक हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आईएसआई एजेंटों से जुड़े बम की साजिश की चेतावनी वाला एक धमकी भरा संदेश मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने संदेश को राजस्थान के अजमेर में खोजा और आरोपी को पकड़ने के लिए वहां एक टीम भेजी है। संदेश में कथित तौर पर दो आईएसआई एजेंटों की संलिप्तता और मोदी पर बम हमले को अंजाम देने की साजिश का जिक्र था।

### फिर इस्कॉन मंदिर पर हुआ हमला

**ढाका।** बांग्लादेश में कट्टरपंथियों ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। शनिवार को राजधानी ढाका में इस्कॉन मंदिर में आग लगा दी गई। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि बांग्लादेश में लगातार वैष्णव सम्प्रदाय और इस्कॉन सदस्यों को टारगेट कर हमले किए जा रहे हैं। राधारमण दास ने एक्स पोस्ट में लिखा- बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया गया। हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात 2-3 बजे के बीच उपद्रवियों ने ढाका में मौजूद श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर में आग लगा दी।

# गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही सरकार: राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जीएसटी स्लैब बढ़ाने की तैयारी कर रही है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ ऐसे ही संकेत देकर सरकार पर हमला बोला। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है।

एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। इसके जरिये आपकी ज़रूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने जा रही है। यह घोर अन्याय है। अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स से लूटा जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा कि हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे।

# पूजास्थल कानून पर नई बेंच बनी

- सुप्रीम कोर्ट करेगा 12 दिसंबर को सुनवाई
- कानून को लेकर दायर की गई हैं पांच याचिकाएं



**नई दिल्ली।** पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष पीठ का गठन किया है। विशेष बेंच की अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना करेंगे और इसमें दो अन्य जज - जस्टिस पीवी संजय कुमार और केवी विश्वनाथन शामिल हैं। इस मामले की सुनवाई 12 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे होगी।

याचिका में कहा गया है कि प्राचीन मस्जिदों के नीचे मंदिर तलाशने के लिए हिंदू पक्ष देशभर में याचिकाएं दायर कर सर्वे करवा रहे हैं। ऐसे मुकदमे चिंताजनक हैं। हालांकि इस कानून को लेकर पाँच याचिकाएँ दायर की गई हैं। जिनमें सबसे पहली याचिका 2020 की है, जिसमें 1991 के अधिनियम को चुनौती दी गई है, जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 15 अगस्त, 1947 को पूजा स्थलों के ÷धार्मिक चरित्र÷ को बनाए रखने के लिए 11 जुलाई, 1991 को पेश किया था। कानून भी नए मुकदमे या कानूनी कार्यवाही शुरू करने पर रोक लगाता है। हालाँकि, राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्वामित्व विवाद को छूट दी गई थी क्योंकि इस संबंध में मुकदमा भारत की स्वतंत्रता की तारीख तक लंबित था। उस समय यही कहा गया था कि अयोध्या मामले के बाद अब किसी अन्य धार्मिक स्थल को लेकर कोई सुनवाई नहीं होगी और पूजा अधिनियम 1991 लागू रहेगा। यानी 15 अगस्त 1947 से पहले जिस धार्मिक स्थल की जो भी स्थिति रहेगी, वही बनी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पांच याचिकाओं में मुख्य याचिका भाजपा नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की है।

## महाविकास अघाड़ी को बड़ा झटका

# बाबरी पर अघाड़ी में बवाल

- बाबरी ढांचा विध्वंस पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के रुख से सपा नाराज
- समाजवादी पार्टी छोड़ेगी एमवीए का साथ



> महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने एमवीए के स्थापित दलों की मौजूदगी के बावजूद चुनाव लड़ा और दो सीटों- भिवंडी ईस्ट और मानखुर्द शिवाजी नगर सीट पर जीत हासिल की। भिवंडी ईस्ट से सपा के रईस कसम शेख जीते। वहीं, मानखुर्द शिवाजी नगर से महाराष्ट्र सपा के प्रमुख अबु आजमी ने जीत का परचम लहराया।

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों में महायुति को जबरदस्त जीत मिलने के बाद विपक्षी गठबंधन में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल समाजवादी पार्टी ने अब गठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया है। महाराष्ट्र सपा प्रमुख अबु आजमी ने शनिवार को कहा कि शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के बाबरी मस्जिद विध्वंस को लेकर रुख के चलते उनकी पार्टी ने एमवीए को छोड़ने का निर्णय किया है।

सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबु आजमी ने एमवीए छोड़ने के फैसले पर कहा, शिवसेना-यूबीटी की तरफ से अखबार में एक विज्ञापन दिया गया था जिसमें बाबरी मस्जिद के विध्वंस में शामिल लोगों को बधाई दी गई थी। उनके (उद्धव ठाकरे के) करीबियों ने इसे एक्स पर भी पोस्ट किया और मस्जिद के गिराए जाने का स्वागत किया।÷ उन्होंने कहा, ÷इसलिए हम महा विकास अघाड़ी छोड़ रहे हैं। मैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं। बता दें कि शिवसेना-यूबीटी के नेता मिलिंद नार्वेकर ने हाल ही में अपने एक्स अकाउंट पर बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़ी एक तस्वीर पोस्ट की थी। इसमें बाल ठाकरे का वक्तव्य- जिन्होंने ये किया मुझे उन पर गर्व है भी शामिल था। शिवसेना सचिव ने इसके साथ ही उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और अपनी तस्वीर भी इस पोस्ट में इस्तेमाल की थी। इस पर अबु आजमी ने कहा कि अगर महा विकास अघाड़ी में कोई इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करता है तो उनमें और भाजपा में क्या फर्क रह जाता है? आखिर हम उनके साथ क्यों रहें? गौरतलब है कि सपा की महा विकास अघाड़ी गठबंधन से इस दूरी की नींव विधानसभा चुनाव से पहले ही पड़ गई थी। दरअसल, तब एमवीए की तरफ से उम्मीदवारों के चयन से समाजवादी पार्टी के नेता अबु आजमी ने नाराजगी जाहिर की थी और अकेले चुनाव लड़ने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि वे समाजवादी पार्टी को सीटें नहीं देना चाहते हैं। मैं नहीं चाहता कि एमवीए टूटे और वोट बंटें, लेकिन अगर वे हमारी बात नहीं सुनते हैं तो हमारे पास अकेले चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

# ब्रिक्स की डी-डॉलरीकरण की योजना नहीं : जयशंकर

### ट्रंप की चेतावनी के बाद दोहा में जयशंकर ने साफ की स्थिति



**दोहा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स देशों द्वारा व्यापार के लिए नई मुद्रा लाने को लेकर चल रही अटकलों पर स्थिति साफ की है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। अमेरिकी डॉलर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए नई मुद्रा शुरू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उनका ये बयान अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों के डी-डॉलरीकरण की नीति अपनाने या डॉलर से दूर जाने की स्थिति में 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के बाद आया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में भी बात की। उन्होंने ब्रिक्स देशों को ट्रंप की 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाली हाल की धमकी का जिक्र करते हुए कहा कि हम डी-डॉलरीकरण के पक्ष में कभी नहीं रहे। फिलहाल, ब्रिक्स मुद्रा रखने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रिक्स मुद्रा के मुद्दे पर ब्रिक्स देशों की एक समान स्थिति नहीं है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, हमें डॉलर को कमजोर करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। रूस-यूक्रेन और हमास इस्राइल के बीच चल रही जंग के बीच भारत ने इन युद्धों को सुलझाने के लिए नवोन्मेषी और सहभागी कूटनीति पर जोर दिया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोहा फोरम में कहा कि सामान्य तौर पर सुई युद्ध जारी रखने की बजाय बातचीत की वास्तविकता की ओर अधिक बढ़ रही है।

## प्रदर्शन — केंद्र से नहीं मिला बातचीत का न्यौता, हरियाणा भी तैयार

# किसानों का आज फिर दिल्ली कूच

- भारी सुरक्षाबल की तैनात
- मार्च पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासन में होगा
- जान हथेली पर रखकर आगे बढ़ेंगे



**पटियाला।** फसलों पर एमएसपी की मांगों को लेकर 101 मरजीवड़े किसानों का जत्था रविवार दोपहर 12 बजे फिर से दिल्ली के लिए कूच करेगा। शंभू बॉर्डर पर शनिवार शाम को पत्रकार वार्ता में किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि शनिवार का दिन उन्होंने केंद्र से बातचीत के लिए रखा था, लेकिन उन्हें कोई न्योता नहीं मिला।

केंद्रीय मंत्री व नेता अलग-अलग मंचों पर किसानों से बातचीत की बात कह रहे हैं लेकिन किसी ने भी आगे आकर इसका प्रयास नहीं किया। इसी वजह से उन्होंने फिर से पैदल दिल्ली मार्च का फैसला किया है। पंधेर ने कहा कि उनका मार्च पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासन में ही रहेगा। किसानों के पास न पहले हथियार थे और न अब हैं। पंधेर ने कहा- भाजपा नेता कहते थे कि अगर किसानों ने मांगों को लेकर बात करनी है, तो पैदल क्यों नहीं आते हैं। अब किसान पैदल देश की राजधानी जाना चाहते हैं तो उन्हें क्यों नहीं जाने दिया जा रहा। इससे केंद्र का किसान विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। इस मौके पर पंधेर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान की ओर से एमएसपी को लेकर दिए जा रहे बयानों को गुमराहपूर्ण बताया। कहा कि किसान फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं। सरकार अगर देश को परंपरागत फसली चक्र से बाहर निकालना चाहती है, तो इस मांग को पूरा करना जरूरी है। इससे जमीनी पानी के स्तर में भी सुधार होगा।

> पंधेर ने कहा कि रविवार के दिल्ली कूच को लेकर किसान पूरी तरह से उत्साहित हैं। किसान अपनी जान हथेली पर रखकर आगे बढ़ेंगे। हरियाणा पुलिस के जबर का जवाब सब्र के साथ दिया जाएगा। पंधेर ने बताया कि उधर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का भी आमरण अनशन खनौरी बॉर्डर पर जारी है। सेहत में कुछ गिरावट जरूर आई है, लेकिन उनके हौंसले बुलंद हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा है कि वे डरने वाले नहीं हैं। जीवन की आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

## दारुल उलूम की कराई जाए खोदाई निकलेगा मंदिर : साध्वी प्राची



**देवबंद।** हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची का बयान एक बार फिर सुर्खियो में है। उन्होंने कहा कि दारुल उलूम और बड़ी मस्जिद का भी सर्वे होना चाहिए। अगर इनकी खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। शनिवार को देवबंद में आबकारी रोड स्थित निजी कार्यक्रम में पहुंचीं साध्वी प्राची ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के अंदर मंदिरों को तोड़कर जो मस्जिदें बनाई गई हैं अब वापस लेने का समय आ गया है। अयोध्या अब हमारी है काशी और मथुरा की बारी है। देवबंद में भी पता चला है कि यहां पर जो बड़ी मस्जिद (रशीदिया) है उसका सर्वे होना चाहिए और खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम को लेकर कहा कि यहां पर क्या समस्या है। दारुल उलूम का भी सर्वे होकर खोदाई होनी चाहिए। दारुल उलूम की खोदाई कराई जाए तो यहां पर भी मंदिर निकलेगा। सर्वे चल ही रहे हैं एक साथ ही सर्वे हो जाए। साध्वी प्राची का यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि दारुल उलूम प्रबंधन की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की गई, लेकिन इस बयान को लेकर साध्वी प्राची एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

## मुख्मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंत्रिमंडल का किया विस्तार

**गुवाहटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को चार मंत्रियों के शपथ लेने के साथ अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने चार नए मंत्रियों- प्रशांत फुकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रूपेश गोला को पद की शपथ दिलाई। ये सभी बीजेपी विधायक हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।



# डीएम-एसपी ने किया सैनिक स्मारिका का विमोचन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा और एडीएम संजय कुमार सिंह को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का प्रतीक ध्वज लगाया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उन्होंने इस स्मारिका का विमोचन भी किया। डीएम, एसपी ने सैनिक कल्याण के लिए सहयोग राशि भी प्रदान की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीर जवानों और उनके परिजनों को हृदय से प्रणाम करते हुए कहा कि देश-देशवासियों की रक्षा के लिए अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले वीरों के परिवारों के कल्याण के लिए सहयोग करने का यह दिन है। मां भारती के गौरव एवं सम्मान की रक्षा करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले शहीदों के आश्रितों एवं परिजनों तथा दिव्यांग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण के इस पुनीत कार्य में हम सभी योगदान दें। देश के वीर जवानों और उनके परिजनों को प्रणाम करता हूं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के कारण कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए प्रतिवर्ष 07 दिसंबर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित किए जाते हैं। वितरण द्वारा संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण व पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएं संचालित की जाती हैं उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था तब बनाई गई थी, जब देश की, सेना की, और सैनिकों की आर्थिक स्थिती अच्छी नहीं थी। आज स्थिती काफी बेहतर है। फिर भी सेना के अटूट मनोबल को और सबल बनाने के प्रति जन जन की प्रचूर भावना को सैनिक कल्याण के साथ समेकित करने की इस व्यवस्था को कायम रखना आवश्यक है।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायती आयी मात्र 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ



**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील निघासन में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 37, पुलिस 14, विकास 12, नगर निकाय और आपूर्ति 04-04, विद्युत, समाज कल्याण, कृषि, पीडब्लूडी, आईसीडीएस, गन्ना के 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीएफओ शौरीश, एसडीएम राजीव निगम, पीडी एसएन चौरसिया, एसीएमओ, सीओ निघासन, तहसीलदार भीमसेन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रद्धा के साथ संत भागमल का जन्मोत्सव

**सहारनपुर।** गुरुद्वारा साहिब डेरा संत भागमल में संत भागमल का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान रागी जत्थों ने कीर्तन व गुरबाणी से संगत को निहाल किया। जनक नगर तकिया स्थित गुरुद्वारा साहिब डेरा संत भागमल में आज श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति पर गुरु ग्रंथ साहिब का धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान अमृतसर से आए हजूरी रागी भाई सुरिन्दर सिंह व संतपुरा यमुनानगर से आए भाई जगमोहन सिंह ने संगत को कीर्तन व गुरुवाणी से निहाल किया। उन्होंने संत भागमल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डॉ.अजय सिंह व पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने मत्था टेक गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संत भागमाल जैसे संत पुरुषों के बल पर ही हमारी संस्कृति सभ्यता जिंदा है।

## सुसाइड नोट में महिला सिपाही और उसके परिजनों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

**लखीमपुर खीरी।** महिला सिपाही पर मकान खाली कराने के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाकर जान देने वाले बुजुर्ग के दो बेटों ने भी 36 घंटे के भीतर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह ट्रेन से कटकर जान देने वाले छोटे बेटे ने भी सुसाइड नोट में महिला सिपाही और उसके परिजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। लिखा है कि इस परिवार की वजह से उसके पिता की जान गई, अब वह भी जान दे रहा है। पुलिस ने सिपाही, उसकी मां, बहन, भाई पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। वहीं बांकेगंज चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। सिपाही अजय पांडे को निलंबित किया गया है घटना थाना मैलानी क्षेत्र के बाबूपुर गांव की है। यहां रहने वाले 60 वर्षीय रामनरेश ने बुधवार रात घर में फंदा लगाकर जान दे दी थी। उनके बेटों मुकेश (28) व सुधीर (25) ने पुलिस से शिकायत कर सिपाही आरती निगम (डायल-112 में तैनात), उसकी मां रामदेवी, बहन शशिबाला और भाई शिवम पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। कहा था कि सिपाही से आजिज आकर पिता ने जान दी है पुलिस ने बृहस्पतिवार को चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस बीच शुक्रवार सुबह सुधीर शौच के लिए बाहर गया था। उसने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। यह सुन बड़े भाई मुकेश ने घर में फांसी लगा ली। दो दिन में रामनरेश का पूरा परिवार खत्म हो गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पिछले कुछ समय से दोनों परिवारों में मकान को लेकर विवाद चल रहा था। सुलह के भी प्रयास हुए, पर बात बनी नहीं। घटना की जांच की जा रही है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है पिछले तीन महीने से चल रहा यह विवाद कई बार बकिगंज पुलिस के सामने आया। रामनरेश ने हर बार पुलिस को पूरी घटना बताते हुए कहा कि उसने अपने घर की जमीन दूसरे से खरीदी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी और राजस्व न्यायालय जाने की बात कहकर टरकाती रही। हर तरफ से आहत होने के बाद रामनरेश और उसके पुत्रों ने आत्महत्या का रास्ता अपनाया।

## होम कम्पोस्टिंग के बारे में विस्तृत दी जानकारी

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2024 के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के मुख्य बिन्दुओं जैसे कि वार्ड स्तर पर रख-रखाव एवं सौन्दर्यीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वार्ड स्तरीय आई.ई.सी. गतिविधियां, वार्ड स्तर पर नागरिकों की भागीदारी, पार्को/वेस्ट टू वंडर पार्क/घाट/शौचालय/बल्क वेस्ट जनरेटर्स/स्कूल की सफाई व्यवस्था आदि पर नगर के समस्त 17 वार्डो में स्वच्छ वातावरण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के सहयोग से दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 के मध्य नगर के वार्डों में भ्रमण कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया जिसमें मोहल्ला सर्वोदय नगर वार्ड संख्या 16 ने प्रथम स्थान हासिल किया जोकि निकाय का आत्मनिर्भर वार्ड भी है इस वार्ड में होम कम्पोस्टिंग व सामुदायिक कम्पोस्टिंग कर गीले कूड़े का निस्तारण वार्ड में ही किया जा रहा है, मोहल्ला जवाहर नगर वार्ड संख्या 9 व आदर्श नगर वार्ड संख्या 01 ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा वार्ड के लोगों को अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों से कूड़े को 4 भागों (सुखा, गीला, घरेलू खतरनाक कूड़ा एवं सैनिटरी कूड़ा) में अलग अलग करके रखने और अलग अलग ही निकाय की कूड़ा गाड़ियों में डालने के लिए अपील की तथा होम कम्पोस्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लोगो से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में होम कम्पोस्टिंग करे।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड ग्राम ककरपिट्टा से 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है रामाधीन पुत्र कढ़िले निवासी ग्राम ककरपिट्टा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी (सम्बन्धित मु0सं0 2981/2014 धारा 5/25 ए Act न्यायालय श्रीमान् अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम लखीमपुर खीरी तारीख पेशी 07/12/2024)।

## आगरा में अवैध दवा फैक्ट्री से जब्त दवाओं के नमूने फेल, 22 अक्टूबर को पकड़ी गई थी फैक्ट्री

**आगरा।** थाना सिकंदरा के पश्चिमपुरी क्षेत्र में पकड़ी गई दवा फैक्ट्री पर बड़ा खुलासा हुआ है। जब्त दवाएं जांच में नकली मिली हैं। हालांकि दवा माफिया अपने साथियों सहित जेल में बंद हैं। अब उस पर एक मुकदमा और दर्ज किए जाने की तैयारी हो रही है। बता दें कि 22 अक्टूबर को एएनटीएफ, पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारकर नक़ली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने आरोपी विजय गोयल सहित दस अन्य लोगों को गिरफ्तार भी किया था। साथ ही कई उपकरण भी बरामद किए थे। इस दौरान ड्रग विभाग ने जांच के लिए दवाओं के नमूने भी भरे थे। ड्रग विभाग के नमूनों की जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। फैक्ट्री में निर्मित एलजो सैल.5 mg, एल्प्रासैफ.5 mg, स्पासवेल कैप्सूल नकली मिले हैं। दवा माफिया इन नकली दवाओं को बाजार में खपा लोगों की जान से खिलवाड़ का रहे थे। जांच में दवाओं के नकली साबित होने बाद ड्रग विभाग अब सक्षम न्यायालय में ड्रग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुट गया है। मालूम हो कि ड्रग विभाग ने पैक्ड दवाएं सहित रॉ मैटेरियल के 14 नमूने लेकर जांच को भेजे थे। फैक्ट्री में तैयार दवाओं, रॉ मैटेरियल, मशीनरी सहित 10 करोड़ का माल बरामद किया गया था। दवा माफिया ने फैक्ट्री में निर्मित दवाओं की पास के जिलों सहित कई प्रदेशों में बड़ी मात्रा में सप्लाई की है।

# समाधान दिवस में जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को उनका गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज तहसील नकुड में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुन रहे थे। उन्होंने भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण हेतु ग्रामवार रोस्टर बनाने के निर्देश दिए। जिसके तहत अगले एक माह तक अभियान चलाते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर प्रतिदिन कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर अवैध कब्जा हटाने के बाद कोई पुनः कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस के साथ अन्य प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने और अपने कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रोहित सिंह सजवान ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में कहा कि शिकायतों का गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 41, पुलिस विभाग की 10, विद्युत विभाग की 04, जल निगम की 03, विकास विभाग की 03, लोक निर्माण विभाग की 02, डीआरडीए की 02, खाद्य विभाग की 03 सहित कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, उपजिलाधिकारी नकुड श्रीमती संगीता राघव, तहसीलदार नकुड सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें कार्यकर्ताः वाहिद

**सहारनपुर।** सपा जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब नफ़रत फैलाकर लोगों को बांटने का काम कर रही है। चौधरी अब्दुल वाहिद आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधानसभा वार समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने करीबी उद्योगपतियों और व्यापारियों को मुनाफ़ा कमाने का अवसर प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश में किसानों का बुरा हाल है। लगातार बढ़ती महंगाई से खेती की लागत बढ़ गयी हैं। पूर्व मंत्री सरफ़राज खान, जिला उपाध्यक्ष सुदेश गुर्जर व किरण पाल राणा ने कहा कि विधानसभा के उप चुनाव में जिस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या की गई है, यह किसी छिपी नहीं है हमें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहना होगा। बैठक को महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी चौधरी, अब्दुल गफ़ूर, राजेश सैनी बड़कला, चौधरी सलीम अख्तर, फैसल सलमानी, अजय पुंडीर, काशिफ अल्वी, गौरव यादव, रमेश पंवार, राजेश शर्मा, महजबी खान, हसीन कुरैशी, रवि काम्बोज, विजेंद्र यादव, सचिन कुमार, अमित, मोहित सैनी, विनोद, मोहम्मद आफ़ताब आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अब्दुल वाहिद ने संचालन फैसल सलमानी ने किया।

## वाहन रैली निकालकर किया पोलियों खुराक पिलाने के प्रति जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आगामी 08 दिसम्बर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रैली निकालकर नागरिको को जागरूक किया गया। स्थानीय एसबीडी जिला चिकित्सालय स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर सीएमओ डा.प्रवीण कुमार ने रवाना किया गया। रैली कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रारम्भ होकर एस0बी0डी0 चिकित्सालय गेट से होते हुये, बाजोरिया रोड़ क्लार्क होटल के बराबर से बेरी बाग होते हुए नवाब गंज चौक से होकर पुरानी चुंगी नुमाइश कैम्प बेरी बाग से जेल चुंगी होकर वापिस कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रांगण में समाप्त हुयी। वाहन रैली में मिक्की माउस, पोलियो से संबंधित बैनर व पोस्टर से संबंधित बैनर से सुसज्जित वाहन तथा पोलियो के पोस्टरों से सुसज्जित रिक्शा आदि सम्मिलित रहे। रैली को सम्बोधित करते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार ने कहा कि भारत में पोलियो को खत्म किया जा चुका है।

यह हम सभी एवं जनता के भरपूर सहयोग के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में पूर्ण विश्व में 81 केस पोलियो के रिपोर्ट हुये हैं, जिनमें पाकिस्तान-56 एवं अफ़ग़ानिस्तान-25 केस हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत का पड़ौसी देश है, वहां से आवागमन के दृष्टिगत पोलियो के संचारित होने की संभावनायें बनी रहती है, इस पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु केन्द्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा देश के नौनिहालों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये पल्स पोलियो अभियान 08 दिसम्बर 2024 का संचालन किया जा रहा है।

## बेहट रोड पर बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं वाला ऑडिटोरियम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शहर के बेहट रोड पर एक अत्याधुनिक सुविधाओं वाला ऑडिटोरियम बनाया जायेगा। इसके साथ ही एक इन्क्यूबेशन सेंटर (उद्भवन केंद्र) भी बनाया जायेगा। इस सम्बंध में नगर निगम के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृति देते हुए धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। वर्ष 2026 जुलाई तक ये ऑडिटोरियम बनकर तैयार हो जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि सहारनपुर में अभी जनमंच के रुप में एक अकेला बड़ा आडिटोरियम है, जिस पर काफी दबाव रहता है। इसे देखते हुए महानगर में एक और बड़े तथा अत्याधुनिक सुविधा वाले ऑडिटोरियम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नये ऑडिटोरियम के लिए नगर निगम द्वारा शासन को एक प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। जिसे शासन ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि यह ऑडिटोरियम बेहट रोड स्थित रामलीला मैदान पर बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्रीरामलीला के लिए स्थान छोड़कर ऑडिटोरियम का निर्माण होगा। इसके साथ ही एक इन्क्यूबेशन सेंटर (उद्भवन केंद्र) भी बनाया जायेगा। जहां विभिन्न संस्थाएं अपने सेमीनार, प्रदर्शनी या उत्पादक अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर उन पर चर्चा कर सकते है। नगरायुक्त चौहान ने बताया कि ऑडिटोरियम में नीचे करीब साढ़े पांच सौ लोगों के बैठने की क्षमता वाले सभागार के साथ करीब तीन सौ लोगों की क्षमता वाली बालकनी भी होगी। उन्होंने बताया कि इसकी डीपीआर बना ली गयी है। शासन से स्वीकृत भी हो गयी है। और शासन ने इसके लिए अभी 35 करोड़ रुपया स्वीकृत किया है, सहारनपुर निगम ने 25 करोड़ रुपये की और मांग की है ताकि ऑडिटोरियम की क्षमता और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा सके। नगरायुक्त ने बताया कि निर्माण के लिए सीएण्डडीएस को जिम्मेदारी दी गयी है। जबकि आर्किटेक्ट का चयन भी एक दो दिन में कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त ऑडिटोरियम के निर्माण का कार्य दिसम्बर में ही शुरु हो जायेगा।

## पुलिस के हत्थे चढ़े मारपीट व फायरिंग के आरोपी

**सहारनपुर।** थाना फ़तेहपुर पुलिस ने ग्राम रजापुर में हुयी फायरिंग व मारपीट की घटना में नामजद चार आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 6 दिसम्बर शुभम उर्फ हर्षित पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम कलालहटी थाना फ़तेहपुर की तहरीर पर कमाल सिंह, प्रमोद उर्फ छोटू व. विनोद पुत्रगण धनीराम, करण पुत्र कमाल सिंह, पारस पुत्र संदीप व गौरव पुत्र राजेन्द्र निवासीगण रजापुर थाना फ़तेहपुर के खिलाफ वादी व वादी के भाई और पिता के साथ गाली गलौच कर लाठी डंडो व लोहे की रॉड़ से मारपीट करने, जान से मारने की नियत से फायर करने, वादी के भाई गौरव को गोली लग जाने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि आज उनके उपनिरीक्षक अनिल तेवतिया, सोनू राणा व विजय पाल सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रूड़की गंगाली मार्ग से चार नामजद आरोपियों कमाल सिंह, विनोद, करण व गौरव को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपियों ने खुलासा किया

## पुलिस ने दुष्कर्म के नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना तीतरों पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना तीतरो प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि विगत् 2 दिसम्बर को वादिया की तहरीर पर आरोपी जुनैद पुत्र शौकत निवासी ग्राम बालू थाना तीतरो के खिलाफ पीडिता के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व अश्लील फोटो वायरल कर देने के सम्बन्ध में थाना तीतरों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार व उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बा गंगोह से नामजद आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## वर्ल्ड कुराश चैम्पयनशिप में जीते सहारनपुर के खिलाड़ियों ने पदक

**सहारनपुर।** मंगोलिया के उलानबाथर में आयोजित वर्ल्ड कैडेट एवं जूनियर कुराश चैम्पियनशिप में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए सहारनपुर के राघव मिड्ढा व कृष्णा शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर देश व जनपद का नाम रोशन किया है।दि इंडियन कुराश के सचिव विक्रान्त कुमार ने बताया कि मंगोलिया के उलानबाथर आयोजित वर्ल्ड कैडेट एंड जूनियर कुराश चैम्पियनशिप में भारतीय टीम से 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर बेहतरीन प्रदर्शन कर 02 रजत व 12 कांस्य पदक हासिल किए, जिसमें सहारनपुर के राघव मिड्ढा ने 50 किलोग्राम व कृष्णा शर्मा ने 38 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। विजेता खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला सचिव मोहित शर्मा, अमित चौधरी, आर के शर्मा, अरुण कुमार, दिव्यांश, अंतरिक्ष, निकिता, संजीव, अनिष्का, कुलभूषण, अगमदीप, कृष्णकांत आदि ने खुशी जाहिर की।

## अज्ञात लोगों ने वृद्ध को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव खड़ंजा अहमदपुर में बीती रात्रि अज्ञात लोगों ने एक वृद्ध को लाठी, डंडों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार देवबंद कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव खड़ंजा अहमदपुर निवासी मान सिंह पुत्र मीर सिंह की पत्नी व बेटी उसकी ससुराल में शादी में गये हुए थे तथा घर पर दो दुधारू पशु होने के चलते मान सिंह गांव में अकेला था। बताया जाता है कि रात्रि के समय अज्ञात लोगों ने उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर मानसिंह की हत्या कर दी।

## आगरा में एक और नवविवाहिता चढ़ी दहेज लोभियों की भेट, शादी के 12 दिन बाद नवविवाहिता की हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर में एक और नवविवाहिता दहेज लोभियों की भेट चढ़ गई। यह कोई पहला मामला नहीं है। जानकारी अनुसार ताजनगरी में शादी के 12वें दिन ससुराल वालों ने नवविवाहिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शव को ससुराल के लोग एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पर छोड़कर फरार हो गए। युवती के परिजन एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे उन्होंने हंगामा किया। परिजन ने पति और ससुरालीजनों के खिलाफ ताजगंज थाना में शिकायत की, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।



फिरोजाबाद जिले के रसूलपुर निवासी अमर सिंह ने बताया कि बेटी प्रियंका की शादी 24 नवंबर 2024 को ताजनगरी फेस टू निवासी रोहित पुत्र अर्जुन के साथ हुई थी। प्रियंका ने बीटीसी की पढ़ाई की थी दामाद रोहित नोएडा में एक जेनरेटर फैक्ट्री में नौकरी करता है। बेटी की अपनी हैसियत के हिसाब से शादी की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था कार की मांग की जा रही थी। शनिवार सुबह बेटी को ससुराल से विदा कराकर लाना था। पिता अमर सिंह ने ताजगंज थाना पुलिस को बताया कि दामाद रोहित ने शुक्रवार रात 1 बजे आगरा में रहने वाले रिश्तेदार को कॉल करके प्रियंका की मौत की खबर दी थी। उसने एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में बुलाया था जब वो पहुंचे, तो इमरजेंसी के गेट के पास स्ट्रेचर पर बेटी का शव मिला। उसके पास न दामाद था और न ही ससुराल वाले थे सभी उसका शव छोड़कर फरार हो गए थे। वही ताजगंज थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसके पिता ने लिखित शिकायत दी है परिजन का दहेज हत्या का आरोप है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अब देखना होगा कि आगरा पुलिस इसमें क्या कारवाई करती हैं।

## हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी सिटी से मिले ग्राम प्रधान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवदृष्टि नवयुग प्रधान संगठन के बैनर तले ग्राम प्रधानों ने चुनावी रंजिश को लेकर प्रधानपति समेत दो व्यक्तियों पर हमला करने के विरोध में पुलिस अधीक्षक नगर से मुलाकात कर आरोपी हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की। संगठन के अध्यक्ष संजय बलिया के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को बताया कि विगत 27 नवंबर को गांव कोलकी रांघड के प्रधान पति रजत राणा एवं मोहित राणा पर प्रधान पद के चुनाव की रंजिश को लेकर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें प्रधान पति रजत राणा को गंभीर चोटे भी आई। उन्होंने बताया कि हमला करने वाले शक्ति सिंह, पवन, कुशल पाल, तुषार, अमित, निशांत के खिलाफ थाना देहात कोतवाली पर मुकदमा दर्ज



कराया गया। हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सभी प्रधान विगत् 29 नवंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी मिले थे लेकिन आज तक भी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने ग्राम प्रधानों को आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की जांच कर कर सभी हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी कराई जाएगी। इस दौरान रणदीप सिंह, कालूराम, सोहेल राणा, साहब सिंह, आकाश, अनुज, मुर्तजा, मुदित राणा, अजय राणा, ग्राम प्रधान महफूज़, अतुल वालिया, मुमताज, संजीत, गय्यूर, अशोक, जावेद, टीनू कुमार व शौकत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बुजुर्गों की स्वास्थ्य रक्षा को डबल इंजन सरकार ने बढ़ाए हाथ



- गोरखपुर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के 8325 लाभार्थियों के बने हैं वय वंदन आयुष्मान कार्ड
- 9 दिसंबर को सीएम योगी के हाथों होगा आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण

### आयुष्मान योजना पर गोरखपुर में 320 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है सरकार

सीएमओ ने बताया कि समग्र रूप से देखें तो आयुष्मान योजना मुफ्त इलाज की व्यवस्था कराने में बड़ी कारगर साबित हुई है। अभी तक जिले में 432894 लाभार्थी परिवारों के 1120347 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस योजना में मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने के लिए जनपद में 91 राजकीय और 189 निजी चिकित्सालयों (कुल 280) को संबद्ध किया गया है। अब तक आयुष्मान योजना से आच्छादित 209666 लाभार्थियों ने मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त किया है। इसके लिए सरकार द्वारा करीब 320 करोड़ रुपये का खर्च उठाया गया है।

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से लेकर निशुल्क इलाज की व्यवस्था करने तक अभियान चलाकर सतत काम कर रही है।

इसी क्रम में पीएम मोदी की घोषणा के मुताबिक आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत 70 वर्ष से सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये की मुफ्त इलाज की सुविधा देने की शुरुआत डबल इंजन की सरकार कर चुकी है। इसके लिए बुजुर्गों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

गोरखपुर में 9 दिसंबर को आयुष्मान वय वंदन कार्ड के वितरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। आयुष्मान वय वंदन कार्ड, बुजुर्गों की स्वास्थ्य सेवा के लिए एक नई सौगात है। इसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। वय वंदन कार्ड, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनवाने के लिए आय सीमा की भी कोई बाध्यता नहीं है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक सिर्फ अपने आधार कार्ड के जरिये योजना से लाभान्वित होने के लिए नामांकन करा सकते हैं। इस समय पूरे प्रदेश में बुजुर्गों के आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए जा रहे हैं। गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष दूबे बताते हैं कि जिले में अब तक 8325 बुजुर्गों के वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं। गोरखपुर में सीएम योगी 9 दिसंबर को अपराह्न चंपा देवी पार्क मैदान में वय वंदन कार्ड के वितरण का शुभारंभ करेंगे। कुछ लाभार्थियों को यह कार्ड मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त होगा।

## बलिया में संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस का आयोजन हुआ



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** 6 दिसम्बर को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस ज़िला कार्यालय समाजवादी पार्टी बलिया में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी बलिया के ज़िलाध्यक्ष एवं फेफना के विधायक संग्राम सिंह यादव व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती थे। तथा संचालन ज़िला महासचिव बीरबल राम ने किया। इस अवसर पर अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि बाबा साहब दार्शनिक व्यक्त थे। जिन्होंने संविधान देकर देश की इज़्ज़त बचाने का सराहनीय कार्य किया। बाबा साहब के लिखे हुए संविधान के कारण देश को आज़ादी मिली है। बाबा साहब महिलाओं और बंचितो को हक़ अधिकार दिया। बाबा साहब ने समाज के लिए बहुत बड़ी कुर्बानी दी है। अपने कई बच्चों को खोया, अपनी पत्नी रमाबाई को खोया तथा अपनी नींद खोया, सुख शांति चैन खोया तब जाकर भारत वासीयो को सुन्दर संविधान मिला। 2027 में डॉ.अम्बेडकर की विचार धारा के लोग सपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में संविधान ख़तरे में है। आरक्षण पर डाका डाला जा रहा है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। 2027 में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के विचार धारा को लागू करने के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना जरुरी है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस अभियान का शुभारंभ

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर



तहसील रूद्रपुर में एक विशेष आयोजन हुआ। कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अवकाशप्राप्त), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, देवरिया, ने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल को झंडा दिवस का प्रतीक स्टिकर लगाकर अभियान 2024-25 का शुभारंभ किया। डीएमने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे सैनिकों, शहीदों के परिवारों और भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में दिल खोलकर योगदान करें, ताकि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीदों के परिवारों की सहायता और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए फंड जुटाया जा सके। कर्नल डॉ. त्यागी ने भी जनपदवासियों से सशस्त्र बलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके कल्याण के लिए इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को भी झंडा दिवस का प्रतीक स्टिकर लगाया गया।

## डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 40, पुलिस की 15, विकास विभाग की 15, विद्युत विभाग की 02 व अन्य विभागों की 17 कुल 89 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमे से 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर पुलिस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह मुख्य, उपजिलाधिकारी सदर व संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 07 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चलने बाले 100 दिवसीय टीबी सघन अभियान टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभांरभ सांसद मुकेश राजपूत व जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीबी से ग्रसित 10 मरीजो को पोषण पोटली व टीबी से मुक्त हुये 10 लोगो को प्रमाण पत्र सांसद व जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा प्रदान किये गये। टीबी के प्रति जागरूकता के लिये वाहनों को सांसद द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अबिनेंद्र कुमार, चक्र सिंह यादव ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट व चिकित्सा विभाग के अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।


## प्रतिभागी बच्चों को किया गया सम्मानित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड क्षेत्र शमशाबाद में सत्य भारती स्कूल सिकंदरपुर महमूद में अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता को उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें सत्य भारती स्कूल मझिला, कुरियाकला, रामनगर, ज्योना, सुल्तानगंज खरेंटा, सिकंदरपुर महमूद के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में विजई विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्री खुशहाल मियां एवं श्री शोएब अख्तर द्वारा पुरस्कृत किया गया अंग्रेजी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिकंदरपुर ने प्रथम स्थान एवं चित्रकला प्रतियोगिता में कुरियाकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में कलस्टर कोऑर्डिनेटर श्री रजीउल्ला खान स्कूल के प्रधानाध्यापक रोहित गंगवार, स्कूल के शिक्षक संतोष सिंह, अमृत सागर, कौशल किशोर, तरन्नुम, प्रीती, विनीत कुमार, नेहा सिंह, नाजिर खान, शिवपाल, कौशलेंद्र, अजय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश त्रिपाठी को पितृशोक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** दैनिक जागरण गोरखपुर के वरिष्ठ



पत्रकार दुर्गेश त्रिपाठी के पिता चंद्रभान त्रिपाठी का शनिवार भोर में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गोला स्थित सरयू नदी के तट पर किया गया, मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रशांत त्रिपाठी ने दी। चंद्रभान त्रिपाठी के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मूल रूप से नारायणपुर, गोला और वर्तमान में उरुवा बाजार निवासी चंद्रभान त्रिपाठी दवा व्यवसायी और समाजसेवी थे। वह अपने पीछे तीन पुत्रों प्रशांत त्रिपाठी, दुर्गेश त्रिपाठी, दिलीप त्रिपाठी और तीन पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। चंद्रभान त्रिपाठी के निधन पर शोक जताते करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने गुरु गोरखनाथ जी से दिवंगत आत्मा की चिर शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सड़क हादसे का संज्ञान लिया

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में लगे हैं।

## वन विभाग को सूचना देने के बाद भी लकड़ी माफिया काट ले गया पेड़

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र में पेड़ो के अवैध कटान पर रोक नहीं लग पा रहा है।ग्रामीणों की सूचना के बावजूद ठेकेदार ने हरे आम के पेड़ को काटकर सड़क में गिरा दिया।लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जू नहीं रेंगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार एक तरफ पौधा रोपड़ को बढ़ावा दे रही है। वही सहजनवा रेंज के जिम्मेदारों को इससे मतलब नहीं है। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुंडा स्थित पोखरे पर आम का हरा पेड़ ठेकेदार अवैध रूप से दोपहर में कटवा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। लेकिन इसके बावजूद पेड़ कट गया। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व सुगौना में सागौन के 20 पेड़ कट गए और विभाग को पता नहीं चला। बाद में मामला जब ऊपर तक पहुंचा तो ठिकेदार के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई कर मामले की लीपापोती कर दी गई। इस संदर्भ में वन दरोगा आशुतोष तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

## बीआईटी में फार्मा कॉन्क्लेव सेमिनार का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर में मेडिकल व फार्मा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं की दृष्टिगत फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव सेमिनार के मुख्य अतिथि गोरखपुर नगर निगम के महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव व फार्मा क्षेत्र के नामचीन हस्तियां एवं विशेषज्ञों के साथ दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डा मंगलेश श्रीवास्तव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मा क्षेत्र का सीधा संबंध आपके स्वास्थ्य व जीवन से संबंधित है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संस्थान के सचिव डॉ0 रजत अग्रवाल ने कहा कि फार्मा क्षेत्र मानव के स्वास्थ्य एवं जीवन की रक्षक है फार्मा क्षेत्र सभी प्राणियों के सामान्य भाव से सेवा कर जीवन सुलभ बनाने का कार्य करता है। अतिथियों का निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान सी0टी0ओ0 प्रो0 एन0 गुरु प्रसाद, डॉ0 लतेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 प्रशांत सिंह, सुशील तिवारी, शिवानी जायसवाल, नवनीत वर्मा व संदीप निगम सहित संस्थान के शिक्षक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## देवी जागरण भंडारे में विधायक ने चखा प्रसाद



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट टोला नगरा गाव के काली मन्दिर पर आयोजित देवी जागरण व भंडारे में क्षेत्रीय विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला पहुंचे, और यहां पर उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगो की सहभागिता रहती है। ऐसे कार्यक्रमो में आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता नारद शुक्ला ने बताया कि गांव की सुख शांति के लिए हर साल पूजा व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## बाइक को बचाने में खंदक में गिरी गाड़ी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कैलिया स्थित आर्यावर्त बैंक की शाखा में



कैश देने जा रही गाड़ी अचानक बेकाबू होकर खंदक में पलट गई। हादसे में सवार लोग बाल-बाल बचे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नदीगांव ब्लॉक के ग्राम कैलिया में आर्यावर्त बैंक की शाखा स्थित है। शाखा में कैश देने के लिए बैंक से जुड़ी एक चार पहिया गाड़ी शाम करीब 3 बजे जा रही थी। बैंक शाखा से लगभग चार किमी पहले ग्राम कुदइया के पास से निकली नहर किनारे अचानक सड़क पर सामने से एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई। गनीमत रही कि गाड़ी में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और गाड़ी खंदक में से बाहर निकलवाई।

## मंडलायुक्त और डीआईजी ने सुनीं फरियाद



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें मंडलायुक्त अनिल ढींगरा और डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे मौके पर जाकर शिकायतों का निष्पक्ष और शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। इस अवसर पर कई फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनका समाधान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। तहसील प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## एक सैकड़ा बुजुर्गों को बांटे गए जरूरी उपकरण

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एलिम्को द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के



बुजुर्ग महिला व पुरुषों को उपकरण को दिए गए। बढ़ती उम्र के साथ सामान्य तरह से जीवन जी पाने में दिक्कत महसूस करने वाले वयोवृद्ध महिला पुरुषों को एलिम्को द्वारा जरूरत के अनुसार उपकरण बांटे गए। विकास खंड कार्यालय कैंप लगाकर संस्था द्वारा लगभग एक सैकड़ा लोगों को निःशुल्क उपकरण वितरित किए गए। नदीगांव रोड कोंच स्थित विकास खंड परिसर में बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, एडीओ पंचायत देवेंद्रसिंह निरंजन, पंकज आनंद, नवीन मिश्रा ने एक सैकड़ा बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को एलिम्को कानपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए उपकरणों का जरूरत के अनुसार वितरण किया गया।

# 8 से 13 तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**अवधनामा संवाददाता**





**गाजीपुर।** पल्स पोलियो अभियान जो रविवार 8 दिसम्बर से शुरू होकर 13 दिसम्बर तक पूरे जनपद में एक वृहद अभियान के रूप में चलाया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ 5 साल से कम उम्र वाले बच्चों को जिंदगी के दो बूद की खुराक देकर शुभारंभ किया जाएगा। 13 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के लिए जनपद में 5.5 लाख बच्चों को टारगेट किया गया है। जिन्हें पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार पांडे ने ने बताया कि यह कार्यक्रम 0 से 5 साल तक के बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस खुराक के पीने से बच्चों को पोलियो व अन्य बीमारियों से आसानी से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन एक बार फिर से पूरे जोशो खरोश के साथ पल्स पोलियो कार्यक्रम के माध्यम से पोलियो को जड़ से खत्म करने का ठाना है। उन्होंने बताया कि रविवार से जनपद में टारगेट 5.5 लाख बच्चों को पल्स पोलियो के तहत जिंदगी के दो बूद देने का कार्यक्रम शुरू किया गया है । जो जनपद के 2009 बूथ के माध्यम से कार्यक्रम चलाया जाएगा। साथ ही सोमवार से शुक्रवार तक घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी वही छूटे हुए बच्चों को को स्पेशल कार्यक्रम के तहत 16 दिसम्बर को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया पोलियो या पोलियोमेलाइटिस एक गंभीर और खतरनाक बीमारी है जो वायरस से होती है। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलता है। साथ ही यह वायरस जिस भी व्यक्ति में प्रवेश करता है उसके मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है जिसकी वजह से लकवा भी हो सकता है। उन्होने बताया 2014 से अभी तक भारत में पोलियो के एक भी रोगी नहीं देखे गए । यह दवा पाँच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये आवश्यक है। यह दवा जन्म के समय, छठे, दसवें व चौदहवें सप्ताह में दी जाती है इसके बाद 16 से 24 माह की आयु में बूस्टर की खुराक दी जाती है। पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को बार-बार खुराक पिलाने से पूरे क्षेत्र में इस बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, जिससे पोलियो के विषाणु को पनपने से रोका जा सकता है। इस चरण के लिए जन्म से पाँच वर्ष तक के 5.5 लाख सम्भावित बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लिए जिले भर में 2009 बूथ बनाए गए हैं।

## जयदेव परिदा एनटीपीसी के नये परियोजना प्रमुख बने

**अम्बेडकरनगर।** जयदेव परिदा, एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख बने श्री परिदा ने शनिवार, दिनांक 07.12.2024 को एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। श्री परिदा के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री परिदा जी की प्रथम नियुक्ति एनटीपीसी लिमिटेड में बीते 6 सितंबर 1989 को कहलगाँव परियोजना के मेकेनिकल इरेक्शन विभाग में हुई थी। पदोन्नतियाँ प्राप्त करते हुए वह एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यालयों, कहलगाँव, तालचेर थर्मल, सीपत तथा बाढ़ में कार्यरत रहे। टांडा आने से पूर्व श्री परिदा एनटीपीसी औरैया के परियोजना प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। जयदेव परिदा ने आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों के साथ संवाद स्थापित कर परियोजना में कम्पनी व्यापार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत चल रहे वित्तीय वर्ष के एमओयू लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

## शिक्षा आत्म निर्भरता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता से समाप्त होगी विषमता

**उरई (जालौन)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जनपद जालौन के नदीगांव विकास खंड के ग्राम मोहम्मदपुरा में सदभावना विकास समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के सामाजिक न्याय, समानता और मानवा धिकारों के प्रति उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बाबा साहब न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए अथक संघर्ष किया उन्होंने कहा डॉ. आंबेडकर जी ने हमारे समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए हमें न्याय, स्वतंत्रता, और समानता के मूल्यों से जोड़ा।

# विधायक ने पोलियो जागरूकता महारैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा द्वारा शनिवार को जिले में पल्स पोलियो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए मलखान सिंह जिला चिकित्सालय से पोलियो जागरूकता महारैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक ने कहा कि पोलियो के कारण हुई दिव्यांगता से व्यक्ति अपनी सारी उम्र ग्रसित रहता है। परन्तु यदि समय पर पोलियो उन्मूलन के लिए संचालित अभियान के तहत आपके घर के नजदीक लगने वाले बूथ पर अपने नौनिहालों को ''दो बूंद जिंदगी की'' पोलियो ड्राप पिलवा दी जाए तो काफी हद तक इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को पोलियो जैसी दिव्यांगता से सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है, इसे हर हाल में निभाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 एस0के0 जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह अपने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को 08 दिसंबर को आयोजित होने वाले बूथ दिवस पर अपने नजदीक आयोजित बूथ पर ले जाकर पोलियो ड्राप पिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में 06 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाऐगी। इस अवसर पर समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचडीएफसी बैंक द्वारा लगाया गया ब्लड डोनेशन कैंप



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नदीगांव रोड स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरबी जैन ने किया। ब्लड डोनेशन कैंप में सबसे पहले कस्बे के युवा व्यापारी निखिल अग्रवाल ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. जैन ने कहा कि इस तरह का आयोजन समाज में एक अच्छी सोच पैदा करता है। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। उन्होंने अपील की है कि हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में दो से चार बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कस्बे के तमाम लोगों ने उत्साह पूर्वक ब्लड डोनेट किया। शाखा प्रबंधक अमित श्याम श्रीवास्तव ने कहा, रक्तदान सबसे बड़ा दान है, दान किया गया रक्त किसी को नई जिंदगी भी दे सकता है। बैंक द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। सेंटर के संचालक डॉ. अरविंद कुमार ने रक्तदान से होने वाले फायदों और समाज में ब्लड डोनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उरई चैरिटेबल ब्लड सेंटर के द्वारा एचडीएफसी बैंक की कोंच शाखा पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें तमाम लोगों ने रक्तदान किया। सेंटर से डॉ. अरविंद कुमार, वकील अहमद खान, अश्विनी गौतम, दीप कुमार, दिलीप कुमार आदि के द्वारा लोगों का ब्लड लिया गया। ब्लड डोनेशन के बाद उन्हें बैंक की तरफ से फल व जूस आदि दिए गए। प्रबंधक अमित श्याम श्रीवास्तव, उपशाखा प्रबंधक नितिन मोहन सिंघल, पुनीत तिवारी, सिद्धार्थ दुवे, सौरभ श्रीवास्तव, आकाश पाठक, प्रवीण तोमर, एकता शर्मा आदि द्वारा रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## उन्नति फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित किए गए विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ के राय बद्री प्रसाद भवन के सभागार में उन्नति फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षित किए गए विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उन्नति फाउंडेशन एवं धर्म समाज महाविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें उन्नति फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत विभिन्न संकाय के 30 छात्र-छात्राओ को एक माह तक व्यक्तित्व विकास के सभी आयामों एवं इंग्लिश स्पीकिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर मुकेश भारद्वाज, प्रोफेसर मंजू गिरी, आई.क्यू. ए. सी. कोऑर्डिनेटर ,प्रोफेसर अंजुल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डॉ. मोनिका वार्ष्णेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। गौरव और अंशिका द्वारा सरस्वती वंदना का सस्वर वाचन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए, जिसमें करण महाजन द्वारा एक सुन्दर गीत प्रस्तुत किया गया। एक डिजिटल जागरूकता नाट्य प्रस्तुति गौरव, आयांशी,ज्योति, दिशा, दीपमाला, अभिषेक आदि द्वारा की गई। मनीष, लवी आदि विद्यार्थियों ने अपने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया। प्राचार्य प्रोफेसर मुकेश कुमार भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह का यह पहला कार्यक्रम है, जहां पर विद्यार्थियों ने उच्च स्तर का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जो हौसला आज हमारे विद्यार्थियों ने उन्नति फाउंडेशन से प्रशिक्षित होकर दिखाया है वह बहुत ही काबिले तारीफ है। हम ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से कराते रहेंगे। प्रो. अंजुल सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रोग्राम छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण था, जिसमें श्री कपिल शर्मा द्वारा बहुत बढ़िया तरीके से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# जिला चिकित्सालय में खुलेआम हो रही लूट




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार भले ही गरीबों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है किन्तु खैराती अस्पतालों में गरीबों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सेवा के लिए शुल्क देना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाले जिला चिकित्सालय अयोध्या में चिकित्सक मरीजों से मनमानी लूट कर रहे हैं। सरकार चिकित्सकों को एनपीए भत्ता देती है कि, प्राइवेट प्रैक्टिस न कर अपना समय जिला चिकित्सालय पर आने वाले मरीजों की सेवा में लगाएं। फिर भी एनपीए लेने वाले चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस भी कर रहे हैं और आपरेशन के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे है। गरीब मरीजों को कैसे लूटा जा रहा है इसका उदाहरण बना है जिला अस्पताल मे मुंह का इलाज कराने आया खण्डासा थानाक्षेत्र के बलदेव तिवारी का पुरवा निवासी वेद प्रकाश मिश्र का मामला। वेद प्रकाश पांच दिसम्बर को जिला अस्पताल के नाक कान व गला के ओपीडी कक्ष मे उपचार कराने गया था। ड्यूटी पर तैनात डा अजीत कुमार कुशवाहा ने उसे जिला अस्पताल की कुछ दवाएं लिख दी और मरीज वेद प्रकाश को अपने आवास पर उपचार के लिए बुलाया। मरीज का आरोप है कि वहां डाक्टर ने मुंह से मवाद निकालने के नाम पर 6500 रुपये वसूल लिए। चिकित्सक ने उसे तीसरे दिन दोबारा आवास पर बुलाया। मरीज से प्राइवेट उपचार के नाम अवैध वसूली को लेकर क्या कहते हैं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा उत्तम कुमार ने मरीज की शिकायत पर जानकारी करने पर कहा कि डा अजीत कुमार को प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करनी चाहिए। मैं इस सम्बन्ध में उनको चेतावनी दूंगा। यदि कोई शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी। इस सम्बन्ध मे जब आरोपी डाक्टर अजीत कुमार कुशवाहा से फोन पर जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ पैसा जांच मे लगा है। शेष जो उचित समझें मैं वापस करने को तैयार हूं।

# अयोध्या में वैदिक रीति-रिवाज से विवाह: सनातन परंपरा को बढ़ावा देने की अनोखी पहल

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** आज के दौर में जहां शादियों में तड़क-भड़क और पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव देखने को मिलता है, वहीं अयोध्या में एक अनूठी पहल के तहत वैदिक रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई। वरिष्ठ समाजसेवी शरद पाठक बाबा ने अपने छोटे पुत्र यश पाठक का विवाह वैदिक परंपरा और रीति-रिवाजों के साथ 51 वेदपाठी ब्राह्मणों और बटुकों की उपस्थिति में सम्पन्न कराया। विवाह पंचमी के पावन दिन यह आयोजन प्रभु श्रीराम और माता सीता के विवाह की याद को ताजा करता है।

**पाश्चात्य संस्कृति से बचने का संदेश**

शरद पाठक बाबा ने इस विवाह के माध्यम से लोगों को पाश्चात्य सभ्यता से दूर रहकर अपनी सनातन परंपराओं को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में लोग अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, जबकि वैदिक रीति-रिवाज न केवल हमारी पहचान हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक शांति का आधार भी हैं।

**जगतगुरु परमहंस आचार्य का संदेश**

समारोह में पहुंचे जगतगुरु परमहंस आचार्य ने वर-वधु को रामायण के आदर्शों और सनातन सभ्यता का अनुकरण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा, ÷आज समाज पाश्चात्य की ओर झुक रहा है। लव मैरिज और माता-पिता की अवज्ञा से होने वाले विवाह अक्सर असफल हो जाते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमारे लिए प्रेरणा है, और उनकी वैदिक परंपरा का पालन ही हमारे समाज को सशक्त बना सकता है। गणमान्य व्यक्तियों ने दी शुभकामनाएं इस वैदिक विवाह समारोह में नगर विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विकास सिंह और भाजपा युवा मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए वैदिक विवाह को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

# महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिये फूड प्रोसेसिंग कोर्स की शुरुआत

**मसौली बाराबंकी।** आदर्श ग्राम पंचायत चंदवारा मे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा संचालित लाइवलीहुड कार्यक्रम के तहत गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग को कोर्स की शुरुआत ग्राम प्रधान रमेश जयसवाल द्वारा की गयी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने एव हुनरमंद बनाने के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग का कोर्स संचालित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बाजार मांग के अनुसार, फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनको बाजार से जोड़कर आत्म निर्भर बनाना हैं। जिसमें केक, पिज़्ज़ा, मोमोज, पानी पूरी बनाना आदि शामिल हैं।

## अधिकारियों के उत्पीड़न से आहत महिला अधिकारी ने विधान सभा के सामने आमरण अनशन की दी धमकी

**अयोध्या।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या की सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त प्रज्ञा सिंह स्काउट के प्रदेश मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार से न्याय न मिलने के कारण आमरण अनशन पर बैठने के लिए मजबूर हैं। सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त प्रज्ञा सिंह ने कुछ दिन पहले ही अयोध्या मंडल का चार्ज लिया था । उसने देखा कि यहां के स्काउट पदाधिकारी वित्तीय अनियमित में भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर गरीब निधि छात्र-छात्राओं का पैसा अपनी जेब में रख रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने तत्कालीन जिला सचिव कमलेश द्विवेदी एवं वर्तमान जिला सचिव विनोद कुमार मिश्रा प्रवक्ता राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज अयोध्या से हिसाब मांगा। उन्होंने देने से इनकार कर दिया। जिसकी शिकायत प्रज्ञा सिंह ने संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल अयोध्या से की। की गई शिकायत की जांच के लिए कमेटी का गठन हुआ। अपने को फसता देखकर आरोपियों ने तत्काल लखनऊ संपर्क करके प्रज्ञा सिंह का स्थानांतरण चित्रकूट मंडल करा दिया। यहां पर पूर्व भ्रष्टाचार के आरोपी कमलेश द्विवेदी की नियुक्ति करके भेज दिया। प्रज्ञा सिंह का आरोप है कमलेश द्विवेदी जिला मुख्य आयुक्त से मिलकर जांच को दबाने में लगे हैं । भारत स्काउट भवन माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन पर बना है। जिसका देखरेख करने का अधिकार जीजीआईसी प्रधानाचार्य को है। जो जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक के अधिकार क्षेत्र में रहता है। बिना विभाग को विश्वास में लिए ही जिला सचिव ने स्काउट भवन की भूमि को किराए पर देकर मनमाना किराया वसूल रहे हैं। मात्र एक लाख रुपया अपने द्वारा संचालित खाते में दिखा रहे हैं। जबकि माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन या विभाग पर संयुक्त शिक्षा निदेशक का होता है । उन्हें जानकारी ही नहीं दी गई। इसी प्रकार जनपद के सभी विद्यालयों में ट्रेनर ट्रेनिंग दिए छात्रों से पैसा लिया गया। उसका भी कोई ब्यौरा नहीं दिया गया।

# जिला चिकित्सालय में सक्रिय सिंडीकेट के इशारे पर निर्दोषों के खिलाफ होती है जांचें

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में एक ऐसा सिंडिकेट सक्रिय है जो कर्मचारियों के खिलाफ साजिश कर उनको नौकरी से निकलवा देने की धमकी देकर अवैध वसूली करता है। इस सिंडीकेट में कुछ चिकित्सक व कर्मचारी भी लिप्त हैं। सिंडिकेट मे शामिल लोग प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के चहेते बनकर आए दिन किसी न किसी कर्मचारी को अपना शिकार बनाते हैं। जिला अस्पताल में सक्रिय सिंडीकेट ने एक ऐसे कर्मचारी के खिलाफ जांच जारी करा दी है जिसके खिलाफ कोई शिकायत है ही नहीं। सिंडीकेट में शामिल लोगों ने कुछ मरीजों के तीमारदारों के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कर्मचारी के खिलाफ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के पास शिकायत कर दी। अपने चहेतों के दबाव में एसआईसी नें जांच के आदेश भी दे दिए। कर्मचारी का पटल भी परिवर्तित कर दिया और जांच रिपोर्ट भी शासन को भेज दी। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से की गई कार्रवाई को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं । जिला चिकित्सालय के बच्चा वार्ड में 16 नवम्बर को काफी गंभीर हालत में भर्ती कराए गए श्रेष्ठ की जिला चिकित्सालय से रिफर होने के बाद लखनऊ ले जाते समय अस्पताल के गेट के पास मौत हो गई। परिजन तो श्रेष्ठ की लाश को लेकर अपने घर चले गए किन्तु मौका पाकर सक्रिय सिंडीकेट के सदस्यों ने फर्जी श्रेष्ठ के पिता व कुछ अन्य भर्ती मरीज बच्चों के हस्ताक्षर से एसआईसी को शिकायती पत्र दे दिया कि इंजेक्शन लगाने के नाम पर पुरुष स्टाफ नर्स संजीव शुक्ल ने गाली गलौज व मारपीट की। शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर एसआईसी ने जांच प्रारम्भ करा दी। जांच रिपोर्ट को शासन को भेज दिया। इसके अलावा संजीव शुक्ल को बच्चा वार्ड से हटा दिया।

## एसआईसी की कार्यवाही उठ रहे सवाल

पुरुष स्टाफ नर्स के खिलाफ कथित पीड़ित परिवार ने कोई शिकायत नहीं की। फिर जांच क्यों ? दूसरा सवाल यह कि जिन लोगों के नाम से शिकायत की गई उनकी ओर से शिकायत किए जाने की बात से इनकार किया है। ऐसे में शिकायत किसने की ? जिन लोगों को गवाह के रूप में बयान के लिए बुलाया गया वे बयान देने नहीं आए जब कि आडियो में आरोप व शिकायत करने से इनकार किया है। एक गवाह ने लिखित बयान देकर घटना होने से इनकार किया है। एक सवाल यह भी है कि सीसीटीवी फुटेज को क्यों साक्ष्य में शामिल नहीं किया गया है ? इस मामले में कई और भी सवाल हैं, किन्तु अस्पताल प्रशासन अब अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए मीडिया की खबरों को आगे कर रहे है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक नें यह जानने की आवश्यकता ही नहीं समझी कि शिकायत कौन लोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मीडिया की खबरों को संज्ञान मे लिया गया है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन सिंडीकेट की कठपुतली बनकर रह गया है।

## भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष के नेतृत्व रात्रि चौपाल लगाकर चलाया गया सदस्यता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व मे पूरे जिले मे रात्रि चौपाल लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी मे विकास खंड हरख के मोहनापुर मे शुक्रवार देर रात रात्रि चौपाल लगाकर सैकड़ों महिलाओं व पुरषो को सदस्यता ग्रहण कराई गई ! यह कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन टिकैत बाराबंकी के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष शिवनरायण वर्मा के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ तहसील अध्यक्ष शिवनरायण वर्मा ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया की किसानों की बढ़ती समस्या को सुनने और जानने के साथ साथ उनको सदस्यता भी ग्रहण कराई गई और इस बात का भी भरोसा दिलाया गया की किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे चाहे वो सरकार हो या फिर प्रशासन जो भी किसानों से दुर्व्यवहार करेगा भारतीय किसान यूनियन उसके खिलाफ प्रदर्शन करेगा और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा वहीं अनुपम वर्मा ने गौतमबुद्ध नगर मे किसानों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर भी नाराजगी जताई इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल,जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा, जिला महामंत्री रामसेवक रावत, तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सिंह,जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, अमरेश कुमार, रामहेत सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# सफलता का नहीं कोई शॉर्टकट, करनी पड़ती है मेहनत: मोहम्मद नदीम



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आनंद भवन स्कूल के पूर्व छात्र संघ द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक महोत्सव रिफ्युज़न 24 का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने किया। यहां सर्वप्रथम उनका स्वागत स्कूल बैंड ने जोरदार ढंग से किया। सिस्टर अर्चना थॉमस, आनंद भवन स्कूल की प्राचार्या, ने मुख्य अतिथि और सभी उपस्थितजनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। मा0 राज्य सूचना आयुक्त ने छात्रों और पूर्व छात्रों के समग्र विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मुझे खुशी होती है जब कोई एलुमनाई एसोसिएशन आगे बढ़ती है। एलुमनाई एसोसिएशन पुराने रिश्तों को जिंदा रखती है। हमने यह सलाह दिया है कि हमारे सरकारी प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में भी ऐसी एसोसिएशन बननी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों को अपने हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को खुला आकाश दे अपने सपनों को बच्चों पर न थोपे। कई बार देखा जाता है कि अभिभावक अपने सपनों को बच्चों पर थोपने का प्रयास करते है यह बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है। अभिभावकों को चाहिए कि वह बच्चों की रुचि देखे कि वह किस रास्ते पर जाना चाहते है ? बच्चों को उनके हिसाब से आगे बढ़ने का मौका दे, उन्होंने बच्चों को भी सलाह देते हुए कहा कि वह भीड़ का हिस्सा न बने, यदि भीड़ का हिस्सा बनेंगे तो आपकी कोई पहचान नहीं रह जायेगी। उन्होंने बच्चों से कहा की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है उनसे लिये निरन्तर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कोशिश करे कि आप अच्छे नतीजे पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पुराने रिश्ते और दोस्ती मजबूत होती है। स्कूली जमाने की दोस्ती निःस्वार्थ होती है क्योंकि स्कूली दौर में बच्चों को नहीं पता होता है कि उनमें से आगे कौन क्या बनेगा ? कार्यक्रम में बुलाने के लिये उन्होंने आनंद भवन स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षकों और एलुमनाई एसोसिएशन का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सिस्टर अर्चना थॉमस प्रिंसिपल, अहमद फराज अध्यक्ष एलुमनाई एसोसिएशन, आशीष रस्तोगी उपाध्यक्ष एलुमनाई एसोसिएशन, मोहम्मद अरीब जनरल सेक्रेटरी, सहित कॉलेज के शिक्षक और पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# हरे भरे पेड़ों पर आरा चला कर रहे पर्यावरण से खिलवाड़



*अवधनामा संवाददाता*

**बंडा शाहजहांपुर।** लकड़ी माफिया लगातार हरियाली उजाड़ने में लगे हुए हैं और वन विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रेगता हैं चंद पैसों के खातिर पशु,पक्षी और इंसानों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा हैं। एक तरफ सरकार पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए किसानों की पराली जलाने पर भी प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन पर्यावरण के रक्षक वृक्षों को कटवाने पर तुला हुआ है तथा शासन इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहा है।जब कानून के मुहाफिज ही कानून के भक्षक बन जाएं तो फिर क्या आप किसी से न्याय और कानून व्यवस्था के पारदर्शी होने की उम्मीद रखेंगे। जहां हरे भरे आम के बाग में बेखौफ आरा चला दिया गया। बंडा थाना क्षेत्र में वनविभाग तथा उद्यान विभाग की ठेकेदारों से सांठगांठ के चलते निरोग्य हरे भरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। जबकि शासनादेश के अनुसार रोग ग्रसित पेड़ काटने का प्रवधान है साथ ही एक पेड़ काटने पर 10 पेड़ लगाने का भी प्रावधान है। लेकिन बंडा क्षेत्र में निरोग्य हरे भरे देशी आम के पेड़ों को ही काटा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के गांव भौंरखेड़ा जिगनिया से सामने आया है। जिसमे आम और जामुन के पेड़ों को काट डाला गया है हालांकि पेड़ कटान का परमिट होना बताया जा रहा है। और इससे पूर्व में भी आम के निरोग्य हरे भरे पेड़ों को भी काटा जा चुका है। हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों के कटान के कारण वर्तमान में हरियाली के नाम पर युकेलिप्टिस के पेड़ ही दिखाई देते हैं और अन्य पेड़ों का विलोपन होता जा रहा है।

# झूठी निकली बाइक चोरी की घटना

**निचलौल (महराजगंज)।** सिन्दुरियां थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी निखिल रौनियार पुलिस को दिए गये सूचना में बताया कि 3 दिसंबर को वह ठूठीबारी अपने बुआ की लड़की की शादी मां विंदा पैलेस हाउस में आया था। शादी के दिन रात्रि के 11 बजे मेरे रिश्तेदार मुझे बिना बताये गाड़ी लेकर चले गये। जिससे उसको लगा कि मेरी बाइक चोरी हो गई है जिसकी सूचना उसने ठूठीबारी कोतवाली पुलिस को दिया था । इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि शिकायत कर्ता स्वयं बाइक ढूंढ कर अपने रिश्तेदार के पास से थाने लेकर आया कोई कानून कार्यवाही नहीं चाहता है चोरी की घटना झूठी निकली है।

# अवैध मार्फिन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा




*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। सतरिख क्षेत्र में पुलिस अभियान के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार, उनके कब्जे से कुल 605 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 60 लाख रूपये) की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष अमर चौरसिया उ0नि0 सुदर्शन सिंह, अभिषेक और हेड कॉन्सटेबल जहीर खां, धर्मेन्द्र, विपिन कुमार कॉन्सटेबल अजीत सिंह, का0 पवन के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली दो व्यक्ति मार्फिन लेकर आने वाले है। जिसके बाद थानाध्यक्ष मुखबिर के बताए पाते बीजेमऊ पुलिया, असैनी मोड़ के पास पहुँचकर तस्करों का इन्तिजार करने लगे। तभी दो व्यक्ति आता दिखाई दिया, पुलिस ने रोककर उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने एक ने अपना नाम रहमान पुत्र शहबान निवासी कस्बा कजियाना व दूसरे ने मो0 सादाब पुत्र मो0 खलील निवासी मोहल्ला चौधराना बताया, ये सभी लोग इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। तलाशी लेने पर उसके पास से 605 ग्राम अवैध मार्फिन बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तगण पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुके है।

## भरवलिया गांव के सिवान में दिखा तेंदुआ, दहशत में ग्रामीण

**निचलौल(महराजगंज)।** भरवलिया गांव के उत्तर एसएसबी रोड़ पर बने पुल के समीप एक तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में हड़कंप मच गया है। जैसे ही तेंदुआ निकलने की जानकारी गांव के लोगों में हुई तो आनन फानन में सिवान में लेकर गए चरवाहों को आगाह कर उन्हें वापस बुला लिया गया ।ग्रामीण सुरेश यादव,मोनू कुमार, अनिरुद्ध कुमार , भरत यादव ने बताया कि दिन शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे एसएसबी रोड पर निकले थे कि अचानक पुल के समीप नदी के पूर्वी छोर पर तेंदुआ दिखाई दिया देखते ही देखते तेंदुआ गन्ने के खेत मे चला गया। वही ग्रामीणों द्वारा कयास लगाया जा रहा है कि बिगत दो दिसंबर को मरचहवा गांव के घोला नदी के पूर्वी छोरशायद यही तेंदुआ ग्रामीणों को दिखायी दिया था । ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर सुनील राय के निर्देश पर मौके पर पहुचे फारेस्टर राम प्रसाद व सहयोगी पप्पू के साथ पहुँच कर मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि तेंदुआ जंगली जानवर है जो शिकार की तलाश में भटक कर आ गया है गांव के ग्रामीणों को सचेत कर दिया गया है कि अकेले घर से बाहर ना निकले वही बच्चों को भी अभिभावक घर से ना निकलने देने की सलाह दिया ।

## साढ़े तीन लाख नेपाली करेंसी के साथ बाइक सवार युवक को गिरफ्तार

**निचलौल (महराजगंज)।** इंडो नेपाल सीमा पर तैनात 22 वाहिनी एसएसबी व कस्टम की संयुक्त टीम ने दिन शनिवार को गस्त के दौरान पिलर संख्या 505/10 के समीप मरचहवा बाग के पास नेपाल ले जा रहे साढ़े तीन लाख नेपाली करेंसी के साथ बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई।आरोपी युवक की पहचान संदीप कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी बक्शीपुर,नवल परासी के रूप में हुई।

# समाधान दिवस में 70 फीसदी मामले जमीनी विवाद के पहुंचे

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नौतनवा तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 193 जनशिकायतें प्राप्त हुई इसमें 23 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायतो को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखें और सुनिश्चित करें कि वादियों को बार बार दौड़ना न पड़े। कहा कि 70 प्रतिशत अबैध कब्जे के या बैनामासुदा भूमि पर कब्जे न मिलने से सम्बंधित मामले आये है, जिसपर उन्होंने बताया कि जनसामान्य को तकनीकी समस्या के बारे में ज्यादा जानकारी नही है जिसके कारण उन्हें शिकायत करना पड़ रहा है । इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग की शिकायतें एवं 70 वर्ष की आयु से ऊपर के व्यक्ति है जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना था उनका कार्ड तत्काल बनाने हेतु निर्देशित किया गया तथा एक महिला की पेंशन से संबंधित शिकायत थी जिसे अगले दो दिन में निस्तारण कर दिया जाएगा । उन्होंने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, एस डी एम नौतनवा, परियोजना निदेशक श्रीराम दरश चौधरी, पशुधन अधिकारी डीपीआरओ सहित जिलास्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 32वें बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का रंगारंग शुभारंभ



- तीन दिन तक चलेगा समारोह
- तहसीलवार बच्चे विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को 32वें जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह का रंगारंग आगाज हुआ। तीन दिन तक चलने वाले समारोह में तहसीलवार बच्चे विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल व विशिष्ट अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने समारोह का औपचारिक शुभारंभ बच्चों से मार्च पास्ट की सलामी लेकर व गुब्बारे हवा में छोड़कर किया। अतिथियों ने शांति के प्रतीक कबूतरों को भी उड़ाया। गत वर्ष की चैम्पियन उस्का बाजार विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द की प्रीति यादव ने मशाल लेकर मैदान का एक चक्कर लगाया और सभी को क्रीड़ा शपथ दिलाया। बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय हलौरा व उस्का के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को खूब सराहना मिली। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें निखारने की जरूरत है। बच्चों के प्रदर्शन को देखकर लगता है कि शिक्षकों ने काफी मेहनत किया है। भाजपा सरकार ने बेसिक शिक्षा की बेहतरी के लिए विशेष प्रयास किए हैं। विधायक श्यामधनी राही ने भव्य आयोजन के लिए बीएसए की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने प्रतिभागी बच्चों एवं टीमों को सफलता की शुभकामनाएं दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्रनाथ उपाध्याय, समस्त बीईओ व जिला समन्वयक सहित राधेरमण त्रिपाठी, आदित्य शुक्ला, योगेंद्र पांडेय, रमेश मिश्र, इंद्रसेन सिंह, कलिमुल्लाह, जीशान खलील, सुधाकर मिश्र, हेमंत शुक्ला, इंद्रजीत यादव, महेश कुमार, गुलाम हुसैन, महेश कुमार, सत्येंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**प्रथम दिन ये हुई प्रतियोगिताएं –** जिला स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह के प्रथम दिन पीटी प्रदर्शन में इटवा विकास खंड के जूनियर पचपेड़वा के बच्चों ने बाजी मारी। जूनियर चुरिहारी की टीम द्वितीय रही। बालक वर्ग में पन्नी की टीम प्रथम रही। प्राथमिक स्तर में डुमरियागंज की टीम प्रथम रही।प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में उस्का के प्राथमिक सेखुई के अरसलान प्रथम व बांसी के प्रिंस द्वितीय रहे।जूनियर बालक वर्ग में शोहरतगढ़ के सूरज प्रथम व डुमरियागंज के जय मंगल द्वितीय रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सेमुआडीह के पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



- ग्राम पंचायत हल्लौर में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में चेंजिंग रूम, दर्शक दीर्घा, ओपन जिम निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी डा राजागपति आर द्वारा डुमरियागंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमुआडीह के पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सहायक से आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोगों को निर्धारित शुल्क ही लेकर आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र बनायें अधिक पैसा न लिया जाये। शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सचिव से 15वां वित्त से कराये जा रहे कार्यो के बारे जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र का मरम्मत कार्य चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। मनरेगा का कार्य नहीं चल रहा है। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन में लाइब्रेरी का संचालन कराने तथा चकमार्ग के कार्य को प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को आरआरसी सेन्टर व अन्नपूर्णा भवन के लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत सेमुआडीह के सामुदायिक शौचालय को देखा गया। सामुदायिक शौचालय पर टंकी लगी थी। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि सामुदायिक शौचालय समय से खुलता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय की नियमित साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाये, अधिक से अधिक लोग इसका प्रयोग करें। ग्राम पंचायत सेमुआडीह में उचित दर राशन की दुकान का निरीक्षण किया गया। स्टाक व रजिस्टर का मिलान किया गया। सब ठीक पाया गया। जिलाधिकारी ने कोटेदार को निर्देश दिया कि लोगों को निर्धारित मात्रा में पूरा राशन वितरण किया जाये। कहीं किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय सेमुआडीह, डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में टाइल्स लगा पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत हल्लौर में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में चेंजिंग रूम, दर्शक दीर्घा, ओपन जिम निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार, नायब तहसीलदार डुमरियागंज, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, ताक़ीब रिज़्वी, कसीम रिज़्वी, शाहिद रिज़्वी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त बस्ती मंडल की अध्यक्षता में आये 46 मामले, पांच का निस्तारण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील कार्यालय सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 46 फरियादी पेश हुए और कुल पांच प्रकरण का मौके पर निस्तारण हुआ। इस अवसर पर एस डी एम प्रदीप कुमार यादव, सी ओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अमित सिंह सहित खंड विकास अधिकारी मिठवल सौरभ पान्डेय, विजय सिंह, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।

## ऑयल कम्पनियो के पदाधिकारियों संग डीएम ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जनपद में नए पेट्रोल पंप खोलने के लिए जल्द से जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं ऑयल कंपनियों के पदाधिकारियों एवं नए पेट्रोल पंप के आवेदकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देश के आलोक में पेट्रोल पंप खोलने के लिए संबंधित अधिकारी समय सीमा के भीतर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें ताकि जिले में अधिक से अधिक पेट्रोल पंप खुल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए लंबित मामलों की आवेदनवार एवं विभागवार गहनता से समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अविलंब संदर्भित मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने के निर्देश दिए।

# डॉ राम आशीष की पुण्यतिथि पर जुटे शिक्षक, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन 2016 के दौरान मृतक हुए डा. राम आशीष सिंह की पुण्यतिथि अवसर पर शनिवार को बीआरसी डुमरियागंज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन बीईओ संजय कुमार की मौजूदगी में किया गया। जिसमें संगठन से जुड़े शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

अटेवा के ज़िला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2016 में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन चल रहा था। इस दौरान हमारे साथ के शिक्षक डा. राम आशीष सिंह पुलिसिया लाठी चार्ज के दौरान घायल हो गए थे। जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी पुण्य तिथि को ओपीएस संकल्प दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व विजय कुमार बंधु व प्रांतीय मंत्री जनार्दन शुक्ला के आह्वान पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम कर उन्हें नमन किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अमृतलाल ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली का कार्य सरकार द्वारा पूर्ण नहीं कर दिया जाता है तब तक हम लोगों का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। इसके लिए शिक्षकों का समूह कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। इस दौरान मुश्ताक अहमद, राम नाथ वर्मा, राजेश कुमार अशोक कुमार श्रीवास्तव, लाल बहादुर विश्वकर्मा, भानु प्रताप श्रीवास्तव, दिनेश विश्वकर्मा, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, नवीन अग्रहरी, अहमद हुसैन फारूकी, राम महेश सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली राम आशीष के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि



- व्यर्थ नहीं जायेगी डॉ राम आशीष की शहादतः बृजेश

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अपने प्राण की आहुति देने वाले डा. राम आशीष की शनिवार को अटेवा ने आठवीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाया। नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। विदित हो कि सात दिसंबर 2016 को पेंशन के लिए डा. राम आशीष ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। अटेवा के साथियों ने संकल्प लिया कि पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। पुरानी पेंशन बहाली ही डा. राम आशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर अटेवा मण्डल अध्यक्ष बलवंत चौधरी, जिलाअध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, जिला महामंत्री संजय कर पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सुजीत जायसवाल, जिला अध्यक्ष राजस्व संग्रह अमीन संघ राजेश मिश्रा, मंडल संगठन मंत्री राजस्व संग्रह अमीन संघ बस्ती मंडल बस्ती संतोष श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत पाण्डेय, अनिल यादव ,जिला संगठन मंत्री शेषनाथ गुप्ता, बृजेश मणि त्रिपाठी,अविनाश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नौगढ़ श्रीमती आरती चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जोगिया उत्कर्ष श्रीवास्तव, ए आर पी देवेंद्र त्रिपाठी फारमासिस्ट एसोसिएशन महामंत्री गोविंद प्रसाद ओझा, शमशुलहक़, अरुण प्रकाश मिश्र, सुरेन्द्र गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी गौरव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में विकास कार्य को गति देने के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानो की हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शनिवार को विकास खण्ड लोटन सभागार में विकास कार्य को गति देने के लिए अगामी बजट को लेकर ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों की बैठक बुलाई गई। जिसमें प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास, शादी अनुदान, मनरेगा योजना, राज्य बित्त/केन्द्रीय बित्त आयोग, पशूपालन, कृषि विभाग, राष्टीय ग्रामीण आजिविका मिशन, आंगनबाड़ी, खराब हैंडपंप की रिबोर हेतु, स्वच्जता निशुल्क बोरिंग आदि विभागों के बारे मे विचार व चर्चा कर 2025/26 के कार्ययोजना प्रस्ताव रखकर बजट स्वीकृत किया गया।

जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अशीष सिंह ने किया।खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने विस्तार से बताया कि पिछले वर्ष मे कहाँ कितना कार्य हुआ व उस पर कितना खर्च किया गया है। मनरेगा योजना से वर्ष 2024-25 के बजट के अनुमोदन पर चर्चा किया।पिछले बजट 2024-25 के अनुमोदित बजट पर चर्चा करते हुए 10करोड 23 लाख रुपये द्वारा किये कार्यो को बताया गया। आगामी 2025-26 के संसोधित विभिन्न कार्यो को कराने के लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत के लिए 20 करोड रुपये का लगभग बजट बैठक मे पास हुआ। ब्लाक प्रमुख ने कहाँ कि सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने अपने गांव में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दें ताकी क्षेत्र में विकास हो सके विशिष्ट अतिथि श्याम धनी राही ने आये हुए लोग से कहा की आप लोग एक ग्राम पंचायत से दुसरे पंचायत को जोड़ने के लिए प्रस्ताव देकर अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए कार्य करे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील डुमरियागंज़ में जिलाधिकारी डा राजागपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित तथा पुलिस विभाग से सर्म्बधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांचकर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 160 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-98, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-23, विकास-12, अन्य-27 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा राजस्व के 10, पुलिस-01, विकास-01 व अन्य विभाग के 01 कुल 13 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, डीपीआरओ पवन कुमार, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिठवल ब्लॉक संसाधन केंद्र में रेकिट एवं जागरण पहल द्वारा संचालित डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के अंतर्गत मिठवल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे जागरण पहल के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दिलीप त्रिपाठी ने डायरिया के लक्षण बचाव तथा उपचार के विषय में बताया गया जिंक और ओआरएस के महत्व के बारे में बताया गया, डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम का उद्देश्य तथा संपूर्ण दस्त प्रबंधन के लिए डब्लू. एच. ओ.के साथ सूत्रीय कार्यक्रम साबुन से हाथ धोने का सही तरीका, सुरक्षित पेय जल का प्रयोग करना, स्तनपान कराना, सम्पूर्ण टीकाकरण, ओ.आर.एस का प्रयोग, जिंक की गोली का प्रयोग तथा सुरक्षित शौचालय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। गुलाबी दीदी कविता चौधरी के द्वारा हाथ धुलने की सही विधि को बताया गया प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र मिश्रा ने बच्चों को साफ सफाई के महत्व को बताया तथा रेकिट एवं जागरण पहल द्वारा संचालित डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम की प्रसंसा किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिका श्रीमती रेनू सिंह विजय प्रकाश दिनेश चंद सुनीता देवी जयराम आदि उपस्थित रहें।

## आवारा पशुओं से किसान परेशान

**अवधनामा संवाददाता**

**आलापुर अंबेडकरनगर।** विकास खण्ड जहांगीर गंज मे आवारा पशुओं से किसान परेशान हो रहे हैं झुण्ड के झुण्ड पशु खेत में खड़ी फसलों को चट कर जा रहे हैं जिससे क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है। मालूम हो इस समस्या को दूर करने में जिम्मेदार अधिकारी कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। जहांगीर गंज विकास खण्ड में पदुमपुर, तेंदुआइकला, शंकरपुर बर्जी, खरुवाव, इटौरी बुजुर्ग, देवरिया, अल्लीपुर बर्जी, टंडवा जलाल आदि गांवों में अवारा पशुओं से किसान परेशान हो रहे हैं। पशु आलू, सरसों, गेहूं की फसलें बर्बाद कर दे रहे। किसान भोलेनाथ शर्मा ने कहा कि उनकी आलू की फसल अवारा पशुओं ने बर्बाद कर दिया, शंकर पुर बर्जी के शशीकांत मिश्रा ने कहा कि हमने समस्या के निदान के लिए कई बार प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। खण्ड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द सभी आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेज दिया जाएगा।

# सांसद व नेता प्रतिपक्ष ने किया 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान का शुभारम्भ शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल एवं नेता प्रतिपक्ष/ विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार एवं उप्र सरकार द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों द्वारा देखा गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक साथ ही क्षय रोग मुक्त करने के लिए 100 दिवसीय सघन टी0बी0 रोगी खोज अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। अन्य देशो द्वारा टी0बी0 को खत्म करने के लिए 2030 तक का लक्ष्य रखा है वहीं हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 2025 तक टी0बी0 को खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। क्षय रोग को समाप्त करने के लिए सबसे पहले क्षय रोग के मरीजों की खोज करना, उनको समय से दवा का वितरण करना एवं उनकी निरन्तर मानीटरिंग कर ही किया जा सकता है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के साथ ही साथ अन्य विभाग का भी सहयोग लिया जाये। इस अभियान में जनप्रतिनिधिगण भी लोगों का पूरा सहयोग करेंगे। सरकार द्वारा क्षय रोग के मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध करा रही है उनके पोषण के लिए प्रोत्साहन राशि भी दिया जा रहा है। क्षय रोग के सभी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक दशा में निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराये। मा0 सांसद डुमरियागंज ने कहा कि कोविड महामारी की रोकथाम के लिए जिस तरह भारत ने मुकाबला किया इसकी सराहना पूरी दुनिया में हो रही है इसके साथ ही साथ भारत में निर्मित कोविड के टीके अन्य देशों को उपलब्ध कराया। नेता प्रतिपक्ष/ विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि पहले भारत में टी0बी0 से लोगों की मौत हो जाती थी दवायें उपलब्ध नहीं थीं। वैज्ञानिको द्वारा दवाओं की खोज की और इन्हीं दवाओं से इलाज कर मरीज ठीक हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों को दवाईयां समय से निःशुल्क वितरण कराये। जिससे मरीज दवाईयां लेकर ठीक हो सकें और सरकार के 2025 तक टी0बी0 मुक्त बनाने का संकल्प सिद्ध हो। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि हम सभी को मिलकर देश को टी0बी0 मुक्त बनाना है इसके लिए लोगों को जागरूक करें अधिक दिनों तक खांसी आती है तो निकटतम सरकारी अस्पताल पर जाकर टी0बी0 की जांच करायें और दवा लेकर जल्द ही स्वास्थ हो जायेगें। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि 100 दिवसीय सघन टी0बी0 रोगी खोज अभियान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी0बी0 के मरीजों को चिन्हित किया जायेगा तथा उनको निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध करायेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लाक लेवल के विभागों का भी सहयोग लिया जायेगा। कार्यक्रम के अन्त में मा0 जनप्रतिनिधिगणों का आभार प्रकट किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा निक्षय मित्रों, टीबी चैम्पियन को प्रशस्ति पत्र एवं क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया और उपस्थित अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीबी मुक्त बनाने का शपथ दिलाया गया।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सिद्धार्थनगर की तरफ से शनिवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैप्टन (आई एन) नरेश शर्मा (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी वरिष्ठ सहायक मनीश चन्द्र त्रिपाठी अशोक सिंह कनिष्ठ सहा0 के साथ जिलाधिकारी महोदय, जनपद-न्यायाधीश, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी को सेना झण्डा दिवस का स्टीकर लगाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी स्टाप उपस्थित रहें।

## ट्रम्प की धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति दोबारा बने ट्रम्प ने खबरदार करते हुये ब्रिकस देशो के बैठक के सन्दर्भ में कहा ब्रिक्स देशो ने अमेरिकी डालर को कमजोर करने या अन्तरराष्ट्री मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने को प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। ब्रिकस देश में का अक्टूबर में सम्मेलन हुआ था। इस शिखर सम्मेलन में डालर के विकल्प की चर्चा हुई थी। ट्रम्प ने उसी के जवाब में अपना बयान दिया है। उस सम्मेलन में नान डालर ट्रान्जेक्शन को बढ़ाने पर चर्चा की गई थी। सम्मेलन के आखिरी में रूसी प्रेसिडेन्ट पुतिन ने साफ कह दिया था कि सिस्टम सोसायटी फार वर्ल्डवाइड इन्टरबैंक फाईनसिन्यल टेली कम्युनीकेशन (स्विफ्ट) जैसी वित्तीय संरचना का विकल्प खड़ा करने की दिशा में अब तक ठोस कुछ भी नहीं किया जाता है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऐसे किसी प्रयास की आलोचना करते हुये कहा कि ब्रिक्स को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिये। जिसमें उसकी छवि ऐसी बने कि वह वैश्विक संस्थानों की जगह लेना चाहता है।

इससे ट्रम्प इतने अशंकित है कि ब्रिक्स देशो से गारन्टी मांग रहे है कि वे ऐसा कोई भी विकल्प खड़ा करने नहीं जा रहे है। पूर्व में कई देशो ने डालर का विकल्प तलाशने का प्रयास किया है। अमेरिका ने 2012 में ईरान और 2022 में रूस को स्विफ्ट से बाहर करके अन्तरराष्ट्रीय वित्तय लेन देन में अपना दबदबा साबित किया है उसके बाद ऐसे प्रयासों की जरूरत ज्यादा गहगाई से महसूस की जाने लगी है। हो सकता है ट्रम्प ने यह धमकी सौदेबाजी के लिये की हो क्योकि निजी जीवन में वह बहुत बड़े पूजीपति है और मस्क जैसे पूजीपति को अपने मन्त्री मन्डल ले रहे है। क्या वह सचमुच अपने इस कथन को सच्चाई में उतारेगे। 20 जनवरी को जब राष्ट्रपति का पद संभालेगे तब पता चलेगा। वह क्या करेगे। लोगो की राय ट्रम्प के कथन को लेकर अलग अलग है। पर यह काम ट्रम्प के लिये आसान नहीं होगा। अगर वह अपने बयान के अनुसार काम करेगे तो जिस फायदे की बात वह सोच रहे हैं उसकी जगह पर अमेरिकी अर्थव्यस्था को सकट में डाल दे और नुकसान पहुचा बठे।

भारत को इस मामले सजग होकर काम करना होगा। यद्यिप डालर की जगह अपनी मुद्रा में दो पक्षीय लेन देन करना और मौके पर इसका इस्तेमाल करना भारत के हित में ही होगा। पर एक जरूरी बात याद रखनी होगी कि डालर शक्तिया दबदबे में कमी अन्तरराष्ट्रीय व्यापार में चीन के दबदबे का अप्रत्याशित रूप से बढ़ा सकती है।

सभी देशो को अन्तरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष में उपरोक्त बातों पर गौर करके आगे बढ़ना होगा या पीछे हटना होगा। चीन अगर शक्तिशाली होता है तो दूसरे देशो को दबाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। उसका मदद लेने वाले देशों को चीन के जाल में फंसा देता है और चीन उसका दोहन करता है।

## जज हैदर छोड़ गए!

मेरे हमराह, हमजोली, क्लासफेलो कामरेड सैय्यद हैदर अब्बास रजा दिवंगत हो गए। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठतम न्यायमूर्ति रहे। उस दौर में (1955-60) हम साथ थे। वे जुबिली कॉलेज से विश्वविद्यालय में प्रवेश पाए थे। मैं कान्यकुब्ज वोकेशनल कॉलेज से। राजनीतिक रूप से हैदर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन के नेता थे। मैं लोहियावादी समाजवादी युवक सभा का विश्वविद्यालय का सचिव। रिश्ते बड़े मिठासभरे थे।


के. विक्रम राव

हम दोनों के साथी आरिफ नकवी का बस माहभर पूर्व (20 अक्टूबर 2024) बर्लिन में इंतकाल हुआ था। हम तीनों छात्र संघर्ष में सक्रिय रहे। जब राष्ट्रपति का आदेश साया हुआ हैदरभाई को जज नामित करते हुए तो मैं हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) में 'टाइम्स आफ इंडिया' का ब्यूरो प्रमुख था। लखनऊ से तबादला हुआ था। मेरे बधाई पत्र को हैदरभाई कई बार उल्लिखित कर चुके हैं। मेरा संबोधन था : "My dear Haider. You will go a long way in judiciary".

न्यायमूर्ति कैसे मज्लूम की मदद कर सकते हैं, यहां इसका एक उदाहरण पेश है। वह माह था जून का। लखनऊ बेंच का आखिरी कार्यकारी दिन। सैकड़ों फाइलें खंडपीठ के टेबल पर जमा थी। शाम ढल रही थी। अगर उस दिन सुनवाई नहीं होती तो फिर डेढ़ माह प्रतीक्षा करनी पड़ती। वह नेशनल हेराल्ड के यातनाग्रस्त कार्मिकों के राहत का मसला था। बिना वेतन के तीन कर्मचारी तब तक भूख से मर चुके थे। शेष संकट से ग्रस्त थे। सोनिया गांधी-मोतीलाल वोरा के इस दैनिक पत्र-समूह ने कमाया तो अरबों, पर मेरे मजदूर साथियों को बिना वेतन के तड़पाया।

हाईकोर्ट से ही राहत और प्राणदान मिल सकता था। मेरे विश्वविद्यालय के सहपाठी रहे न्यायमूर्ति सैयद हैदर अब्बास रजा लखनऊ खंडपीठ के अध्यक्ष थे। मुझे इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में भी जानते थे, टाइम्स ऑफ इंडिया संवाददाता के अलावा। मुझे अदालत में देखकर कारण पूछा कैसे आए? मैंने नेशनल हेराल्ड नवजीवन और कौमी अखबार के कर्मचारियों की दयनीय दशा बताई। हमारे वकील स्व. शम्भूनाथ तांगडी और संजय भसीन को सुना। जस्टिस रजा ने तत्काल हमारी याचिका की फाइल मंगवाई। खुली अदालत में श्रमिकों की प्राणरक्षा में आदेश दिया। तात्पर्य है कि जब मानव-हतंत्री के निनाद को सुन सकें तभी जज साहब न्याय दें। न्यायमूर्ति सैय्यद हैदर अब्बास रजा का दिल पत्रकार-अखबारी श्रमिकों के दर्द से पिघला था। न्याय दिया। जीविका हेतु प्रबंधन को वित्तीय मदद का आदेश हुआ। अमूमन हाईकोर्ट तो केवल पथरीले कानून ही न कि इंसानी हितों की रक्षा करता है। मैं स्वयं और मेरे IFWJ के साथी इस सम्पूर्ण प्रकरण के प्रत्यक्षदर्शी और लाभार्थी हैं।

एक पुरानी बात। नैनीताल में 1953 में हुई वाइस चांसलरों की बैठक में, जो प्रदेश के गवर्नर व विश्वविद्यालयों के चांसलर केएम मुंशी की अध्यक्षता में हुई, उस छात्र यूनियनों के भंग करने व वाइस चांसलर की नियुक्तियों में सरकारी दाखिले को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। उस समय जुबली कॉलेज के छात्र यूनियन के सचिव और स्टूडेंट फेडरेशन के सक्रिय सदस्य भी हैदर थे। उक्त आंदोलनों में हम दोनों ने हिस्सा लिया।

मैं गवाह हूँ 1958 में जब विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व कुप्रशासन के विरुद्ध बहुत बड़ा आंदोलन हुआ। सभी छात्र नेताओं के साथ-साथ हैदर को भी कई बार लखनऊ, फैजाबाद, बनारस व मथुरा के जेलों में कई महीनों तक रहना पड़ा। बाद में हाई कोर्ट में न्यायाधीश की नियुक्ति के बाद उन्होंने भूतपूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संगठन की नींव डाली। इसका पहला अधिवेशन गवर्नर हाउस में हुआ, जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के उनके सहपाठी व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री आनंद ने किया। चूंकि विश्वविद्यालय में 1920 के नवंबर के महीने से शिक्षा दीक्षा कार्य शुरू हुआ था। इस कारण हर वर्ष उसी महीने में सम्मेलन आयोजित किया जाता रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सेवा अर्पित करने वाले विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों को प्रशंसा पत्र व अवार्ड दिया जाता रहा। मुझे भी मिला था। हैदर के कारण। हैदरभाई जहां भी रहेंगे, न्याय का परचम लहराते ही दिखेंगे। मेरा लाल सलाम आपको।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**चुनावी वादों की शुरुआत अरविंद केजरीवाल से बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलगु सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्ना डीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए हमेशा होड़ मची रहती है। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने 2006 में मुफ्त कलर टेलिविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी।**

# मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत चुकाते पंजाब और हिमाचल

आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बाँटकर उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। साल 2022 में दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान पर काफ़ी चर्चा हुई थी। लोगों को मुफ्त में चीज़ें या पैसे देने से सियासी दलों के वादों पर मीडिया में बहस के दौरान अक्सर विपक्षी नेता ये तर्क देते हुए देखे-सुने जा सकते हैं।


डॉ. ओपी त्रिपाठी

यहां तक कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और उच्चतम न्यायालय ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा था कि वेलफेयर स्टेट होने के नाते मुफ़्त चीज़ें जरूरतमंदों को मिलनी चाहिए, लेकिन अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और वेलफ़ेयर में संतुलन बिठाने की ज़रूरत है।

बचपन में सबने रेवड़ी जरूर खाई होगी लेकिन इस रेवड़ी के साथ एक बात बहुत ही खास है, आप एक बार रेवड़ी खाना शुरू करते हैं तो मन होता है खाते ही जाएं, आपका हाथ तभी रुकता है जब घर में बड़ों की डांट पड़ती है कि बस बहुत हुआ, रुको। ज़्यादा खाएंगे तो उसका असर भी आपकी सेहत पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी तासीर गरम होती है आपका हाजमा भी खराब हो सकता है इसलिए स्व-नियंत्रण बहुत ही ज़रूरी है। क्या स्व-नियंत्रण संभव है, आप सभी जानते हैं।

अपने देश में कमोबेश लोगों की यही स्थिति है, जिन्हें मुफ्तखोरी की आदत सी पड़ गई है और वो चाहते हैं कि देश में 'रेवड़ी की संस्कृति' कभी भी बंद न हो। आखिर किसको खराब लगता कि मुफ्त में बिजली, पानी, राशन और तमाम सुविधाएं अनंत काल तक मिलती रहें। ये वही बात हो गई जैसे मुफ्त-ए-माल दिल-ए-बेरहम, ये सोच तभी विकसित होती है जब आपको अपनी जेब से कभी एक धेला खर्च नहीं करने की आदत हो। क्या एक नागरिक के तौर पर हमने कभी विचार किया है कि इसके लिए संसाधन कहाँ से आएंगे? और ये 'मुफ़्त की संस्कृति' आखिर कब तक चलती रहेगी और इसकी भरपाई कौन करेगा?

सत्ता हासिल करने के लिए शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वादों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था।




आपको याद होगा कि चुनावी वादों की शुरुआत अरविंद केजरीवाल से बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलगु सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्ना डीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए हमेशा होड़ मची रहती है। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने 2006 में मुफ्त कलर टेलिविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी।

पंजाब में सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वादे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिए पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है।

वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायेदारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है।

राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋष्ठा सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिए भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है। वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं। यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें।

# संसद में विपक्षी एकता में पड़ी दरारें उभरकर सामने आ गई

**संभल मुद्दे पर भी सपा और कांग्रेस के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सपा ने कांग्रेस पर संसद में मुद्दा न उठाने का आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल वर्मा ने कहा कि जब संसद में इस मुद्दे को नहीं उठाया गया, तो अब वहां जाने का क्या मतलब है? यह बयान विपक्षी एकता में दरार को दर्शाता है. कांग्रेस और सपा के बीच इस मुद्दे पर तनाव स्पष्ट है। रामगोपाल वर्मा ने कहा की समाजवादी पार्टी ने पहले ही संभल जाने का निर्णय कर लिया था। राहुल गांधी अब देरी से क्यों जा रहे हैं? ये पहला मौका नहीं है जब समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से किनारा किया है।**

अदाणी मामले पर विपक्ष लगातार संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। साथ ही संसद परिसर में विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। 5 दिसंबर को भी राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। क्या 'अदाणी कांड' वाकई राष्ट्रीय और संसदीय मुद्दा है, जिस पर कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल हंगामा कर रहे हैं और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे हैं? यदि अदाणी समूह ने कुछ गलत किया है, तो वह अमेरिकी अदालत तय करेगी और दंडित करेगी। भारत में यह कांड 'आपराधिक' नहीं है और न ही ऐसा कोई न्यायिक निष्कर्ष सामने आया है।


रोहित माहेश्वरी

संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इस पर स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में सभी दलों में सहमति तो बनी थी, लेकिन वह सहमति कारगर कब होगी? बीते 3 दिसम्बर को भी दोनों सदनों में हंगामा हुआ, विपक्ष नारेबाजी करता हुआ अध्यक्ष के आसन तक भी पहुंचा, लिहाजा वह सर्वदलीय सहमति फर्जी लगी। विपक्ष ने संसद से बहिर्गमन तक किया, लेकिन लौट कर कार्यवाही में भी शिरकत की। 'प्रश्नकाल' के दौरान सांसदों ने सवाल भी पूछे। 'शून्यकाल' की भी संभावनाएं जगीं, लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि संसद की कार्यवाही बाधित क्यों की जाए? 'अदाणी कांड' पर ही विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन में दरारें उभरी हैं। 'इंडिया' में सर्वसम्मति कभी नहीं रही। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के आवास पर 'इंडिया' के सहयोगी दलों की जो बैठक हुई थी, उसमें तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग नहीं लिया। वे लगातार मानते रहे हैं कि संसद की कार्यवाही सुचारू चलनी चाहिए। अदाणी ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर संसद की कार्यवाही स्थगित करने को बाध्य होना पड़े। सपा नेता अखिलेश यादव के साथ 37 सांसद लोकसभा में हैं।

उनके लिए संभल क्षेत्र की सांप्रदायिक हिंसा और आम नागरिकों की मौत 'नरसंहार' से कम नहीं है। आखिर हरेक जामा मस्जिद के नीचे हिंदू मंदिर दफन के ऐतिहासिक अतीत को क्यों खोदा जाए? ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसद लोकसभा में हैं। उनके लिए बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, विपक्ष द्वारा शासित राज्य सरकारों के प्रति केंद्र सरकार का सौतेला और भेदभाव वाला रवैया, केंद्र द्वारा पूंजी का अपर्याप्त आवंटन आदि बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन पर संसद में बहस होनी चाहिए। तृणमूल के लिए 'अदाणी कांड' बेमानी, फिजूल है। सपा और तृणमूल इस राजनीति के भी पक्षधर नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और अदाणी परस्पर पूरक हैं। हालांकि कांग्रेस, 'आप', राजद, शिवसेना (उद्धव), द्रमुक और वामदलों के सांसदों ने संसद भवन के 'मकर द्वार' की सीढियों पर विरोध-प्रदर्शन किया, लेकिन सपा और तृणमूल कांग्रेस उसमें शामिल नहीं हुए। सवाल यह है कि क्या संसद में 'इंडिया' गठबंधन विभाजित हो चुका है?



वहीं संभल मुद्दे पर भी सपा और कांग्रेस के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सपा ने कांग्रेस पर संसद में मुद्दा न उठाने का आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल वर्मा ने कहा कि जब संसद में इस मुद्दे को नहीं उठाया गया, तो अब वहां जाने का क्या मतलब है? यह बयान विपक्षी एकता में दरार को दर्शाता है. कांग्रेस और सपा के बीच इस मुद्दे पर तनाव स्पष्ट है। रामगोपाल वर्मा ने कहा की समाजवादी पार्टी ने पहले ही संभल जाने का निर्णय कर लिया था। राहुल गांधी अब देरी से क्यों जा रहे हैं ? ये पहला मौका नहीं है जब समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से किनारा किया ह। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में समाजवादी पार्टी अडानी मुद्दे पर भी कांग्रेस से साथ खड़ी नजर नहीं आई। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया गया है। राहुल-प्रियंका गांधी को रोकने के लिए थ्री लेयर का सहारा लिया गया है। पहली लेयर में पुलिस वाले खड़े हैं। दूसरी और तीसरी लेयर पर लोहे के बैरिकेड्स हैं।

खरगे की ओर से संसद में विपक्ष की संयुक्त रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक में नहीं जाने पर तृणमूल कांग्रेस ने कोई टीका-टिप्पणी नहीं की। मगर मेघालय उपचुनाव में टीएमसी के कांग्रेस से आगे रहने के बहाने इशारों में ही कांग्रेस पर तंज कसने से गुरेज नहीं किया। मेघालय विधानसभा की एक सीट के उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत और टीएमसी प्रत्याशी के दूसरे नंबर पर रहने की पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के एक्स पोस्ट को साझा करते हुए राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओब्रायन ने यह निशाना साधा। डेरेक ने कहा कि टीएमसी उम्मीदवार मेघालय में दूसरे नंबर पर है पर तीसरे पर कौन, इस बारे में काफी कुछ कहा जा चुका है। कुछ सौ वोटों के अंतर की वजह से कांग्रेस उम्मीदवार के तीसरे नंबर पर रहने का स्क्रीनशॉट भी डेरेक ने पोस्ट में साझा किया।

डेरेक के तंज के बीच तृणमूल राज्यसभा सांसद डोला सेन ने अदाणी पर विपक्ष की जेपीसी की मांग का समर्थन करते हुए सदन स्थगित पर सरकार को घेरा। वैसे तृणमूल और शिवसेना यूबीटी के अलावा साझा रणनीति संबंधी खरगे की बैठक आईएनडीआईए के अन्य तमाम दलों के नेता शामिल हुए और निर्णय लिया गया कि अडाणी समूह में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा बेहद गंभीर है जिस पर जेपीसी का गठन किया जाना जरूरी है। उद्धव ठाकरे की पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी बना रही हैं, और अब अरविंद केजरीवाल भी वही रास्ता अपना रहे हैं। यह कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का समय है, और विपक्षी एकता को लेकर गंभीर कदम उठाने की जरूरत है। सामना में कहा गया, अगर आम आदमी पार्टी, जो इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, दिल्ली विधानसभा चुनावों में अकेले जाने का फैसला करती है, तो कांग्रेस को इसे रोकने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी ताकि यह स्थिति अन्य राज्यों में न फैल जाए। क्या 'इंडिया' निर्णायक तौर पर खंड-खंड हो चुका है और अब मोदी सरकार के लिए कड़ी चुनौती नहीं है? चूंकि चुनावों के दौरान 'इंडिया' के कई घटक दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़े, लिहाजा सवाल है कि क्या अब 'इंडिया' भीतरी तौर पर भी एक बंटा हुआ गठबंधन है? संसद की कार्यवाही बेशकीमती है, क्योंकि वह देश के निर्वाचित सांसदों का सबसे बड़ा, महत्वपूर्ण सदन है। संसद में कानून बनाए जाते हैं तथा सांसद अपने क्षेत्र की समस्याओं को आवाज दे सकते हैं।

# कब मिलेगी ग्रामीण किशोरियों के डिजिटल सपनों को उड़ान?

**सुषमा देवी कहती हैं कि हमारे पढ़े-लिखे बच्चे घर बैठे हैं। कहीं नौकरी का फार्म भी नहीं भर पाते हैं। आजकल सारे फॉर्म ऑनलाइन ही भरे जाते हैं। अगर वह फॉर्म भरना भी चाहें तो कंप्यूटर सेंटर दूर होने की वजह से उन्हें समय और इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाती है और आवेदन भरने की अंतिम तिथि भी कई बार निकल जाती है। कई बार परीक्षा की तारीख बदल जाती है उन्हें इसकी जानकारी भी नहीं होती है। वह कहती हैं कि आजकल बिजली और पानी का बिल भी ऑनलाइन भरने की सुविधा होती है। लेकिन हमें इसके लिए भी ऑफिस जाकर बिल भरना पड़ता है जो गांव से बहुत दूर है।**

हमारे गांव में कंप्यूटर सेंटर न होने की वजह से हमें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर हमें कोई फार्म भरना है तो उसके लिए हमें गांव से 15-16 किलोमीटर दूर कंप्यूटर सेंटर जाना पड़ता है। ये ऐसा काम है जो कभी भी एक बार के जाने पर नहीं होता है। एक फॉर्म अप्लाई करने के लिए हम 2 से 3 या कभी कभी 4 बार भी जाना पड़ जाता है, जिससे हमारा पूरा दिन आने जाने में निकल जाता है। इसकी वजह से हमारे बहुत से अन्य काम भी प्रभावित होते हैं। यह कहना पिंगलों गांव की 17 वर्षीय गुंजन बिष्ट का, जो कक्षा 12 की छात्रा है। वह कहती है कि हमारे गांव के लड़के तो आसानी से शहर चले जाते हैं, लेकिन लड़कियों को घर से इतनी दूर भेजने के लिए अभिभावक राजी नहीं होते हैं। हमें छात्रवृत्ति फॉर्म भरने होते हैं वह भी कई बार छूट जाते है। कहने को हम डिजिटल युग में जी रहे हैं लेकिन जब हमें एक साधारण फॉर्म भरने के लिए भी 15 किमी दूर जाना पड़े, तो डिजिटल युग का सपना अधूरा लगता है। साथ ही यह प्रक्रिया न केवल समय और पैसे की बर्बादी है, बल्कि हमारी शिक्षा और आत्मनिर्भरता को भी बाधित करता है।


महिमा जोशी

यह सिर्फ एक अकेले गुंजन की कहानी नहीं है। दरअसल जब पूरी दुनिया डिजिटल तकनीक की ओर तेजी से बढ़ रही है, उत्तराखंड के कई गांवों की किशोरियां अब भी अपने सपनों को उड़ान देने के लिए कंप्यूटर जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। हालांकि डिजिटल साक्षरता हमारे दैनिक जीवन में बहुत अहम भूमिका अदा करता है। यह युवा पीढ़ी को न केवल सशक्त बनाता है बल्कि उन्हें किसी पर निर्भर होने से रोकता है। विशेषकर इससे किशोरियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और साथ ही साथ वह खुद को आत्मनिर्भर महसूस करती हैं। आज के समय में डिजिटल से जुड़े सभी कार्य किशोरियां भी स्वयं कर सकती हैं। अगर उन्हें डिजिटल साक्षरता का ज्ञान हो तो वह एडमिशन फॉर्म भरने से लेकर ऑनलाइन पैसे की आवाजाही जैसे सभी कार्य स्वयं कर सकती हैं। वर्तमान में भारत में 80 प्रतिशत से अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। उत्तराखंड में 50 प्रतिशत से अधिक सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन ऑनलाइन होते हैं, लेकिन पिंगलों गांव की 60 प्रतिशत किशोरियां कंप्यूटर साक्षरता के अभाव में अक्सर ऑनलाइन आवेदन से वंचित रह जाती हैं।

हरी भरी पहाड़ियों के बीच बसा उत्तराखंड के बागेश्वर जिले से 48 किमी और गरुड़ ब्लॉक से 16 किमी की दूरी पर बसे इस गांव की आबादी करीब 900 है। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार यहां 75 प्रतिशत लोग पढ़े लिखे है, हालांकि पुरुषों की तुलना में यहां महिलाओं की साक्षरता दर कम है। वहीं कंप्यूटर तक महिलाओं और किशोरियों की पहुंच दूर होने के पीछे सामाजिक और आर्थिक दोनों कारण होते हैं। इस संबंध में गांव की एक किशोरी 18 वर्षीय रितिका कहती है कि मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिसकी वजह से वह मुझे बार बार बागेश्वर के कंप्यूटर सेंटर तक जाने के लिए पैसे देने में सक्षम नहीं हैं। इस कारण से मैं फॉर्म अप्लाई नहीं कर पाती हूं। अगर गांव में ही कंप्यूटर सेंटर होता तो मेरे आने जाने का खर्चा बच जाता और मैं भी फॉर्म भर सकती।



गांव में कंप्यूटर सेंटर की सुविधा नहीं होने से अभिभावक भी चिंतित नज़र आते हैं। 41 वर्षीय सुषमा देवी कहती हैं कि हमारे पढ़े-लिखे बच्चे घर बैठे हैं। कहीं नौकरी का फार्म भी नहीं भर पाते हैं। आजकल सारे फॉर्म ऑनलाइन ही भरे जाते हैं। अगर वह फॉर्म भरना भी चाहें तो कंप्यूटर सेंटर दूर होने की वजह से उन्हें समय और इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाती है और आवेदन भरने की अंतिम तिथि भी कई बार निकल जाती है। कई बार परीक्षा की तारीख बदल जाती है उन्हें इसकी जानकारी भी नहीं होती है। वह कहती हैं कि आजकल बिजली और पानी का बिल भी ऑनलाइन भरने की सुविधा होती है। लेकिन हमें इसके लिए भी ऑफिस जाकर बिल भरना पड़ता है जो गांव से बहुत दूर है। अगर गांव में ही कंप्यूटर सेंटर की सुविधा उपलब्ध होती तो हमारे काम भी समय पर हो जाते और हमें दूर भी नहीं जाना पड़ता।

इस संबंध में पिंगलो गांव के ग्राम प्रधान पान सिंह भी स्वीकार करते हैं कि गांव में कंप्यूटर सेंटर का न होना एक समस्या है। यह युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में बहुत बड़ी बाधा है। इसके कारण सबसे अधिक गांव की किशोरियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार वह चाह कर भी नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाती हैं। परिवारों की स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें बाहर फार्म भरने या कंप्यूटर सीखने भेज सकें क्योंकि पिंगलो से गरुड़ ब्लॉक जाने और आने में 160 रुपए लगते हैं। जो आर्थिक रूप से कमज़ोर इस गांव के लोगों के लिए मुमकिन नहीं है। वह कहते हैं कि यदि हमारे गांव में कोई संस्था कंप्यूटर सेंटर खोलना चाहेगी तो पंचायत की ओर से पूरा सहयोग रहेगा।

गांव की आशा कार्यकर्ता गोदावरी देवी कहती हैं कि वास्तव में हमारे गांव में कंप्यूटर सेंटर नहीं है जिसका प्रभाव किशोरियों के विकास पर पड़ रहा है। आत्मनिर्भर बनने के उनके सपने अधूरे रह जा रहे हैं और अवसरों की डोर हाथ से फिसल जा रही है। वह सलाह देते हुए कहती हैं कि यदि गांव में कंप्यूटर सेंटर खुलता है तो किशोरियां अपनी पढ़ाई के साथ साथ बचे हुए समय का सदुपयोग करते हुए कंप्यूटर सीख सकती हैं। इसका उदाहरण देते हुए गोदावरी देवी कहती हैं कि हाई स्कूल और 12वीं के पेपर होने के बाद किशोरियों के पास 3 महीने का समय होता है। उन दिनों में वह परीक्षाफल का इंतज़ार कर रही होती हैं। ऐसे में यदि गांव में कंप्यूटर सेंटर होता तो यह किशोरियां इन तीन महीनों का उपयोग इस महत्वपूर्ण तकनीक को सीखने में लगा सकती हैं।

इस संबंध में गांव की सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी कहती हैं कि 12वीं के बाद भी सरकारी और निजी सेक्टरों में नौकरी के द्वार खुल जाते हैं। लेकिन इन सभी नौकरियों में आवेदकों से कंप्यूटर की जानकारी अनिवार्य रूप से मांगी जाती है। ऐसे में कंप्यूटर तक किशोरियों की पहुंच नहीं होने के कारण वह इसमें दक्ष नहीं हो पाती हैं। इसके अतिरिक्त कई बार वह नौकरी के लिए यदि आवेदन भी करना चाहें तो इसके लिए उन्हें गरुड़ जाना पड़ता है क्योंकि अब सभी कार्य ऑनलाइन हो गए हैं। वह कहती हैं कि सरकार की डिजिटलीकरण योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में CSC (कॉमन सर्विस सेंटर) खोलने का लक्ष्य है। ऐसे में पिंगलो गांव इसका लाभार्थी बन सकता है।

# दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुआ समापन देवारा सगड़ी रहा प्रथम

अवधनामा संवाददाता



■ हार के बाद निराश न होकर पुनः जीत की कोशिश करनी चाहिए

**आजमगढ़।** दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने जो बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। खेल में खेल भावना का विशेष ध्यान देना चाहिए। जीतने के लिए पूरी ताकत लगानी चाहिए लेकिन हार के बाद निराश न होकर पुनः जीत की कोशिश करनी चाहिए। खेल हमारे जीवन मे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत आवश्यक है एवं खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है।

उक्त बातें मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश सिंह ने बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर शनिवार को स्थानीय सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में कही। अंको के आधार पर चली दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे तहसील बुढ़नपुर प्रथम, तहसील निजामाबाद द्वितीय तथा फूलपुर तहसील तृतीय स्थान पर रही।जूनियर स्तर पी टी बालिका में पूर्व माध्यमिक विद्यालय महाजी देवारा सगड़ी प्रथम तथा कंपोजिट विद्यालय निजामाबाद द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पी टी बालिका प्राथमिक स्तर में सगड़ी प्रथम तथा सादर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर 600 मीटर बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिटौरा पवई के दिव्यांशु ने प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरवपुर कोयलसा के अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर 600 मीटर बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय भोपालपुर मेंहनगर की हेमा चौहान ने प्रथम तथा कंपोजिट विद्यालय गौसपुर निजामाबाद की रिया की ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय सुरजनपुर, मुहम्मदपुर, निजामाबाद प्रथम तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमिली सठियांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर बालिका वर्ग गोला क्षेपण की प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय गौसपुर मिर्जापुर की यशी ने प्रथम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अमिलो सठियांव की सुगंधा राजभर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर स्तर बालक वर्ग गोला क्षेपण प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोलहा जमुआ, बिलरियागंज के शिवम यादव ने प्रथम तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय पासीपुर, बूढ़नपुर के आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर बालक वर्ग चक्र क्षेपण की प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरव पुर के शादाब ने प्रथम तथा कंपोजिट विद्यालय अम्बारी पवई के सचिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## इंद्रनील घोष मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रयागराज के फुटबॉल प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय खेल प्रबंधक इंद्रनील घोष को खेल के छेत्र में असाधारण योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। आई पी ए सी के निदेशक रितेश कुकरेजा ने इंद्रनील को मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान किया। माता मीरा एवं पिता जयंत कुमार घोष के सुपुत्र इंद्रनील घोष को हाल ही में पेफी राष्ट्रीय अवार्ड 2024 एवं चेतन चौहान राष्ट्रीय अवार्ड 2023 से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा प्रशिक्षक के तौर पर कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है। साथ ही इंद्रनील ने अपने प्रशिक्षण एवं दिशा निर्देश में सर्वप्रथम 2009-10 में इलाहाबाद विश्विद्यालय महिला फुटबॉल टीम 2012 -13 में प्रथम हिमाचल प्रदेश जूनियर बालिका फुटबॉल टीम एवं 2019 -20 में प्रथम आर्मी पब्लिक स्कूल नई कैंट की बालिका फुटबॉल टीम बनायीं।

# हम सभी को केवल हिन्दू बनना ही पड़ेगा : भाटिया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अ.भा. ब्रह्म समाज व सनातन महासभा द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर श्रंगार नगर में शनिवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जन आक्रोश सभा व मंदिर से संत निरंकारी भवन तक जागरूकता यात्रा निकाली गयी। यात्रा में तरह तरह की तख्तियों, झंडे, बैनर के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, बंग्लादेश मुर्दाबाद, बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे, सनातन धर्म की जय जैसे नारे लगाते हुए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यात्रा से पूर्व चिल्ड्रन पार्क में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जाति-पाति की सोंच से ऊपर उठकर हम सभी को केवल हिन्दू बनना ही पड़ेगा। स्थानीय सभासद गिरीश मिश्र ने कहा कि बंटना नही है और एक रहेंगे तो ही सुरक्षित रहेंगे। सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एक स्वर में आवाज बुलंद करनी होगी ! कार्यक्रम का सफल संयोजन व संचालन करते हुए ब्रह्म समाज के महामंत्री देवेंद्र शुक्ल ने कहा कि जो बीज बांग्लादेश के रूप में लचर तरीके से तत्कालीन सरकार द्वारा बोया गया, वो आज भारत को नुकसान कर रहा है। सनातन धर्म मंदिर चन्द्र नगर के अध्यक्ष रमेश बेरी ने संयुक्त राष्ट संघ से सेना भेजने का आह्वान किया। हरसरन लाल गुप्ता ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत सरकार से निवेदन के साथ कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मान सिंह ने बंग्लादेश पर कार्यवाही के साथ हिंदुओ को भारत वापसी की वकालत की। गोपी पाठक और अजय तिवारी ने सेना के माध्यम से कार्यवाही करने पर जोर दिया। ब्रह्म समाज के अध्यक्ष कोमल द्विवेदी एवं समाजसेवी रामरूप यादव ने कहा कि हम लोग सब मिलकर मोहल्ला स्तर पर लोगों को जागरूक करे।

# जुगलबंदी कार्यक्रम में कुसुम के गीतों पर कुमुद ने उकेरे लोक चित्र



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के अंतर्गत लोकरंग फाउण्डेशन की ओर से शनिवार 7 दिसम्बर को अकादमी के वाल्मीकि ऑडिटोरियम में जुगलबंदी का यादगार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें लोकप्रिय गायिका कुसुम वर्मा ने जहां एक से बढ़कर एक पारंपरिक लोकगीत सुनाए वहीं उन गीतों पर आधारित प्रचलित लोक चित्रकारी डॉ. कुमुद सिंह ने की। उत्तर प्रदेश की थाती की धरातल पर कंठस्वरों और कूची की यह जुगलबंदी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर गई। इस अवसर पर महावर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने न केवल पैरों में आलता लगाकर प्रतिभाग किया बल्कि महावर से सम्बंधित दिलचस्प जानकारियां भी दी। सभी विजेताओं को इस समारोह के अंत में पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसआर ग्रुप के चेयरमैन और सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि के रूप में दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्रा को आमंत्रित किया गया था।

## अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी न होने से नाराज वकील सीएम से मिलने पर अड़े

**प्रयागराज।** अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला हत्याकांड के मुख्य आरोपी अतुल प्रताप सिंह की गिरफ्तारी न होने के विरोध में म्योहाल चौराहे वकीलों ने प्रदर्शन किया। अधिवक्ता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला रोककर पत्रक देने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी भी की।

वकीलों के प्रदर्शन के चलते पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। मौके पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर ने जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर वकीलों का गुस्सा शांत कराया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन ग्राउंड पर उतरने के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता मेयो हाल स्थित महाराणा प्रताप चौराहे पर पहुंच गए। इसी रास्ते से सीएम योगी का काफिला गुजरने के चलते पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की हत्या के कई दिनों बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर है।

# पांच वर्षीय अनुरक्षण के विरोध में ठेकेदार कार्य बहिष्कार जारी



■ ठेकेदारों ने प्रदेश सरकार को चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पांच वर्षीय अनुरक्षण के विरोध में ठेकेदार कार्य बहिष्कार पर चल रहे है। जिसको लेकर शनिवार को पीडब्ल्यूडी के प्रांगण में ओम कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में ठेकेदारों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ राय ने कहा कि पांच वर्षीय अनुरक्षण के विरोध में हम ठेकेदार पिछले 19 नवंबर से धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार पर है लेकिन सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगी हैं। सरकार जब तक हमारी मांगों को नहीं पूरा करेगी तब तक हम ठेकेदार टेंडर का विरोध करेंगे। जिसके क्रम में हम ठेकेदारों का कार्य बहिष्कार धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा कि जब तक सरकार पांच वर्षीय अनुरक्षण को वापस नहीं कर लेती। जरूरत पड़ी तो हम ठेकेदार इस धरने को व्यापक रूप से विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपने का काम करेंगे। इस दौरान कुमुद रंजन पाठक, जय प्रकाश नारायण सिंह, सुभाष यादव, संजय सिंह, राजेश कुमार राय, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, नागेन्द्र प्रताप सिंह, संतविजय यादव, चंद्रजीत यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा तिवारी, हिमांशु तिवारी, सियाराम उपाध्याय, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अबुल फैज अहमद, कैलाश राय, शिवमंगल सिंह, रामनवल सिंह, विनोद कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, शिव बचन यादव सहित अन्य ठेकेदार मौजूद रहे।

# आप ने लगाये लोक निर्माण विभाग पर गंम्भिर आरोप



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** दिन शनिवार को प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव की गरिमामय उपस्थिति में जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव की अध्यक्षता में हुसैनगंज से मखदुमपुर अधूरी सड़क निर्माण को लेकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग आजमगढ़ में गजब का खेल चल रहा है अधूरी पड़ी रोड का भुगतान कर दिया गया लेकिन रोड पूरी नहीं बनाई गई जिसमें स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मीडिया प्रभारी पूर्वांचल प्रांत सुनील यादव ने कहा कि अधूरी सड़क निर्माण की वजह से एम एम पब्लिक स्कूल के बच्चे जिस प्रकार से बरसात के मौसम में पानी के अंदर से गुजरना पड़ता है उसको देखकर लगता है पी डब्लू डी के अधिकारियों के पास बच्चे नहीं है बच्चे होते तो अधूरी सड़क निर्माण नहीं करते दुर्भाग्य ये है कि इस तरह का कार्य उच्च अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है अधूरी सड़क निर्माण कराकर पूरी सड़क निर्माण का भुगतान करा लिया जा रहा है जिलाधिकारी महोदय से निवेदन है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही प्रगति का आधार

## चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्टूडेन्ट क्वालिटी सर्किल सम्मेलन सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय स्टूडेन्ट्स क्वालिटी सर्किल सम्मेलन (आई.सी.एस.क्यू.सी.-2024) के चौथे व अन्तिम दिन आज विभिन्न देशों से पधारे क्वालिटी गुरुओं ने एक स्वर से कहा कि मानव जाति की बेहतरी शिक्षा में क्वालिटी विचारधारा द्वारा ही संभव है। सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे आई.सी.एस.क्यू.सी.-2024 का चौथा दिन आज काफी दिलचस्प रहा तथापि विश्वविख्यात क्वालिटी विशषज्ञों ने अपने सारगर्भित उद्बोधनों से गागर में सागर उड़ेल दिया। उन्होंने अपने अनुभवों को बच्चों के सामने रखकर उन्हें क्वालिटी विचारधारा को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन के अन्तिम दिन आज विभिन्न देशों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने 'क्वालिटी क्विज' प्रतियोगिता में जोरदारी भागीदारी कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया।

आई.सी.एस.क्यू.सी.-2024 के चौथे व अन्तिम दिन परिचर्चा का शुभारम्भ आज श्रीलंका से पधारे श्री चमारा बमुनुराची, एजूकेशन सेक्रेटरी, सब्रगामुआ राज्य, श्रीलंका, के सारगर्भित संभाषण से हुआ। श्री बमुनुराची ने कहा कि सी.एम.एस. भावी पीढ़ी में क्वालिटी की भावना का विकास कर उन्हें सही राह दिखा रहा है। चर्चा में भाग लेते हुए इंग्लैण्ड से पधारे डा. डेविड हचिन्स, प्रिन्सिपल, डेविड हचिन्स इण्टरनेशनल क्वालिटी कालेज, ने कहा कि अभ्यास से ही सफलता मिलती है। अपनी गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए निरन्तर अभ्यास व प्रयास करते रहें। हैदराबाद से पधारे प्रो. विक्रमादित्य दुग्गल, सी.ई.ओ., अभिव्यक्ति - द एक्सप्रेशन ने 'इम्पॉवरिंग स्टूडेन्ट्स फॉर एचीविंग ऑल राउण्ड एक्सीलेन्स' विषय पर कीनोट एड्रेस देते हुए छात्रों से कहा कि एक्सीलेन्स मंजिल नहीं है अपितु यह एक यात्रा है। वास्तव में, एक्सीलेन्स स्वयं को पहचानने की एक अद्भुद यात्रा है।

# 'पीपीपी मॉडल कैबिनेट में न पास किया जाए'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संविधान दिवस के दिन पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन के साथ अध्यक्ष पावर कॉरपोरेशन की उपस्थिति में दो पक्षियों वार्ता में यह आश्वासन संगठन को दिया गया था कि जो भी आरएफपी तैयार होगी उस पर आप सभी की राय ली जाएगी और पूरा मसौदा सार्वजनिक किया जाएगा बडे दुर्भाग्य के साथ कहना पड रहा है की पावर कारपोरेशन ने पूरा मसौदा बोर्ड आफ डायरेक्टर में पास करा कर गुपचुप तरीके से एनर्जी टास्क फोर्स में पास करा लिया और अब बहुत जल्दी कैबिनेट में पास कराया जाएगा मसौदे को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है मसौदे पर राय क्यों नहीं ली जा रही है इसका मतलब दो पक्षीय वार्ता केवल दिखावा थी। आरक्षण पर पावर कॉरपोरेशन की चुपी से या सिद्ध होता है की संवैधानिक हक पर कुठाराघात होने वाला है।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद ने अपने बयान में कहा की कैबिनेट में जो भी मसौदा भेजा जा रहा है उसे तत्काल सार्वजनिक किया जाए पूरे प्रदेश में दलित व पिछडों के मन मे आरक्षण को लेकर दुविधा बरकरार है लगातार पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की तरफ से अनेकों मुद्दों पर अपनी सफाई दी गई लेकिन आरक्षण पर से ऐसा साबित होता है कि दलित व पिछडों के आहम संवैधानिक मुद्दे से किसी को कोई लेना देना नहीं है प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से पावर ऑफिसर एसोसिएशन मांग करता है कि कैबिनेट में जो भी मसौदा जा रहा है उसे ना पास किया जाए क्योंकि उसमें आरक्षण के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ होने वाला है।

# सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए : मिस प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता



■ भाषा विवि में हुआ महिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ तथा दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर विकास तथा महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी उड़ान कार्यक्रम कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में महिला अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा तथा कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओ, कर्मचारियों तथा छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मासिक धर्म स्वच्छता की जागरूकता डॉ. इलियाना खातून द्वारा दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला चिकित्सक से संबंधित व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता तथा मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित प्रश्न पूछे तथा निदान प्राप्त किया। महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकसित भारत के सपने को तभी सरकार किया जा सकता है जब आधी आबादी जो महिलाओं की है वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगी और जीडीपी वृद्धि में अपना योगदान कर सकेगी। कार्यक्रम मे मिस प्रशंसा द्वारा छात्राओं को यह बताया गया की जीवन में आगे बढ़ने के लिए तथा शैक्षिक एवं व्यवसायिक विकास हेतु मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष महत्व रहता है। सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए जिससे उनमें मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित हो सके तथा वह अन्य महिलाओं को भी इसके लिए जागरुक कर सके। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ .भावना मिश्रा ने सभी छात्राओं को शारीरिक स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी, डॉ रामदास, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. हारून रशीद , डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ. मनीष कुमार तथा डॉ साइमा अलीम का विशेष योगदान रहा।

# मौसमगंज रामलीला के मुख्य द्वार के लिए हुआ शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** डालीगंज की 145 साल पुरानी मौसमगंज रामलीला समिति का मुख्य द्वार के निर्माण हेतु अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चौरसिया रज्जू भैया की अगुआई मे पीतांबरा पीठ दतिया के पुरोहित पण्डित राहुल व अन्य आचार्यो द्वारा शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। रज्जू भैया ने बताया कि द्वार की ऊंचाई 30 फीट और चौड़ाई 25 फीट होगी। इस मौके पर सुमित के डॉ लालता प्रसाद जायसवाल, तेज प्रकाश गुप्ता, भुलाने, आशीष प्रकाश, रवि चौरसिया, सुरेश श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# 'प्रौद्योगिकी राष्ट्रावाद को दिल से अपनाना ही होगा'

अवधनामा संवाददाता



■ डिग्री की अपेक्षा नए आइडिया का महत्व अधिक : प्रो. विनय

**लखनऊ।** सीएसजेएमयू कानपुर के वाइस चांसलर प्रो. विनय कुमार पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, वैश्विक पटल पर मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में चीन 17 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अव्वल है, जबकि भारत की हिस्सेदारी महज 03 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण है, भारत असेम्बलिंग पर ध्यान देता है। चीन की इस हिस्सेदारी में प्रौद्योगिकी राष्ट्रवाद की बड़ी भूमिका है। भारत को प्रौद्योगिकी राष्ट्रवाद को दिल से ही अपनाना होगा। डिग्री की अपेक्षा नए आइडिया का महत्व अधिक है। ताइवान का उदाहरण देते हुए बोले, ताइवान की कुल 28 यूनिवर्सिटीज़ सेमीकंडक्टर्स का उत्पाद कर रही हैं। यूनिवर्सिटीज़ को स्टुडेंट्स के आइडियाज़ को महत्व देना होगा। वैश्विक दौड़ में बने रहने के लिए समय के साथ बदलती हुई तकनीक से हमें अपडेट रहना होगा। अटल जी की कविता आओ फिर से दिया जलाएं को कोट करते हुए बोले, भारत के युवाओं को ट्रांसलेशनल रिसर्च और प्रोडक्ट को अपनाकर ही फिर से विश्व गुरू बनना होगा। प्रो. विनय बोले, बिना प्रोडक्ट के कोई भी देश नंबर वन नहीं हो सकता। यूनिवर्सिटीज़ को पेटेंट फाइलिंग और स्टार्टअप्स पर विशेष फोकस करने की दरकार है।

प्रो. पाठक तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी- सीसीएसआईटी की सिस्टम मॉडलिंग एंड एडवांसमेंट इन रिसर्च ट्रेंड्स- स्मार्ट-2024 पर दो दिनी 13वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में बोल रहे थे। इससे पूर्व प्रो. विनय कुमार पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में वेलिडेक्ट्री सेशन का शुभारम्भ किया। आईआईटी कानपुर के सलाहकार-2 प्रो. जे रामकुमार गेस्ट ऑफ ऑनर, वीसी प्रो. वीके जैन, जीजीएसआईपीयू, दिल्ली के डॉ. संजय के मलिक, कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर एवं टीएमयू के फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, सीसीएसआईटी के वाइस प्रिंसिपल एवम् कॉन्फ्रेंस चेयर प्रो. अशेन्द्र कुमार सक्सेना आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कॉन्फ्रेंस के कुल 20 तकनीकी सत्रों के 12 ट्रैक में देश-विदेश के शोधार्थियों ने कुल 153 रिसर्च पेपर्स प्रेजेंट किए। दूसरी ओर कल्चरल संध्या में सीसीएसआईटी के छात्रों ने कॉलेज लाइफ, हॉरर डांस, स्टेट डांस, रामायण डांस, मंगलाचरण, सिंगिंग आदि की प्रस्तुति देकर मेहमानों और अपनों का दिल जीत लिया।

स्मार्ट कॉन्फ्रेंस में सीएसजेएमयू कानपुर के वाइस चांसलर प्रो. विनय कुमार पाठक को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। फोर्ड मोटर्स, यूएसए के डेटा इंजीनियर डॉ. भुवनेश सिंह को वर्चुअली बेस्ट पीएचडी थिसिस अवार्ड में अव्वल रहे। टीएमयू के डॉ. नूपा राम चौहान और तुलाज इंस्टिट्यूट के डॉ. त्रिपुरेश जोशी को संयुक्त रूप से द्वितीय, जबकि एफओई की डॉ. अलका वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# नशा मुक्त भारत के तहत हुई पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नशा मुक्त भारत के तहत सुन्नी इण्टर कॉलेज में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे छात्र एवं छात्राओं ने चित्र व स्लोगन के माध्यम से नशे के खिलाफ अपने विचार प्रस्तुत किए थे। उसी सिलसिले में आज पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सुन्नी इंटर कॉलेज के सभी टीचर्स का योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरूआत नोडल अधिकारी इरशाद राही ने की। जिसमे मुख्य अतिथि संतोष कुमार आर्या प्रभारी निरीक्षक थाना बाज़ार खाला ने प्रथम पुरस्कार अपने हाथों से दिया। द्वितीय पुरस्कार कॉलेज के युवा मैनेजर एडवोकेट साद सिद्दीकी और तृतीय पुरस्कार प्रधानाचार्य शकील अहमद ने दिया। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी इरशाद राही, प्रधानाचार्य शकील अहमद, मैनेजर एडवोकेट साद सिद्दीकी, उपप्रधानाचार्य अनवर क़ादिर और प्रभारी निरीक्षक थाना बाजार खाला ने इस नशा मुक्त भारत कार्यक्रम में नशे के खिलाफ अपने-अपने विचार प्रकट किये और छात्रों और छात्राओं को यह संदेश दिया कि नशा एक अभिशाप है हमें इससे दूर रहना चाहिए।

# हरीराम राजपूत बने जिला बार एसोशियेशन अध्यक्ष

■ महामंत्री पद पर संतोष यादव व कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश गुप्ता विजयी घोषित



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला बार एसोशियेशन के वार्षिक चुनाव 2024-25 की अंतिम प्रक्रिया में कुल अधिवक्ता मतदाता सं. 533 के लिए सुबह 8.30 मतदान प्रारम्भ हुआ। दोपहर 2.30 तक कुल 492 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें से अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार नेमि कुमार जैन एड. को 135, राजेश कुमार देवलिया एड. को 150, सुभाषचंद्र जैन एड. को 52 व हरिराम राजपूत एड. को 155 मत प्राप्त हुऐ जिसमें सर्वाधिक मत हरीराम राजपूत एड.को प्राप्त हुये और वह अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किये गये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उम्मीदवार रतिराम कुशवाहा एड. को 277 व सुधीर श्रीवास्तव एड.को 211 मत प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक मत रतिराम कुशवाहा एड. को प्राप्त हुये और इन्हें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष दो पद पर उम्मीदवार अंतिम कुमार जैन एड. को 203, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड. को 315 व रामअवतार राय एड. को 198 मत प्राप्त हुये जिसमें से वरीयता क्रम में क्रमश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड. व अंतिम कुमार जैन एड. को सर्वाधिक मत प्राप्त हुये और इन्हें उपाध्यक्ष दो पद पर विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष एक पद पर उम्मीदवार अर्जुन कुशवाहा एड. को 63, कमलेश सिंह लोधी एड. को 119, गुरूवेन्द्र सिंह चैहान एड. को 129, धर्मेन्द्र कुमार एड. को 97 व पंकज शर्मा एड. को 75 मत प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक मत गुरूवेन्द्र सिंह चैहान एड. को प्राप्त हुये और इन्हें उपाध्यक्ष एक पद पर विजयी घोषित किया गया। महासचिव पद पर उम्मीदवार भगवत प्रसाद पाठक एड. को 53, संतोष सिंह यादव एड. को 223, शंभूदयाल शर्मा एड. 65 व हरीकृष्ण शुक्ला एड. को 147 मत प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक मत सन्तोष सिंह यादव एड. को प्राप्त हुये और इन्हें महासचिव पद पर विजयी घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर उम्मीदवार कमलेश कुमार गुप्ता एड. को 250, विवेक कुमार श्रीवास्तव एड. को 138, रामकुमार वैष्णों एड. को 99 मत प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक मत कमलेश कुमार गुप्ता एड. को प्राप्त हुये और इन्हें कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। सहसचिव प्रशासन पद पर अमित रिछारिया एड. व सहसचिव पुस्तकालय पद पर छोटलाल कुशवाहा एड. एवं सहसचिव प्रकाशन पद पर अखिलेश कुमार एड. निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्ष से अधिक) के पद पर उम्मीदवार कैलाश नारायण पुरोहित एड., देवेन्द्र कुमार शर्मा एड., प्रदीप कुमार अगरिया एड., रामगोपाल एड., वीरेश कुमार चौबे एड. व शेख सिकन्दर जुल्कर नैन एड. को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रशासनिक परिषद सदस्य (15 वर्ष से कम) में 6 पद के लिए उम्मीदवार अमित ग्वाला एड. को 267, लोकेश कुमार एड. को 187, प्रमोद कुमार नामदेव एड. को 293, प्रवेश कुमार शर्मा एड. को 222, प्रसन्न कुमार कौशिक एड. को 245, पुष्पेन्द्र गोस्वामी एड. को 269, प्रहलाद सिंह एड. को 221, रविकांत श्रीवास एड. को 262 व हरनाम सिंह कुशवाहा को 314 मत प्राप्त हुये जिसमें से वरीयता क्रम में हरनाम सिंह कुशवाहा एड., प्रमोद कुमार नामदेव एड., पुष्पेन्द्र गोस्वामी एड., अमित ग्वाला एड., रविकांत श्रीवास एड. व प्रसन्न कुमार कौषिक एड. को सर्वाधिक मत प्राप्त हुये और इन्हें प्रशासनिक परिषद सदस्य पद पर विजयी घोषित किया गया। इस प्रकार जिला बार एसोसिऐषन का वर्ष 2024-25 का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन एड. सदस्यगण लालसिंह ठाकुर एड., अशोक कुमार रिछारिया एड., जयकुमार चौधरी एड., प्रकाशचंद जैन एड. तथा मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाश नारायण देवलिया एड. एवं सहचुनाव अधिकारी पवन जायसवाल एड., अजय कुमार मिश्र एड., विपिन विहारी सक्सेना एड., जी.एम.हर्षे एड. व कैलाश नारायण एड. एवं अन्य सहयोगी अधिवक्ता मतदान अधिकारी के रूप उपस्थित रहे एवं सहयोग किया।

# डीएम के निर्देश पर असहाय बच्चों को स्कूल में मिला प्रवेश

■ अगले दिन ही बीएसए ने स्वयं जाकर विद्यालय में भरवारा बच्चो का नामांकन

■ ड्रेस, स्वेटर, बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी की डी.बी.टी. हेतु पोर्टल पर तत्काल रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम धौजरी में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम धौर्रा की नागरिक फूला देवी के द्वारा बताया गया कि उनकी पौत्र एवं पौत्रियों की पढ़ाई ग्राम के विद्यालय में नामांकन न होने से नहीं हो पा रही है एवं विद्यालय स्तर पर शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये, जिसके क्रम में बीएसए रणवीर सिंह द्वारा सुबह 11 बजे शिकायतकर्ता के घर पहुँचकर प्रकरण के बारे में पूरी जानकारी ली जिसमें याचीकर्ता फूला देवी के द्वारा बताया गया कि उसके तीन पौत्र एवं पौत्रियों हैं जिनके माता-पिता नहीं हैं और वह वृद्ध फूला देवी पर आश्रित हैं। फूला देवी ने बताया कि उनके पौत्र पौत्रियों का किसी भी विद्यालय में नामांकन नहीं होने के कारण पढाई-लिखाई एवं डीबीटी लाभ से वंचित हैं। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा त्वरित उनके बच्चों को अपनी गाड़ी में स्वयं बैठाकर कन्या प्राथमिक विद्यालय धौर्रा विकासखण्ड बिरधा में गये। जहाँ पर फूला देवी के पौत्र पौत्रियों जिनके नाम दीपक पुत्र दामोदर का कक्षा-04, मोनिका पुत्री हरीशंकर का कक्षा-02 में एवं मंजू पुत्री हरिशंकर कक्षा-01 में आउट ऑफ स्कूल में चिन्हाकन कर आयु संगत नांमांकन करवाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरधा एवं विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं को आदेशित किया गया कि उक्त सभी बच्चों की डी0बी0टी0 हेतु पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आज ही किया जाये। जिससे प्रति बच्चे की दर से डी.बी.टी. की 1,200 रुपये की धनराशि का लाभ मिल सके, जिससे सभी बच्चें ड्रेस, स्वेटर, बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी आदि का कय कर सकें। खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय स्टॉफ को आदेशित किया कि ग्राम का पुनः हाउस होल्ड सर्वे करते हुए ग्राम के समस्त शिक्षा से वंचित बच्चों का विद्यालय में अविलम्ब नामांकन करवायें।

# श्रीराम विवाह पंचमी पर निकाली गयी शोभायात्रा



■ मंदिर पर हुआ हवन पूजन का कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीहनुमान मंदिर कटरा बाजार समिति के तत्वाधान में श्रीराम विवाह पंचमी की शोभायात्रा धूमधाम से निकली गई। इस अवसर पर श्रीरामराजा मंदिर से राम बारात के रूप में शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप के रूप में सवार होकर गुरु विश्वामित्र के साथ चल रही थी। जिनका जगह-जगह तिलक लगाकर, माल अर्पण कर स्वागत सत्कार किया गया। शोभायात्रा रामराजा मंदिर आजाद चौक से सावरकर चौक, घंटाघर पानी की टंकी होते हुए महावीरपुरा, मदन मोहन महाराज के मंदिर में समापन हुआ। मंदिर कमेटी द्वारा टीका आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर बुंदेलखंडी मंगल गीत गा रही थी, जो एक आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम सा आनंद संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गोविंद नारायण व्यास, ओमप्रकाश किलेदार, शशिकांत दीक्षित, ध्रुव किलेदार, विवेक तिवारी, शिवनारायण, संध्या, कवि हृदय रविंद्र पाठक, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, रामनरेश दुबे, राकेश रजक, अजय जैन, रामदास श्रोती, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, रमेश सैन, कपिल तिवारी, भागवत नारायण शर्मा, रामगोपाल साहू, गिरीश पाठक, बृजेश चतुर्वेदी, बांके बिहारी चौरसिया, अनूप ताम्रकार, बाबूलाल तिवारी, शिवशंकर प्रेमी, शत्रुघ्न शुक्ला, हरविंदर सलूजा, बाबा काशीराम साहू, गौतमजी, विशाल पटेरिया, धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी, डा.अक्षय टडैया, प्रशांत तिवारी आदि उपस्थित रहे। अंत में सीओ सदर अभय नारायण राय एवं पुलिस बल का नगर पालिका परिषद की कर्मचारी व समस्त मीडिया बधु का आभार व्यक्त किया।

# पांच साल तक के बच्चों को पिलाएं दो बूंद जिंदगी की

■ राज्य सभा तेजवीर सिंह ने जनजागरूकता रैली का किया शुभारम्भ

■ छह दिन में पिलाई जाएगी लगभग पॉच लाख बच्चों को पोलियो ड्राप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में 8 दिसम्बर से होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो को सफल बनाने और आमजन को जागरूक करने के लिए शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सिविल लाइंस क्षेत्र में पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सीएमओ कार्यालय से प्रारम्भ होकर सदर तहसील, कलक्ट्रेट, पुलिस लाइन एवं राजीव भवन होकर निकाली गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि छः दिन तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में पहले दिन बूथ पर दिनांक 08.12.2024 और अन्य पॉच दिन घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोलियो की दवा पॉच वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों के लिये आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रोहिताश सिंह ने बताया कि जिले भर में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान से लगभग 4,92,844 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जनपद में अभियान के पहले दिन 1387 बूथों पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। डीआईओ ने बताया कि अभियान के आखिरी पॉच दिन घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। रैली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल डा. संजीव यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक कुमार, नोडल एनसीडी डा. अनुज चौधरी, नोडल अधिकारी एएनएमटीसी, डा1 स्वाती जाडिया, एन.यू.एच.एम. के नोडल अधिकारी डा. पियूष सोनी, डिप्टी सी.एम.ओ. डा. वी.डी. गौतम, डा. चित्रेश निर्मल, डिप्टी सीएमओ डा. भूदेव सिंह, डीएमओ आर.के. सिंह जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जितेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिहोरिया, डी.सी.पी.एम. पारूल शर्मा, आरसी अरविन्द शर्मा, डी.एम.सी. एसएम नेट यूनिसेफ पूनम यादव, एम.पी. सिंह, फोजिया खानम, भुवनेश्वर शर्मा यूएनडीपी, क्लस्टर कॉर्डिनेटर संजय यादव, राजेश कुमार आरआई डीईओ, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एएनएमटीसी की छात्रा एवं अन्य द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयत्न संस्था ने रूकवाई किशोरी की शादी

**सम्भल।** विकास खण्ड सम्भल क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की शादी होने की जानकारी प्रयत्न संस्था तक पहुंची तो एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्डर्न के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी गांव पहुंच गए। उन्होंने किशोरी के परिजनों को समझाया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। इसके बाद परिजन मान गए। दरअसल, गांव निवासी ग्रामीण ने अपनी बड़ी बेटी का विवाह कुछ माह पहले नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ तय किया था, लेकिन शादी से एक सप्ताह पहले ही युवती अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। इस पर ग्रामीण ने अपनी छोटी नाबालिग बेटी की शादी युवक के साथ करने की बात कही थी। किशोरी की शुक्रवार को बारात आनी थी। परिजन तैयारी में लगे थे मगर एन वक्त पर प्रयत्न संस्था द्वारा शादी को रुकबा दिया गया।

### सुलाह समझौता केंद्र की मीटिंग में दस परिवारो को मिलाया गया

**बहजोई (संभल)** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुई आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का भरपूर प्रयास किया गया यहां कुल 97 पत्रावली सुनकर तथा 10 परिवारों को मिलाया गया एवं पांच पत्रावली में विधि कार्यवाही करने की संतुष्टि की गई तथा 19 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर विधि परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट संगीता भार्गव कंचन माहेश्वरी श्वेता गुप्ता सीमा आर्य आदि लोग तथा उप निरीक्षक ओमप्रकाश एवं कांस्टेबल उषा रश्मि तथा शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने युवती को गोली मार कर खुद को भी मारी गोली

**संभल।** असमोली क्षेत्र हरथला मे युवक ने युवती को गोली मार कर खुद को भी गोली मारी जिससे युवक की मौत हो गयी जबकि युवती को नाजूक हालत मे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है सुचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी में जुटी है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला के करीब एक युवक ने युवती को गोली मार कर खुद को भी गोली मारी ली जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि घायल युवती को मुरादाबाद हायर सेंटर मे उपचार के लिए भेजा गया है युवक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सुचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी मौके पर पहुँचे है बताया जाता है कि मृतक युवक अमरोहा जनपद थाना देहात क्षेत्र के गाँव कडांपुर का रहने वाला है जबकि घायल युवती असमोली थाना क्षेत्र के गॉव हरथला की बतायी जा रही है पुलिस को घटना स्थल से अवैध तमंचा भी मिला है मौके पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर होगा स्वदेशी खेलो का आयोजन : अरविन्द

**मथुरा।** भारत ही नहीं विश्व के स्वदेशी खेलो को एक नया मंच देने के लिए गठित विश्व स्वदेशी खेल संघ के अंतर्गत जिला ओलम्पिक संघ के साथ ब्रजभूमि मथुरा मै स्वदेशी खेलो को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मा अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तरीय अंतर स्कूल स्वदेशी खेलो का आयोजन व पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान समारोह,भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद एवं जिला ओलम्पिक संघ मथुरा व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, ओवरसीज स्पोर्ट्स सेल के द्वारा 25 दिसंबर को रियल इंटरनेशनल स्कूल अड्डकी रोड पर किया जायेगा. इस प्रतियोगिता मैं खो खो, रस्सीकूद, योगा, रस्साकस्सी, सॉफ्ट क्रिकेट खेलो का आयोजन किया जायेगा। इन जिला स्वदेशी खेलो के आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र राजपूत जी महासचिव जिला ओलम्पिक संघ, आयोजन सचिव अरविन्द चित्तोड़िया अध्यक्ष भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद होंगे, जनपद के सभी स्कूलों से निवेदन है की अपने टीम स्वदेशी खेलो मै भेजे।

# पीएनबी आरसेटी ने ब्यूटी पार्लर मैनेजमेन्ट दिया प्रशिक्षण

**ललितपुर।** पीएनबी आरसेटी ने स्व-रोजगार से जोडने के लिए शासन की मंशा के अनुसार 31 बीपीएल महिलाओं को आरसेटी द्वारा ब्यूटी पार्लर मैनेजमेन्ट का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह पर पीएनबी आरसेटी निदेशक सतीश चन्द्र ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को सफल उद्यमी बनाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना ही आरसेटी की ट्रेनिंग का उद्देश्य हैं। कार्य शुरू करने में यदि बैंक सहयोग द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह सदा ही सभी के लिये तत्पर तैयार रहेगे। आज के आधुनिक युग में महिलायें ब्यूटी पार्लर कार्य कर अपनी आय में इजाफा कर अपना व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती है और यही एक सफल उद्यमी का उद्देश्य होना चाहिए। स्किल ट्रेनर निधि जैन ने सभी को प्रशिक्षण दिया। असेसर बी.बी. लाल व छतरपुर से सपना द्वारा उन सभी प्रशिक्षकों की सराहना की गयी। इस दौरान आकांक्षा खरे, रूपेन्द्र श्रीवास्तव, नन्दकिशोर, सुनील कुमार, राजीव रैकवार आदि मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल पर बैठे रमेश सैनी और लोकेश राही को नगर मजिस्ट्रेट ने जूस पिलाकर धरना समाप्त



■ जातिगतगणना और समान शिक्षा की मांग को लेकर दंडवत यात्रा की परमिशन के लिए मांगा एक सप्ताह का समय

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति मथुरा द्वारा जारी भूख हड़ताल के पांचवें दिन सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार देर शाम भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचे भूख हड़ताल पर बैठे रमेश सैनी, लुकेश कुमार राही का हाल जाना और वार्ता कर उन्होंने मथुरा से दिल्ली तक दण्डवत यात्रा की साशकीय अनुमति दिलाने का सात दिन समय मांगा और पुनः अनुमति के संबंध में पत्र देने को कहा तपश्चात तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को मथुरा से दिल्ली तक दंडवत यात्रा के लिए दिन सुनिश्चित किया गया और सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार द्वारा रमेश सैनी लुकेश कुमार राही को जूस पिलाकर भूख हड़ताल शासकीय अनुमति करने के आश्वासन पर स्थगित करवाई। साथ ही फाउंडेशन एवं समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मांग पूरी नही होने पर फिर से आन्दोलन करेंगे। भूख हड़ताल स्थल पर ही संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का 69 वां परिनिर्वाण दिवस मनाया फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही व समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी ने भूख हड़ताल में दिए गए सभी संगठनों, बुद्धजीवियों एवं समर्थकों का समर्थन और पत्रकार साथियों के मिले अतुलनीय सहयोग का आभार जताया व धन्यवाद व्यक्त किया साथ ही दण्डवत यात्रा को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान पवन चतुर्वेदी, उदयभान जाटव, अजय सनवाल, करण सनवाल, एड अरविंद कुमार,एड सौरभ सिंह, गौरव कुमार, आकाश बाबू, जितेंद्र कुमार, विवेक कुमार,कैलाश सैनी, कन्हैया लाल सैनी, नरेश चौधरी, संतोष सैनी, अजय कुमार, मुकेश सैनी, राजेश कुमार, राजू सर, नरेश सर,आकाश कुमार, डॉ अशोक सैनी, लाखन सिंह, सुमित कुमार, रोहन सिंह, डॉ अरुण कुमार, मोहन श्याम पाठक,सिद्धांत भाटिया, विक्रम शर्मा, कुणाल डागर, सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर होगा स्वदेशी खेलो का आयोजन

**मथुरा।** भारत ही नहीं विश्व के स्वदेशी खेलो को एक नया मंच देने के लिए गठित विश्व स्वदेशी खेल संघ के अंतर्गत जिला ओलम्पिक संघ के साथ ब्रजभूमि मथुरा मै स्वदेशी खेलो को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मा अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तरीय अंतर स्कूल स्वदेशी खेलो का आयोजन व पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान समारोह,भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद एवं जिला ओलम्पिक संघ मथुरा व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, ओवरसीज स्पोर्ट्स सेल के द्वारा 25 दिसंबर को रियल इंटरनेशनल स्कूल अड्डकी रोड पर किया जायेगा. इस प्रतियोगिता मैं खो खो, रस्सीकूद, योगा, रस्साकस्सी, सॉफ्ट क्रिकेट खेलो का आयोजन किया जायेगा। इन जिला स्वदेशी खेलो के आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र राजपूत जी महासचिव जिला ओलम्पिक संघ, आयोजन सचिव अरविन्द चित्तोड़िया अध्यक्ष भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद होंगे, जनपद के सभी स्कूलों से निवेदन है की अपने टीम स्वदेशी खेलो मै भेजे।

## कारागार में परिवर्तन कार्यक्रम के तहत बंदिओं को खेल के उपकरण दिए

**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में इण्डियन आयल की ओर से कारागारों में ''परिवर्तन'' कार्यक्रम के अर्न्तगत आई.ओ.सी. के कार्यकारी निदेशक उ.प्र. हेमन्त कुमार राठौर व मुख्य अतिथि शैलजा कान्त मिश्र, वाईस चेयरमैन उ.प्र. बृज तीर्थ विकास परिसद के द्वारा बन्दियों को खेलकूद से जोड़े जाने हेतु कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बृम्हदेव चतुर्वेदी ए.डी.जे. एवं मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट डा. उत्सव गौरव राज, आशा लता जी.एम. आई.ओ.सी.एल. उ.प्र. संजय भार्गव, मैनेजर फाईनेन्स आई.ओ.सी. एवं इन्डियन आयल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला कारागार मथुरा में 1 माह पूर्व से इन्डियन आयल के द्वारा क्रिकेट, बॉलीबाल, बैडमिन्टन, टेबल-टेनिस आदि खेल प्रारम्भ कराया गया। आई.ओ.सी. के द्वारा उक्त खेलों के प्रशिक्षण हेतु 1 माह के लिए कोच भी उपलब्ध कराये गये है। जब से कारागार में ये खेलकूद प्रारम्भ हुए है तब से उनमें खेलकूद को लेकर बहुत उत्साह है तथा बन्दियों में एक अलग तरह का परिवर्तन हुआ है।

# जिलाधिकारी ने गुन्नौर के पीएम विधालय फतेहपुर का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

**बहजोई (संभल)** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विकासखंड गुन्नौर के पीएम श्री विद्यालय फतेहपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चैक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय के निर्माण कार्य की गति को बढ़ाया जाए 31 दिसंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के चार शिक्षकों को विकासखंड असमोली स्थित पीएम श्री विद्यालय इटायला माफी का विजिट कराए तथा वहां की व्यवस्थाओं को देखें। जिलाधिकारी ने साइंस लैब का भी स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मैदान में ओपन थिएटर का निर्माण कराया जाए एवं हैज, घास आदि को भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने पीएम श्री पथ को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विकासखंड गुन्नौर के पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पीएम श्री पथ को देखा एवं उसकी सराहना की जिलाधिकारी ने होलिका दहन चौक को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देशित किया और ग्रामीणों से वार्ता की बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय में भेजने के लिए जागरूक किया एवं पीएम श्री पथ को स्वच्छ रखने के लिए भी अपील की।जिलाधिकारी ने विद्यालय के निर्माण कार्य की व्यवस्थाओं एवं गुणवत्ता को चैक किया। उन्होंने विद्यालय की खिड़कियों को बदलवाने एवं झूले लगवाने तथा एस्ट्रोनॉमी लैब तथा सीसीटीवी कैमरा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देशित किया। स्थानीय ग्रामीणों की शैक्षणिक गुणवत्ता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए। जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर की वेबसाइट का अनावरण किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस महेश कुमार, खंड विकास अधिकारी गुन्नौर नरेश पाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएसए कॉलेज मथुरा के विधि विद्यार्थियों का लीगल टूर

**मथुरा।** शहर के प्रतिष्ठित बीएसए कॉलेज के विधि (लॉ) के छात्र-छात्राओं ने आज एक विशेष लीगल टूर के तहत सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन का दौरा किया। यह टूर प्राचार्य प्रो. ललित मोहन शर्मा की पहल पर विधि विद्यार्थियों के कौशल विकास के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर से इस अध्ययन दौरे को प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन शर्मा, डॉ बीपी राय और भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवीश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुप्रीम कोर्ट में विद्यार्थियों ने न्यायिक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर पाया और कानूनी विशेषज्ञों से बातचीत की। इसके बाद राष्ट्रपति भवन का भ्रमण कर उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की प्रशासनिक संरचना के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य प्रो. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक दौरों से विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है और उन्हें अपने करियर में बेहतर दिशा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा और सीखने की लगन की सराहना की। यह दौरा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

# रौनक उपमन्यु ने किया ब्रज का नाम दुनिया में रोशन

■ जीएलए संस्थान के लॉ स्टूडेंट है रौनक

■ रौनक देश के पहले छात्र जिन्होंने इतने पुरस्कार और प्रतियोगिताएं जीती


■ देश के नामी संस्थानों में 205 प्रथम प्राइज की टॉफी जीतकर किया बृज का नाम



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय संस्थान में लॉ स्टूडेंट श्री रौनक उपमन्यु ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालय, आईआईटी आईआईएम और नामी कॉलेजो में यूएन कमेटी,छात्र संसद और एमयूएन के सुप्रीम आयोजनों में अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन कर 205 फर्स्ट प्राइज एवं सेकंड और थर्ड मिलाकर के उन्होंने कुल 232 ट्राफियां अर्जित कर अपने जीएलए विश्वविद्यालय संस्थान और ब्रज का नाम रोशन किया है। श्री रौनक उपमन्यु ने यू एन कमेटी छात्र सांसद एवं एम यू एन की सर्वाधिक प्रतियोगिताएं जीतने वाले देश के पहले छात्र बने हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड अर्जित किया है। श्री उपमन्यु ने पहले 100 फ़िर 150 और 200 प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर देश के पहले होनहार छात्र बने हैं। श्री रौनक उपमन्यु शुरू से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। वह जब सेंड डोमिनिक स्कूल में कक्षा सात के छात्र थे तो उन्होंने सिल्वर जोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित जी के ओलंपियाड प्रतियोगिता में 14 देश के कक्षा 1 से 12 तक के एक करोड़ आठ लाख छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। सातसो विख्यात स्कूलों में 90 हजार शिक्षकों ने यह प्रतियोगिता संपन्न कराई थी। जिसमें रौनक ने अपनी कक्षा के सभी स्कूलों के छात्रों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एक से 12 तक के एक करोड़ आठ लाख छात्र-छात्राओं में 418 वीं रैंक हासिल की थी। रौनक उपमन्यु ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात कॉलेज हंसराज, श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स, सेंट स्टीफन, कॉलेज हिंदू कॉलेज, लेडीज श्रीराम कॉलेज, जानकी देवी कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज श्यामलाल कॉलेज एवं टाइम्स आफ इंडिया की नोएडा स्थित बेनेट यूनिवर्सिटी आदि में बीएचयू में दो बार रूड़की, कानपुर आई आई टी एवं गोवा पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर हिमाचल हरियाणा पंजाब आंध्र प्रदेश तमिलनाडु झारखंड असम त्रिपुरा एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयो में एवं आईआईएम और आईआईटी संस्थानों तथा देश के नामी कॉलेजो में आयोजित यू एन कमेटी, छात्र संसद एवं एम यू एन प्रतियोगिताओं में 205 बार प्रथम स्थान किया है जबकि सेकंड और थर्ड प्राइज ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिलाकर के रौनक उपमन्यु ने अब तक 232 प्राइज प्राप्त कर ब्रज का नाम रोशन किया है। श्री रौनक उपमन्यु की विलक्षण प्रतिभा, एवं छात्र संसद एवं एम यू एन के प्रखर अनुभव को देखकर अनेकों संस्थाओं में आयोजित 168 युवा संसद एवं एम यू एन प्रतियोगिता उन्हें जज के रूप में भी पीठासीन किया। बीएचयू में प्रथम प्राप्त स्थान प्राप्त करने पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शरीक हुए देश के नामी नेता सांसद श्री सुब्रमण्यम स्वामी एवं दिल्ली में राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी एवं पहले कांग्रेस प्रवक्ता अब भाजपा के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व मानव संसाधन मंत्री रमेश पोखरियाल एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने प्रथम प्राइज ट्रॉफी देकर भूरी भूरी प्रशंसा कर चुके हैं।

# भुनी हुई हल्दी से दूर होगा शरीर का कालापन, बॉडी पर आएगा गजब का ग्लो



गर्मियां भले ही चली गई हों, लेकिन इस दौरान होने वाली टैनिंग का जाना मुश्किल होता है। खासकर जब यह टैनिंग हाथ, गर्दन या पीठ पर हो। इसलिए आज हम आपको एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपके शरीर का सारा कालापन गायब हो जाएगा। साथ ही आपकी बॉडी में ग्लो आएगा। हल्दी न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य बल्कि हमारी स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। ऐसे में अगर आप हमारे बताए अनुसार हल्दी का इस्तेमाल करते हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि शरीर की टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भुनी हुई हल्दी से टैनिंग रिमूवल पैक बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

***स्किन के लिए लाभकारी है हल्दी***

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि हमारी सेहत के साथ-साथ स्किन के लिए भी हल्दी काफी फायदेमंद होती है। हल्दी में एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल और एक्सफोलिएंट गुण पाए जाते हैं। दो हमारी त्वचा पर निकलने वाले मुहांसों को पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारने में सहायक होता है और पस जमने से रोकता है। साथ ही हल्दी चेहरे पर निखार लाने का भी काम करता है। तो आइए जानते हैं कि आप हल्दी को टैनिंग हटाने के लिए किस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

***पैक की सामग्री***

*हल्दी- 2 चम्मच*

*कॉफी- 1 चम्मच*

*शहद- 1 चम्मच*

कच्चा दूध- जरूरत अनुसार?

नोट- आप चाहें तो इस पैक में नींबू का रस भी मिला सकते हैं। हालांकि इसको अप्लाई करने से पहले पैट टेस्ट करना न भूलें।

***ऐसे तैयार करें टैनिंग रिमूवल पैक***

सबसे पहले हल्की आंच में तवा गर्म करें। फिर इस पर दो चम्मच हल्दी डालकर अच्छे से भूनें।

हल्दी को आपको तब तक भूनना है, जब तक इसका रंग ब्राउन न हो जाए।

भुनी हुई हल्दी में को एक कटोरी में निकालकर उसमें शहद, कॉफी और कच्चा दूध डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

अब इस पैक को अपने शरीर पर के काले और टैनिंग वाले हिस्से पर अप्लाई करें।

इसके बाद इस पैक को 10-15 मिनट तक सूखने के लिए रख दें।

फिर समय पूरा होने के बाद हैंड वॉश कर लें।

इससे आपके शरीर का कालापन दूर होगा और शरीर का हर अंग खिल उठेगा।

अगर आप सप्ताह में एक या दो बार इसका इस्तेमाल करें।

# ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए हॉट चॉकलेट की इन रेसिपीज को घर में बनाएं

ठंड के मौसम में कंबल में सोते रहना सभी को अच्छा लगता है इसके साथ ही हॉट चॉकलेट का मग मिल जाए तो और भी आनंद आ जाता है। हॉट चॉकलेट गाढ़ा और मीठा डेजर्ट बेवरेज है जो गर्माहट प्रदान करने के साथ-साथ चॉकलेटी स्वाद से मन को खुश कर सकते हैं। आप हॉट चॉकलेट के कई फ्लेवर ट्राई कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसी रेसिपीज बताएंगे जिनका आप आसानी से बना सकते हैं और स्वाद भी लाजवाब हो।

***क्लासिक क्रीमी हॉट चॉकलेट सामग्री***

-2 कप मिल्क

-2 चम्मच बिना चीनी वाला कोको पाउडर

-2 चम्मच चीनी

-1/4 चम्मच वनिला एक्सट्रैक्ट

-टॉपिंग के लिए व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो

***इसे बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप सॉस पैन में मीडियम आंच पर दूध गर्म करें। ध्यान रहे कि दूध को उबालना नहीं है।

- इसमें कोको पाउडर और चीनी डालें। इसके साथ ही चीजों को अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।

- सभी चीजें अच्छे से घुल जानी चाहिए।

- वनिला एक्सट्रैक्ट डालकर मिक्स करें। दूध को अच्छे से पकने दें।

- फिर आप मग में गर्मागर्म डेजर्ट बेवरेज डालें और ऊपर से व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो डालकर सर्व करें।

***पेपरमिंट हॉट चॉकलेट सामग्री***

-2 कप दूध

-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर

-2 बड़ा चम्मच चीनी



-1/2 छोटा चम्मच पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट

-गार्निश के लिए क्रश की हुई कैंडी केन

***बनाने का तरीका***

- दूध को गर्म कर लें, ध्यान रहे उबालना नहीं है।

- दूध पकने पर उसमें कोको पाउडर और चीनी मिला लें।

- फिर आप पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट डालें। ध्यान रखें कि इसे पहले कम मात्रा में डालें। नहीं तो आपकी हॉट चॉकलेट कड़वी हो जाएगी।

***मैक्सिकन हॉट चॉकलेट सामग्री***

-2 कप दूध

-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर

-2 बड़ा चम्मच चीनी

-1/2 छोटा चम्मच दालचीनी

-एक चुटकी लाल मिर्च

***बनाने का तरीका***

- जैसे ऊपर बताया कि दूध को गर्म कर लें।

- अब इसमें कोको पाउडर, दालचीनी और लाल मिर्च डालकर फेंटें।

- इसमें एकदम स्मूथ होने तक मिक्स करें। सर्विंग मग में डालें और दालचीनी के टुकड़े डालें।

***व्हाइट चॉकलेट रास्पबेरी हॉट चॉकलेट सामग्री***

-2 कप दूध

-1/2 कप व्हाइट चॉकलेट चिप्स

-2 बड़े चम्मच रास्पबेरी सिरप

-सजावट के लिए ताजी रास्पबेरी

***बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप दूध गर्म कर लें। इसके बाद इसमें व्हाइट चॉकलेट चिप्स को धीमी आंच पर पिघलाएं।

- जब व्हाइट चॉकलेट पिघल जाएं, तो इसमें रास्पबेरी सिरप मिलाएं।

- इसे मग में डालकर ऊपर से फ्रेश रास्पबेरी से सजाकर इसका मजा लें।

# इस साल इन फेमस डिशेज ने जीता लोगों का दिल, आप भी करें ट्राई

हर साल हमने फूड ट्रेंड्स को बदलते देखा है। अक्सर नई-नई रेसिपीज हमें लुभाती हैं। तो वहीं कई बार पुरानी रेसिपीज के फ्यूजन भी कमाल के होते हैं। ठीक इसी तरह साल 2024 में पाक कला की दुनिया ने पारंपरिक स्वाद और फ्यूजन व्यंजनों का एक बेहद रोमांचक मिश्रण देखने को मिला। कुछ डिशेज टॉप पर रहीं, तो कुछ फूड्स बेहद पॉपुलर हुए। अब नए साल में फूड इंडस्ट्री हम सभी को कैसे सरप्राइज करती है, यह देखना काफी दिलचस्प होगा। अगर आप भी हर बार कुछ नया खाना ट्राई करना पसंद करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस साल के पॉपुलर फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

***वड़ा पाव***

वड़ा पाव महाराष्ट्र की शान है। इसको शुरू करने वाले इंसान ने क्या कभी सोचा होगा कि एक दिन यह डिश ग्लोबली पसंद की जाएगी। महाराष्ट्र की इस फेमस डिश ने अपनी पहचान टेस्ट एटलस की लिस्ट में भी शामिल की थी। मार्च में जारी बेस्ट सैंडविच की टॉप 20 लिस्ट में वड़ा पाव को 19वां रैंक मिला था।आस-पास के सबसे अच्छे रेस्टोरेंट

***बटर चिकन बाओ***

बटर चिकन बाओ ने लोगों को काफी इंप्रेस किया। चीनी बाओ और भारतीय बटर चिकन की यह जुगलबंदी लोगों को खूब पसंद आई। साल 2024 में इस डिश को आपने भी कई मेन्यू लिस्ट में देखा होगा। मलाईदार मसालेदार चिकन को फूले हुए बाओ बन्स भरने के बाद जो कॉम्बिनेशन बनकर तैयार हुआ वह हिट रहा। दही और मसालों में मैरीनेट चिकन को टमाटर और काजू वाली ग्रेवी को पकाकर मीठे स्टीम्ड बाओ बन्स में भरकर परोसा जाता है।

***मलाई कुल्फी आइसक्रीम सैंडविच***

कुल्फी और आइस्क्रीम दो अलग-अलग चीजें हैं। तो वहीं सैंडविच एक स्नैक है। लेकिन क्या किसी ने सोचा था कि इस सब चीजों को मिलाकर नई डिश बनाई जा सकती है। पिछले कुछ महीनों में इस फ्यूजन ने बड़ा बज क्रिएट किया। लोगों को यह एक्सपेरिमेंट काफी पसंद आया। तो कुछ ने इसे बकवास भी बताया। वॉफल सैंडविच के साथ पारंपरिक मलाई कुल्फी को मॉर्डन डेजर्ट में बदला गया। वॉफल के बीच मलाई कुल्फी के स्लाइस और ऊपर से चॉकलेट सिरप डालकर इसको सर्व किया जाता है।



***मैंगो लस्सी***

जुलाई महीने टेस्ट एटलस ने फिर से बेस्ट और वर्ल्ड फूड की लिस्ट जारी की थी। जिसमें मैंगो लस्सी ने पहला स्थान पाया था। भारतीय लोगों को आम तो बहुत पसंद है। साथ ही गर्मियों में धूप से राहत देने वाली लस्सी भी समर ड्रिंक में टॉप पर है। दोनों के कॉम्बिनेशन का स्वाद लोगों को पसंद आता है। यही वजह है कि आम से बनी यह ड्रिंक बेस्ट इंडियन फूड का खिताब अपने नाम करने में सफल रही। आस-पास के सबसे अच्छे रेस्टोरेंट

***सुशी समोसा***

यह एक जापानी डिश है, जिसको फिश, स्टिकी राइस, सीवीड और सोया सॉस से बनाया जाता है। समोसा भारतीय डिश है और इसमें आलू की फिलिंग होती है। लेकिन क्या आपने दोनों के कॉम्बिनेशन के बारे में सुना है। अगर नहीं, तो बता दें कि साल 2024 में यह एक्सपेरिमेंट भी किया गया है। जिसमें सुशी समोसा बनाया गया। इसमें एवोकाडो, स्टिकी राइस और वेज सब्जियों और नॉन-वेज सामग्री से फिलिंग की गई। यह पुदीना की चटनी के साथ नहीं बल्कि सोया या फिर वसाबी मेयो के साथ खाया जाता है।

***पिस्ता तिरामिसू***

यह एक इटैलियन डिश है, इसमें मस्करपोन की जगह पिस्ता क्रीम के साथ नट ट्विस्ट दिया गया। नटी फ्लेवर वाला तिरामिसू केक अगर आपने अभी तक नहीं खाया है। तो आपको एक बार इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इस कॉम्बिनेशन में दो अलग देशों की डेजर्ट्स को मिलाकर एक बेहद कमाल की डिश तैयार की जा सकती हैं। बहुत सारे लोगों को यह फ्यूजन पसंद आया और इस नए टेस्ट ने लोगों के दिलों में जगह बनाई।

***हैदराबादी बिरयानी***

बता दें कि चिकन बिरयानी से बढ़िया मील शायद ही कुछ हो। नॉनवेज खाने वाले लोगों के लिए यह स्टेपल है। चिकन और चावल से तैयार इस डिश को आप लंच या डिनर दोनों में खा सकते हैं। इसका अलग-अलग वर्जन भी लोगों को बहुत पसंद आता है। लेकिन ऑथेंटिक हैदराबादी बिरयानी टक्कर देना थोड़ा सा मुश्किल है। टेस्ट एटलस ने अपने टॉप फूड की लिस्ट हैदराबादी बिरयानी को नंबर 6 में शामिल किया था। रायता और सालन के साथ इस बिरयानी का अपना ही मजा होता है।

***पेरी-पेरी पनीर पिज्जा***

हालांकि पनीर और पिज्जा का कॉम्बिनेशन नया नहीं हैं लेकिन इसको कैसे बनाया जाता है, यह मायने रखता है। पिज्जा में पनीर का ऑप्शन तो लंबे समय से चल रहा है, लेकिन पेरी-पेरी फ्लेवर वाला पनीर और पिज्जा की बात ही अलग है। पेरी-पेरी सॉस में मैरीनेट किए फ्राइड पनीर की टॉपिंग्स और मॉजरेला चीज पिज्जा के पतले क्रस्ट के ऊपर क्या स्वाद देगा, यह आप सोच भी नहीं सकते हैं। इस डिश को भी लोगों का खूब प्यार मिला। आपको इस डिश का मजा जरूर लेना चाहिए।

# मार्केट से न खरीदें कीट-संक्रमित अमरूद, खरीदने से पहले इन टिप्स का पता होना चाहिए

सर्दियों में अमरूद खाने का स्वाद काफी मजेदार लगता है। कुछ लोग इसका स्वाद लेने के लिए इसकी चटनी बनाते हैं तो कुछ लोग इसे नमक और काली मिर्च के साथ खाते हैं। अमरूद एक पोषक तत्वों से भरपूर फल है जिसमें फाइबर और विटामिन सी भी होता है। यह बेहतर पाचन में भी सहायता करता है। अपने स्वाद और स्वास्थ्य लाभों के कारण अमरूद एक लोकप्रिय भोजन है। अमरूद खरीदते समय ग्राहकों को अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि ताजा दिखने वाले अमरूद में भी अक्सर कीड़े होते हैं। इससे फल की गुणवत्ता कम होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं। हम आपको बताते है कि आप अमरुद को लाते समय किन बातों का ध्यान रखें।आस-पास के सबसे अच्छे रेस्टोरेंट

***अमरूद की जांच करें***

कीडें लगे हुए अमरूद को बिना काटे पहचानना ज्यादा मुश्किल नहीं है। बाजार से अमरूद खरीदने से पहले आपको उसकी सतह की सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए। यदि आप कोई छोटे छेद, सड़क के निशान, या असमान रंग देखते हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इस अमरूद में कीड़े हो सकते हैं। इस तरह से कीड़ों के कारण अमरूद का रंग बदल जाता है।



***अमरूद को दबा के खरीदें***

जब आप अमरूद खरीदने जा रहे तो पहले उसे हथेली से हल्का सा दबा लें। यदि आप अमरूद दबाने पर बेहद मुलायम लग रहा है, तो उसे न खरीदें। अमरूद को बहुत ही सख्त या मुलायम नहीं होने चाहिए। ज्यादा ही सख्त अमरुद कच्चा हो सकता है, नरम अमरूद में कीड़े निकल सकते हैं।

***खुशबू से पहचाने***

बता दे कि, जो अमरूद ताजे और मीठे होते हैं उनमें भीनी-भीनी खुशबू जरुर होती है, यदि वे मीठे नहीं हैं, तो वे मीठे नहीं होंगे। दूसरी ओर, जिन अमरूदों में कीड़े होते हैं उनमें अजीब गंध आ सकती है। ऐसे अमरूद को काटने पर छोटे-छोटे कीड़े या काले धब्बे दिख सकते हैं। अमरूद खरीदने से पहले उसे सूंघना सुनिश्चित करें।

***अमरूद का रंग जांच करें और छिलका***

जब आप अमरूद खरीदने से पहले उसका छिलका और रंग को जांच लें। यदि अमरुद का छिलका चिकना, लचीलादार और आकार के हिसाब से वजनदार हो तो अमरूद अच्छा है, वहीं, रंग की बात करें तो स्वादिष्ट अमरूद पाने के लिए हल्का पीला अमरूद खरीदने चाहिए। अगर आप खट्टे अमरूद पसंद करते हैं, तो हरा अमरूद खरीदें। पूरा पीला अमरूद ठीक नहीं होता है।

# सर्दियों में ठंडे फर्श को कैसे रखें गर्म, फॉलो करें टिप्स

सर्दियों के दौरान ठंड बढ़ने से हर किसी पर असर पड़ता है। बदलते मौसम के कारण कई लोगों को सर्दी, खांसी और गले में खराश जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वैसे इन बीमारियों का एक आम कारण ठंडा फर्श है, क्योंकि ठंडी सतह पर चलने से बीमारियां अधिक बढ़ सकती है। सर्दियों के महीनों के दौरान अपने घर को गर्म और आरामदायक बनाए रखने के लिए हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं।

***घर को गर्म रखने के टिप्स***

- जब सर्दियां आती हैं तो फर्श ठंड हो जाते हैं। ऐसे में फर्शों को गर्म रखने के लिए इन आसान तरीकों जरुर अपनाना होगा। आप अपने फर्श को गर्म रखने के लिए कालीन या गलीचों का प्रयोग कर सकते है। आप पुराने कपड़ों के प्रयोग करके घर में बनी चटाई बना सकते है। जो इस मौसम में ठंड को कम करने में भी मदद कर सकता है।



- सर्दियों को दौरान कई लोग पानी से या फिर ठंडे पानी में भिगोए कपड़े से पोंछकर साफ करते हैं। ऐसा करने से बीमारियों का अधिक खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा अपने फर्श को ठंडे पानी के संपर्क में आए बिना कुशलता पूर्वक साफ करने के लिए वैक्यूम क्लीनर का प्रयोग करें।

- वैसे घर में प्रवेश करने वाली ठंडी हवा फर्श को और भी ठंडा बना सकते है। इससे बचने के लिए खासतौर पर सुबह और शाम के समय दरवाजे और खिड़कियां बंद रखें। ठंडी हवा के प्रवेश को सीमित रखने से आपके घर में गर्माहट बनाए रखने में मदद मिलेगी और फर्श पर ठंडा कम होगा।

# बालों की ग्रोथ के लिए बेहद फायदेमंद है मेथी, जानिए कैसे करें इस्तेमाल

बालों के लिए मेथी काफी ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। वहीं आयुर्वेद में भी मेथी काफी ज्यादा कारगर मानी गई है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मेथी के इस्तेमाल से बालों के विकास में मदद मिलती है। इसमें प्रोटीन, कार्ब्स, फैट, फाइबर, आयरन और मैग्नीशियम पाया जाता है, जो बालों के लिए कई तरह से काम करता है। झड़ते बालों के लिए मेथी का सेवन काफी लाभकारी माना जाता है। शरीर में आयरन की कमी होने पर बाल तेजी से झड़ते हैं। वहीं मेथी का सेवन करने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और बालों का झड़ना कम होने लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेथी का इस्तेमाल बालों के लिए कैसे किया जाता है।



***मेथी पानी***

बालों के लिए मेथी पानी का भी अच्छा होता है। मेथी का बीज खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने में मदद करता है। यह बालों को तेजी से बढ़ाने, स्वस्थ और नए विकास को बढ़ावा देने में भी पोषण देते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जो स्कैल्प की जलन, डैंड्रफ और मुंहासों को दूर करने में सहायक होती है।

***मेथी सीरम***

इसके साथ ही आप बालों के लिए मेथी का हेयर सीरम भी बना सकती हैं। इसको बालों में लगाने से ग्रोथ बढ़ाने में मदद मिलती है। यह सीरम आपके बालों को सिल्की बनाने के साथ ही इसको अंदर से स्वस्थ बनाता है।

***मेथी का तेल***

बहुत सारे लोग यह सवाल पूछते हैं कि बालों के लिए मेथी का तेल कैसे बनाएं। क्योंकि मेथी का तेल बालों को घना करता है। इसके लिए आप नारियल तेल या सरसों के तेल में मेथी को पका लें। फिर इस तेल को बालों की जड़ों में अप्लाई करें। इसके बायोएक्टिव एंजाइम्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में सहायक होता है।

***मेथी हेयर मास्क***

सबसे पहले मेथी को पीसकर इसमें एलोवेरा जेल मिला लें। अब इस हेयर मास्क को बालों में अप्लाई करें। यह आपके बालों को अंदर से हेल्दी बनाने में सहायक होता और साथ ही आपके बालों का टेक्सचर भी सही रहेगा।

# ब्रेकफास्ट में बनाएं न्यूट्रिशन से भरपूर ओट्स उपमा, झटपट बनकर हो जाएगा तैयार

अक्सर सुबह के समय लोगों के पास कम समय होता है। लेकिन इस भागदौड़ के बीच कुछ ऐसा खाना बेहद जरूरी होता है, जो स्वादिष्ट होने के साथ न्यूट्रिशन्स से भरपूर हो और हमें पूरा दिन एनर्जी दे सके। सुबह के समय अक्सर हम जल्दबाजी में ब्रेकफास्ट स्किप कर देते हैं या फिर कुछ रेडीमेड खा लेते हैं। भले ही इससे आपका पेट भर जाता है, लेकिन इससे शरीर को न तो ताकत मिलती है और न ही पोषण मिलता है। ऐसे में यदि रोजाना एक जैसा नाश्ता बनाया जाए, तो भी इससे बोर हो जाते हैं।

इसलिए लगभग हर किसी के साथ यह दुविधा होती है कि सुबह के नाश्ते में ऐसा क्या बनाया जाए, जो स्वादिष्ट होने के साथ टेस्टी भी हो। अगर आप भी सुबह के ब्रेकफास्ट को लेकर कंफ्यूज रहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे परिवार के सभी सदस्यों का पेट भी भर जाएगा और आपके शरीर को भरपूर न्यूट्रिशन भी मिलेंगे। बता दें कि आप घर पर आसानी से ओट्स और सब्जियों से बनने वाले उपमा को बना सकती हैं।

***ओट्स सामग्री***

ओट्स- 1 कप

सरसों- 1 टीस्पून

तेल- 2 चम्मच

जीरा- आधा टीस्पून

उड़द की दाल- आधा टीस्पून

काजू- 8-10

अदरक- आधा इच

करी पत्ते- 5-7

हरी मिर्च- 1

प्याज- 1 छोटा

पानी- 1 कप

मिर्च- स्वादानुसार

नमक-स्वादानुसार

हल्दी- चौथाई टीस्पून

मूंगफली- मुट्ठी भर (भुनी हुई)

गाजर- आधी

शिमला मिर्च- आधी

बीन्स- चौथाई कटोरी

मटर- चौथाई कटोरी

***ऐसे बनाएं ओट्स उपमा***

ओट्स उपमा बनाने के लिए सबसे पहले एक कप ओट्स लें। इसको 3-4 मिनट तक पैन में भूनें।



अगर आप इंस्टेंट ओट्स ले रही है, तो इनको भूनने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप सीधे तौर पर इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

एक पैन में 2 चम्मच तेल डालकर इसमें उड़द की दाल, सरसों, करी पत्ता, जीरा और काजू डालकर हल्के ब्राउन होने तक भूनें।

फिर इसमें हरी मिर्च, प्याज और अदरक डालें। प्याज को हल्का नरम हो जाने तक पकाना है।

अब इसमें सारी सब्जियां डाल दें और गाजर, मटर, शिमला मिर्च और बीन्स डालें।

इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च और नमक डालकर अच्छे से चलाएं और फिर पानी डालकर पकने दें।

इसमें धनिया और नींबू का रस मिलाएं।

फिर ऊपर से भुनी हुई मूंगफली डाल दें।

इस तरह से ओट्स उपमा बनकर तैयार हो जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती में मदद का झांसा देकर ठगी; पेमेंट बैंक की फ्रेंचाइजी के नाम पर दंपती को लगाई चपत

**अंजाम**

**आरोपियों ने पीड़ित से पेमेंट बैंक की फ्रेंचाइजी खोलने के लि प्राधिकरण प्राप्त करने का वादा कर ठगी को अंजाम दिया।**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सतारा जिले से अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में मदद करने के बहाने पालघर में कुछ युवाओं को ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय धनाजी काकड़े और 27 वर्षीय गणेश काले के तौर पर की गई है। दोनों ने युवाओं को अग्निपथ योजना में उनकी भर्ती सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया था। भर्ती प्रक्रिया 28 नवंबर को विरार के जीवदानी क्रिकेट ग्राउंड में चल रही थी। विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक सुरेश गायकवाड़ ने कहा, काकड़े और काले मैदान में गए और वहां कुछ उम्मीदवारों से संपर्क किया। उन्होंने उन उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक उम्मीदवार से एक हजार रुपये भी लिए और उससे अपने जैसे युवाओं को लाने के लिए कहा। जैसे ही कुछ उम्मीदवारों को एहसास हुआ कि उन्हें धोखा दिया जा रहा है, उन्होंने पुलिश में शिकायत दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने दोनों को मौके से पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 62 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें पांच दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। पेमेंट बैंक की फेंचाइजी के नाम पर दंपती को लगाई चपत ठाणे जिले में एक जोड़े से 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित से पेमेंट बैंक की फेंचाइजी खोलने के लि प्राधिकरण प्राप्त करने का वादा कर ठगी को अंजाम दिया। यह घटना अगस्त 2022 और अप्रैल 2023 के बीच घटी। गुरुवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों की पहचान कल्पित अशोकभाई सोनी और विक्रमसिंग सोलंकी के तौर पर की गई है। दोनों ही गुजरात का रहने वाला है, जबकि तीसरा आरोपी किशोरलाल शर्मा राजस्थान का रहने वाला है। ठाणे में मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्युनल (एमएसीटी) ने एक लड़की को 6.35 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर दिया। दरअसल, लड़की 2017 में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ट्रिब्युनल सदस्य एसएन शाह ने तीन दिसंबर को आदेश जारी किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश होते हुए वकील एसएम पवार ने कहा कि पीड़िता श्वेता अनिलकुमार निषाद 15 मई, 2017 की रात मीरा रोड पर अपनी मां के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी एक जीप ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें तुरंत मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था। उनका अभी भी इलाज जारी है।

## महा विकास अघाड़ी को झटका, बाबरी मस्जिद विध्वंस पर शिवसेना-यूबीटी के रुख से सपा नाराज, गठबंधन छोड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों में महायुति को जबरदस्त जीत मिलने के बाद विपक्षी गठबंधन में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल समाजवादी पार्टी ने अब गठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया है। महाराष्ट्र सपा प्रमुख अबु आजमी ने शनिवार को कहा कि शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे के बाबरी मस्जिद विध्वंस को लेकर रुख के चलते उनकी पार्टी ने एमवीए को छोड़ने का निर्णय किया है। सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबु आजमी ने एमवीए छोड़ने के फैसले पर कहा, शिवसेना-यूबीटी की तरफ से अखबार में एक विज्ञापन दिया गया था जिसमें बाबरी मस्जिद के विध्वंस में शामिल लोगों को बधाई दी गई थी। उनके (उद्धव ठाकरे के) करीबियों ने इसे एक्स पर भी पोस्ट किया और मस्जिद के गिराए जाने का स्वागत किया।

# बांग्लादेश में इस्कॉन केंद्रों को बनाया गया निशाना उपद्रवियों ने ढाका में मंदिर को किया आग के हवाले



**नई दिल्ली।** इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह दुखद जानकारी साझा की। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी बांग्लादेश के ढाका जिले में स्थित उसके केंद्र को आज तड़के सुबह जला दिया।

बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा। उपद्रवी कभी मंदिरों तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ दिनों पहले हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है। इस बीच, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के एक और मंदिर में अराजक तत्वों की ओर से तोड़ा गया और आग लगा दी गई। हमला शनिवार तड़के इस्कॉन नमहट्टा मंदिर पर किया गया था। इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। यह घटना देश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर किया गया एक और हमला है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह दुखद जानकारी साझा की। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी बांग्लादेश के ढाका जिले में स्थित उसके केंद्र को आज तड़के सुबह जला दिया। इतना ही नहीं उनके मुताबिक मंदिर में रखे देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। यह मंदिर ढाका के तुराग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए राधारमण दास ने कहा, %बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को जला दिया गया। श्री श्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां और मंदिर के अंदर का सारा सामान पूरी तरह जल गया। यह केंद्र ढाका में स्थित है। आज तड़के सुबह दो से तीन बजे के बीच, अराजक तत्वों ने श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर और श्री श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर को आग के हवाले कर दिया, जो हरि कृष्णा नमहट्टा संघ के अंतर्गत आता है। यह मंदिर ढाका जिले के धौर गांव में स्थित है और तुराग थाना क्षेत्र के तहत आता है। उन्होंने यह भी कहा कि आग मंदिर के पीछे लगी टिन की छत को उठाकर पेट्रोल या ऑक्टेन का इस्तेमाल करके लगाई गई।

## राष्ट्रपति ने ओडिशा में तीन नई रेलवे लाइनों की नींव रखी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ओडिशा में तीन नई रेलवे लाइन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति ने बांगिरीपोषी-गोरुमाहिषानी, बुढ़ामरा-चाकुलिया और बादामपहाड़-केन्दुझरगढ़ रेलवे लाइन परियोजना की आधारशिला रखी और इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम सहित अन्य भी मौजूद रहे। रेलवे ने बताया कि नई लाइन रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने में मदद करेंगी और क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करेंगी, जिससे आदिवासी बहुल क्योंझर और मयूरभंज जिलों में संपर्क बढ़ेगा। नई लाइनें खनिज समृद्ध क्षेत्रों से कच्चे माल के परिवहन की सुविधा प्रदान करेंगी।

## असम में मुख्मंत्री हिमंत बिस्व सरमा के मंत्रिमंडल का विस्तार, राज्यपाल ने दिलाई चार मंत्रियों को शपथ



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता प्रशांत फूकन डिब्रूगढ़ से चार बार विधायक रह चुके हैं। कृष्णेंदु पॉल पथारकांडी से दो बार, जबकि कौशिक रॉय और रूपेश गोआला क्रमशः लखीपुर और डूम डूमा से एक बार विधायक रह चुके हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को चार मंत्रियों के शपथ लेने के साथ अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सरमा के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चार नये मंत्रियां प्रशांत फूकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रूपेश गोआला हैं। ये सभी भाजपा के विधायक हैं। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेत के अन्य मंत्री भी शामिल थे। भाजपा नेता प्रशांत फूकन डिब्रूगढ़ से चार बार विधायक रह चुके हैं। कृष्णेंदु पॉल पथारकांडी से दो बार, जबकि कौशिक रॉय और रूपेश गोआला क्रमशः लखीपुर और डूम डूमा से एक बार विधायक रह चुके हैं। इन नए मंत्रियों के शपथ के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अब 19 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के प्रमुख हैं। सीएम सरमा ने कहा, हमारे मंत्रालय में बराक घाटी से कोई प्रतिनिधित्व नहीं था।आज हमने अपने मंत्रिपरिषद में चार मंत्रियों को शामिल किया है। एक पद अभी भी खाली है और उसे आने वाले दिनों भर दिया जाएगा। असम में कई विकास गतिविधियां चल रही है। चार मंत्रियों को शामिल किये जाने से मंत्रिपरिषद मजबूत हो गई है।

# हमारे पास छिपाने को कुछ नहीं, हेमा समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने पर केरल सरकार का बयान

**आयोग**

**हमने रिपोर्ट के संबंध में राज्य सूचना आयोग द्वारा निर्देशित सभी जानकारी का खुलासा किया है। सब कुछ पारदर्शी है।**



**नई दिल्ली।** राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार फिल्म नीति समेत हेमा समिति की सिफारिशों को लागू कर रही है। सरकार एक फिल्म नीति का मसौदा तैयार करेगी। उन्होंने आगे बताया कि सरकार और उनके अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई कानून के दायरे में रही है। केरल के संस्कृति मंत्री साजी चेरियन ने शनिवार को बताया कि राज्य सरकार हेमा समिति की सिफारिशों को लागू कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हेमा समिति की रिपोर्ट में छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। बता दें कि हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले चौंकाने वाले उत्पीड़न और यौन शोषण को उजागर किया गया था। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन किया है। केवल उन हिस्सों को छोड़ दिया गया है, जिन्हें राज्य सूचना आयोग ने जारी न करने की सिफारिश की थी। राज्य मंत्री साजी चेरियन ने कहा, ÷यह मामला फिलहाल हाईकोरिट के सामने है। अगर अदालत या सूचना आयोग इन हिस्सों को सार्वजनिक करने का निर्देश देता है तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है। हमने रिपोर्ट के संबंध में राज्य सूचना आयोग द्वारा निर्देशित सभी जानकारी का खुलासा किया है। सब कुछ पारदर्शी है। राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार फिल्म नीति समेत हेमा समिति की सिफारिशों को लागू कर रही है। सरकार एक फिल्म नीति का मसौदा तैयार करेगी। उन्होंने आगे बताया, सरकार और उनके अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई कानून के दायरे में रही है। रिपोर्ट के किसी भी भाग के जारी होने से हमें डर नहीं है। दरअसल मामला 14 फरवरी, 2017 का है। जब एक लीडिंग मलयालम अभिनेत्री के साथ उन्हीं की कार में यौन उत्पीड़न किया गया था। वो उस वक्त अपने घर से कोच्चि जा रही थीं। इस दौरान कुछ लड़कों के एक समूह ने उन्हें अगवा कर लिया था और यौन उत्पीड़न किया। इस घटना की खबर आग की तरह पूरे राज्य में फैल गई थी। इससे लोग न केवल परेशान थे बल्कि काफी गुस्से में दिखाई दिए। आरोपियों का मकसद पीड़िता को ब्लैकमेल करना था। हालांकि, 10 आरोपियों में से छह को कुछ दिनों के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि, पॉपुलर एक्टर दिलीप को जुलाई में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की सुनवाई साल 2020 से चल रही है।

घटना के बाद मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के ही कई लोगों ने इस मामले पर आवाज उठाई। वहीं, महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावपूर्ण व्यवहार पर सबकी नजर पड़ी, जिसके बाद गठित वूमन इन सिनेमा कलेक्टिव डब्ल्यूसीसी ने मुख्यमंत्री को एक याचिका दी थी। इस दौरान इंडस्ट्री में जेंडर इश्यू पर जांच की मांग की गई थी। घटना के बाद पांच महीने का वक्त बीत चुका था. फिर जुलाई 2017 में राज्य सरकार ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न और जेंडर इनइक्वालिटी के मुद्दों पर विचार करने के लिए तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया। यह कमेटी रिटायर्ड केरल हाईकोर्ट जस्टिस के हेमा की अध्यक्षता में गठित हुई।

इस समिति के तहत आयोग ने इंडस्ट्री में कई महिला प्रोफेशनल से बातचीत की। इस दौरान यौन उत्पीड़न, मजदूरी पर कीमत और काम से ब्लैकलिस्टिंग करने समेत दूसरे मुद्दों के बारे में रिकॉर्ड दर्ज किए गए।

## फुटपाथ से गुजर रहे थे लोग, तभी अचानक भूमिगत बिजली बॉक्स में हुआ जोरदार धमाका; गड्ढे में जा गिरी महिला



**पेरू।** इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि लोग शांति से फुटपाथ से गुजर रहे हैं। तभी एक महिला वहां से गुजरती है और उसी समय भूमिगत बिजली के बॉक्स में जोरदार धमाका होता है। पेरू में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। पांच दिसंबर को रोज की तरह लोग एक फुटपाथ से होकर गुजर रहे थे, तभी कुछ ऐसा हुआ कि हलचल मच गई। दरअसल, यहां अचानक से भूमिगत बिजली के बॉक्स में जोरदार धमाका हुआ, जिससे एक महिला सड़क पर बने गड्ढे में गिर गई। महिला को गंभीर चोटें आई हैं। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि लोग शांति से फुटपाथ से गुजर रहे हैं। तभी एक महिला वहां से गुजरती है और उसी समय भूमिगत बिजली के बॉक्स में जोरदार धमाका होता है। यह विस्फोट इतना तेज था कि सड़क पर एक गहरा गड्ढा बन गया और उसे बचने का कोई समय नहीं मिला। जिससे सड़क पर बने गड्ढे में वह गिर गई। हालांकि, वहां मौजूद सेना के एक जवान, जो गश्त कर रहा था, तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचा और उन्हें बचा लिया। मगर इस धमाके के कारण महिला को काफी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस और सेना के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। यह घटना पेरू के लिए एक चेतावनी बन गई है, जहां ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपायों और बेहतर निर्माण कार्य की आवश्यकता है। फिलहाल, मामले की आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का मानना है कि इस धमाके के पीछे केबल की मरम्मत का काम था। इसके कारण बिजली की आपूर्ति में हुई वृद्धि की वजह से विस्फोट हुआ। हालांकि, बुनियादी ढांचे से जुड़े ऊर्जा प्रदाता प्लस एनर्जिया ने ऐसी किसी भी जिम्मेदारी से इनकार किया है।

## एकमत से स्वीकारा गया भारत का सह-प्रायोजित प्रस्ताव, 21 दिसंबर को पूरी दुनिया मनाएगी विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के एक सह-प्रायोजित प्रस्ताव पर एकमत से मुहर लगी है। इस प्रस्ताव में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के तौर पर घोषित करने के लिए कहा गया था। सभी देशों ने इसे स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की। इस प्रस्ताव को भारत, लिक्टेंस्टाइन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा जैसे देशों के समूह की तरफ से यूएनजीए के 193 सदस्यों के सामने शुक्रवार को लाया गया। इन्हीं देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव को लेकर सभी जानकारियां साथी देशों के सामने रखीं। लिक्टेंस्टाइन की तरफ से संयुक्त राष्ट्र के पटल पर रखे गए।

# वक्फ विधेयक, FCRA कानून पर पादरियों के संगठन की बैठक

**बैठक**

**इस दौरान एक सांसद जो कि बैठक में शामिल रहे ने बताया कि कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के नियमों पर सख्त आपत्ति जताई।**

**नई दिल्ली।** सीबीसीआई के अध्यक्ष आर्कबिशप एंड्रयूज ने इस बैठक की अध्यक्षता की। यह दशकों में संस्था की पहली मीटिंग रही। इस बैठक के एजेंडे में ईसाई सांसदों की तरफ से समुदाय को समर्थन देने और इसके अधिकारों की रक्षा के अलावा समुदाय पर बढ़ते हमले और अल्पसंख्यकों, खासकर ईसाइयों पर खतरे को रखा गया था। ईसाई धर्म के सांसदों ने चर्च के पादरियों के एक संगठन- कैथलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) से अपील की है कि वह वक्फ विधेयक के मुद्दे पर सैद्धांतिक पक्ष रखें, क्योंकि इससे संविधान में निहित अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रभाव पड़ सकता है। बताया गया है कि कैथलिक ईसाइयों की सबसे बड़ी संस्था सीबीसीआई ने 3 दिसंबर को सभी ईसाई सांसदों की एक बैठक बुलाई थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस बैठक में विपक्ष के करीब 20 सांसद शामिल हुए थे, इनमें से अधिकतर विपक्षी दलों के सदस्य थे। जिन सांसदों की तरफ से इस बैठक में हिस्सा लिया गया, उनमें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के डेरेक ओ ब्रायन, कांग्रेस की सांसद हिबी एडेन, डीन कुरियाकोस, एंटो एंटोनी और माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास प्रमुख चेहरे थे। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री बाद में इस बैठक का हिस्सा बने। सीबीसीआई के अध्यक्ष आर्कबिशप एंड्रयूज ने इस बैठक की अध्यक्षता की। यह दशकों में संस्था की पहली मीटिंग रही। इस बैठक के एजेंडे में ईसाई सांसदों की तरफ से समुदाय को समर्थन देने और इसके अधिकारों की रक्षा के अलावा समुदाय पर बढ़ते हमले और अल्पसंख्यकों, खासकर ईसाइयों पर खतरे को रखा गया था। इसके अलावा एफसीआरए कानून के जरिए ईसाइयों को निशाना बनाने के मुद्दे को भी बैठक के केंद्र में रखा गया। एक सूत्र ने बताया कि विपक्ष के वरिष्ठ सांसदों ने सलाह दी कि समुदाय के नेतृत्व को कुछ सकारात्मक पक्ष भी रखने चाहिए, न कि सिर्फ नकारात्मक खबरों पर ही प्रतिक्रिया देनी चाहिए। ईसाई समुदाय देश में जो भूमिकाएं निभा रहा है, उस पर भी बात की जानी चाहिए। इसमें सरकार और जनता को यह बताने का भी आग्रह किया गया कि ईसाई संस्थानों में चार में से तीन छात्र किसी दूसरे समुदाय से आते हैं। इस दौरान एक सांसद जो कि बैठक में शामिल रहे ने बताया कि कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के नियमों पर सख्त आपत्ति जताई। एक सांसद ने कहा कि उन्हें अब फोटोबाजी से बचना चाहिए और ईसाई नेतृत्व को संविधान की रक्षा न करने वालों को घेरना शुरू करना चाहिए।

# 2025 में दक्षिण एशिया में 4.7 करोड़ बच्चों को होगी मानवीय सहायता की जरूरत

**संख्या**

**इनमें लगभग एक करोड़ 60 लाख बच्चे होंगे और इनकी अधिकतर संख्या अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान व अन्य देशों में होगी।**



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि दक्षिण एशिया में वर्ष 2025 के दौरान जलवायु संबंधी आपदाओं, अन्य प्रकार के संकटों, स्वास्थ्य आपदाओं और आर्थिक झटकों के कारण, लगभग 4 करोड़ 70 लाख बच्चों को मानवीय सहायता की आवश्यकता होगी। यूनीसेफ ने दक्षिण एशिया के देशों में वर्ष 2025 के दौरान लगभग 2 करोड़ 80 लाख लोगों तक जीवनरक्षक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक अरब 60 करोड़ डॉलर की रकम जुटाने की अपील जारी की है। इनमें लगभग एक करोड़ 60 लाख बच्चे होंगे और इनकी अधिकतर संख्या अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान व अन्य देशों में होगी। दक्षिण एशिया के लिए यूनीसेफ के क्षेत्रीय निदेशक संजय विजेसेकेरा ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है, दक्षिण एशिया में लाखों बच्चे लगातार गम्भीर होती जलवायु संबंधी आपदाओं से गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें बाढ़ें, भूस्खलन, समुद्री तूफान और सूखा स्थितियां शामिल हैं और ये सब आपदाएँ अक्सर मानसून के मौसम में अधिक घटित होती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए इन चुनौतियों में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों, आर्थिक संकटों, और राजनैतिक अस्थिरता के हालात के कारण और भी बढ़ोत्तरी होती है। इनके परिणामस्वरूप बच्चों की जिंदगियां गंभीर जोखिम में पड़ती हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा के साथ-साथ अन्य बुनियादी जरूरतों में भी गम्भीर बाधाएं उत्पन्न होती हैं। यूनीसेफ की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मानवीय सहायता अपील के जरिए मिलने वाली धनराशि से बच्चों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, संरक्षण, पानी और स्वच्छता जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। दक्षिण एशिया क्षेत्र में बच्चों के लिए मानवीय कार्रवाई के हिस्से के रूप में तीन प्रमुख देशों में सहायता पहुंच बनाने की योजना है।

## रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के नतीजे को अदालत ने पलटा



रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के नतीजे को सर्वोच्च अदालत ने पलट दिया। अदालत ने अपने फैसले में बताया कि प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाना चाहिए। उन्हें इस नतीजे में रूस के शामिल होने का संदेह है, जिसके कारण राजनेता कैलिन जॉर्जेस्कू सबसे आगे निकले। अदालत का यह फैसला राष्ट्रपति क्लॉस इओहानिस के खुफिया जानकारी का खुलासा करने के बाद आया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान रोमानिया रूसी हमलों का लक्ष्य बन गया था। इस अभियान में कई सोशल मीडिया प्रोफाइल शामिल थे, जो टिकटॉक और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर जॉर्जेस्कू का समर्थन करते थे। शुक्रवार के फैसले में अदालत ने राष्ट्रपति के चुनाव के लिए पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द करने का फैसला किया। अगालत ने अपने बयान में कहा, राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से दोबारा शुरू की जाएगी, और सरकार आवश्यक कदमों के लिए एक नई तारीख तय करेगी। बता दें कि जॉर्जेस्कू अपने यूरोपीय संघ विरोधी और नाटो विरोधी रुख के लिए जाने जाते हैं। 25 नवंबर को रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे आगे चल रहे थे। 62 वर्षीय कैलिन जॉर्जेस्कु के पास लगभग 23 प्रतिशत वोट थे।

# ब्रिटिश राजघराने ने वापस लिया सम्मान तो भड़के भारतवंशी सांसद

**लंदन।** कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य और ब्रिटेन स्थित एफएमसीजी कंपनी सन मार्क लिमिटेड के संस्थापक रमिंदर सिंह रेंजर हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक अनिल कुमार भनोट को दिया सम्मान ब्रिटिश राजघराने के प्रमुख किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से रद्द और निरस्त कर दिया गया। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के भारतीय मूल के सदस्य रमिंदर सिंह रेंजर ने ब्रिटिश राजघराने की तरफ से दिए गए सम्मान को वापस लिए जाने के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, शुक्रवार को उन्हें कमांडर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर (सीबीई) का सम्मान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन पर सम्मान प्रणाली को बदनाम करने का आरोप है। इस पर रमिंदर ने कहा है कि वह मामले में कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य और ब्रिटेन स्थित एफएमसीजी कंपनी सन मार्क लिमिटेड के संस्थापक रमिंदर सिंह रेंजर को दिया सम्मान ब्रिटिश राजघराने के प्रमुख किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से रद्द और निरस्त कर दिया



गया। रमिंदर को लॉर्ड रमी रेंजर के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश मंत्रिमंडल कार्यालय की जब्ती समिति ने हालांकि ऐसी सिफारिशों के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन यह कदम पिछले साल लॉर्ड्स की जांच के बाद उठाया गया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि रेंजर ने धमकाने और उत्पीड़न से संबंधित संसदीय आचार संहिता का उल्लंघन किया था। लॉर्ड रेंजर को 31 दिसंबर, 2015 को 'कमांडर ऑफ द सिविल डिविजन ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर' के रूप में नियुक्ति दी गई थी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद लॉर्ड रमी रेंजर की तरफ से आधिकारिक बयान में कहा गया, ÷आज मुझे ब्रिटिश राजघराने से मिला सम्मान वापस ले लिया गया, क्योंकि मैंने भारत को तोड़ने का इरादा रखने वाले खालिस्तान समर्थकों और बीबीसी का विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीबीसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक दो एपिसोड की डॉक्यूमेंट्री बनाई है, जिसमें यह इशारा किया गया है कि 20 वर्ष पहले पीएम मोदी गुजरात दंगों में शामिल थे, जबकि भारत की शीर्ष अदालत उन्हें इस मामले में बरी कर चुकी है।

# कृपा शंकर ने किया ठाकुर बल्लर सिंह स्मृति द्वार का लोकार्पण

- इंडस्ट्रियल क्षेत्र घोषित करने के लिए मेरा प्रयास चल रहा: कृपा शंकर सिंह
- आलू, गन्ना, मक्का के विकास के लिए बड़ा कार्य किया जाएगा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपा शंकर सिंह ने ठाकुर दीप नारायण सिंह उर्फ बल्लर सिंह स्मृति द्वार का लोकार्पण शनिवार को ग्राम सभा सिधाई शाहगंज में वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आज तक के अच्छे कार्यों की दृष्टि को पढ़ने विचार को एक पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया जाए। पुस्तक के जरिए देश की आने वाली पीढ़ी यह जाने की पूर्वी यूपी में दीप नारायण उर्फ बल्लर सिंह जैसे व्यक्ति जौनपुर में पैदा हुए थे। उन्होंने घोषणा किया कि सिधाई गांव के एक गरीब बच्चों के पढ़ाई लिखाई और उसे पूरा खर्च कृपा शंकर की माता जी धनेश्वरी देवी के नाम चल रहे ट्रस्ट के माध्यम से किया जाएगा। जौनपुर जिले को इंडस्ट्रियल क्षेत्र घोषित करने के लिए मेरा प्रयास चल रहा है। जनपद को औद्योगिकरण कॉरिडोर बनाने के लिए मेरा प्रयास चल रहा है।

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ अधिकार का तेज बहादुर सिंह के प्रति आभार जताया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के खेल व युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि जिले में बहुत जल्द एक केंद्रीय विद्यालय खुलेगा इसकी संस्कृत केंद्रीय मंत्रालय से मिल गई है। उन्होंने दीप नारायण सिंह का पूरा जीवन समाज की सेवा के लिए संगीत में था समाज के हर जरूरतमंद गरीब असहाय लोगों की मदद वह करते थे। आजादी के बाद 35 वर्षों तक शाहगंज ब्लाक के निरंतर ब्लॉक प्रमुख बने रहे। यह उनके अच्छे कार्यों की ही देन थी। उन्हें लम्बा राजनैतिक अनुभव रहा है। उनके सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में यह विशाल स्मृति द्वारा बना है।

दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह,समारोह में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, नेता हरिश्चंद्र सिंह दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर सिंह,मंत्री रण बहादुर यादव, पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, रमेश चंद उपाध्याय,मुख्य अतिथि कृपाशंकर सिंहका स्वागत शेखर साहू, जेपी सिंह, कांग्रेस नेता राजेश सिंह, पोस्ट मास्टर शिवकुमार सिंह, राधेश्याम मुन्ना सिंह, सोचन सेठ, ग्राम प्रधान लक्ष्मण बिंद, मनोज सिंह मुंबई, लालचंद गुप्ता अधिवक्ता, राजदेव यादव, राकेश राजभर, समर बहादुर सिंह, कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता मनीष कुमार सिंह ने किया। स्मृति द्वारा के निर्माण करता ठाकुर प्रशान्त सिंह के प्रति उपस्थित जनों ने आभार जाताया।

प्रशांत ठाकुर प्रशांत सिंह विशाल सिंह ने बुके देकर राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव का स्वागत किया उपस्थित जनों ने युवा अधिवक्ता मनीष कुमार सिंह के अच्छे कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में आज इस युवा की बहुत जरूरत है । कार्यक्रम के आयोजन दीप नारायण सिंह ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि कार्यक्रम के आयोजक दीवानी न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह एडवोकेट व सिधाई ग्राम सभा के साथ पूरे शाहगंज जिला के का विकास है। इस मौके पर अधिवक्ता समर बहादुर यादव, देवी प्रसाद सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, रमेश सिंह सोलंकी, राजेश सिंह अरगुपुर, अनिल राजभर, मोहम्मद सारिक एडवोकेट, समेत आदि लोग रहे।

# 186 मामलों में महज 12 का हुआ मौके पर निस्तारण

- समस्याओं के निस्तारण में उदासीनता बरतने वालों पर पर होगी कार्वाई : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** रसड़ा तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि समस्याओं के समाधान में उदासीना बरतने वालें अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम के समक्ष 186 मामले प्रस्तुत किए गए जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सुनवाई के दरम्यान रसड़ा रजिस्ट्री कार्यालय को तहसील में स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर 55 दिनों से धरना पर बैठे अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी मांगों को रखा। देर तक हुई वार्ता के बाद जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं से ने कहा कि यह मामला हाई कोर्ट में चल रहा है जैसे ही कोई आदेश आता है आप लोगों आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध करते हुए उनके मांग के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने अन्य फरियादियों की समस्याएं सुनी। रसड़ा ब्लाक के बैजलपुर, मोतिरा, नगहर, संवरूपुर तथा मुस्तफाबाद से आई महिलाएं ने मनरेगा के अंतर्गत कराए गए कार्यों का मानदेय का भुगतान नहीं कराए जाने का आरोप लगाया। खड़सरा अनुसूचित बस्ती के लोगों ने रास्ते के विवाद, कटहुरा ग्राम के देवनाथ यादव ने जमीन पर कब्जा किए जाने तथा नगरा की निवासी दीपिका सिंह ने लेखपाल तथा कानूनगो द्वारा वरासत में अनाकानी किए जाने का आरोप लगाया। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम कुरैशी सहित अन्य जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद 10 मामलों का किया मौके पर निस्तारण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील सगड़ी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 131 मामले आये। जिसमे से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 121 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 89, पुलिस के 14, विकास के 07, स्वास्थ्य के 01, शिक्षा के 01, आपूर्ति के 02 एवं अन्य के 17 मामले शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी सगड़ी, सीओ सगड़ी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पार्थवर्धन के शतक से ब्लू इलेवन को मिली जीत




**प्रयागराज।** पार्थवर्धन सहायक के शतक (101 रन, 84 गेंद, 18 चौके, दो छक्के) के दम पर ब्लू इलेवन ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 22 रन से हराकर चैलेंजर का क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में ब्लू इलेवन ने 34.2 ओवर में 219 रन (पार्थवर्धन सहायक 101, सैयद काशान अली 39, कुशाग्र खुराना 22, आयुष यादव 21, उबैद उल्ला खान 4/64, कृष सिंह 2/27, मोहम्मद अनस 2/30) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन कॉलेज की पूरी टीम 33.2 ओवर में 197 रन (इरशाद अहमद 45, मोहम्मद अरमान 37, शिवांश केसरवानी 36, अजीत निषाद 3/15, कुशाग्र खुराना 2/22, अशफाक अहमद 2/32) पर सिमट गई। मैच में मोहम्मद आरिफ व आमिर आब्दी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे। पार्थवर्धन को एशिया ट्रैवल्स एंड टूर के ऑनर एवं समाजसेवी इरफान अंसारी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## सीएम ने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से लिए सुझाव

**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगे जिसपर वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि जिस पर 2019 के कुंभ में पीएम ने स्वच्छता प्रहरियों के पांव धुले थे उसी तरह का कोई कार्यक्रम होना चाहिए जिसपर सीएम योगी ने कहा कि वो बहुत अच्छा कार्यक्रम था। आगे भी हो सकता है इस पर योजना बनेगी अभी महाकुंभ और पीएम की जनसभा को लेकर काम करना है। अनुज कुशवाहा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का भी ख्याल स्नान आदि के दौरान रखा जाय जिसपर सीएम ने कहा कि इसका ख्याल रखा जाएगा। सीएम ने कहा कि धीरे धीरे प्रयागराज को सबकुछ मिलेगा।

## आशा ए एन यम ने ठाना है पोलियो दूर भगाना

**जौनपुर(खुटहन)** पल्स पोलियो दिवस के पूर्व संध्या में सीएससी के प्रभारी अधीक्षक आरिफ खान के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में जागरूकता संदेश लिखीं तख्तियां तथा नारा लगाती हुई आशा बहुएं अस्पताल से निकल चौराहे से पिलकिछा रोड होते हुए पुनः सीएससी पहुंची। चिकित्सकों ने बताया कि पल्स पोलियो महा अभियान 8 दिसंबर से शुरू होकर 15 तक चलेगा। इस मौके पर प्रदीप कुमार, आनंद दूबे, नवीन श्रीवास्तव, राजेश , आफताब,अनीता, शकुन्तला संगीता पाल , राधा सोनी आदि सामिल रहीं।

## एक करोड़ छह लाख रुपये इक्यावन हजार से हनुमान मंदिर का होगा जिर्णोद्धार

**जौनपुर।** एक करोड़ छह लाख रुपये इक्यावन हजार खर्च होगा बड़े हनुमान जी का प्रसिद्ध मन्दिर रासमण्डल निकट सिपाह का पर्यटन विकास कार्य के लिए। सदर विधानसभा क्षेत्र के सिपाह स्थित बड़े हनुमान जी का मंदिर बहुत ही प्रसिद्ध मंदिर है यहां नगर क्षेत्र के अलावा बहुत दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं मंदिर का परिषर बहुत बड़ा और बहुत जर्जर स्थिति में है। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने बड़े हनुमान जी के मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए एक पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की पर्यटन विकास की दृष्टि से मंदिर का जीड़ोधार करना अत्यंत आवश्यक है , इस मंदिर से लाखों करोड़ों लोगों की आस्था जुडी हुई है मंदिर की स्थिति काफी जज्जर है, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की मांगों को स्वीकार करते हुए शासन ने पर्यटन विभाग के महानिदेशक को पत्र भेजा जिसमें उन्होंने जौनपुर सदर विधानसभा में बड़े हनुमान के मंदिर रासमंडल सिपाह का पर्यटन विकास हेतु प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति कर दी गई है उक्त कार्य कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जाएगा।

# तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में शाहगंज के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण किया जाए।

तहसील में कुल 121 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये राजस्व विभाग 89, पुलिस विभाग 15,आपूर्ति विभाग 09,विकाश विभाग 04, चकबंदी विभाग 04 जिसमें से 13 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थान्तरित करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, उपजिलाधिकारी शाहगंज राजेश कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने विरोध सभा कर भरी हुंकार

**आजमगढ़।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने सभा कर निजीकरण प्रस्ताव वापस लेने की मांग की है। बता दे कि सिधारी हाइडिल परिसर में शनिवार की देर शाम संयुक्त संघर्ष समिति प्रभु नारायण पांडे प्रेमी के नेतृत्व व मनौवर अली की अध्यक्षता में विरोध सभा का आयोजन हुआ। सभा में पहुंचे सैकड़ों बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में कार्यालय समय के उपरांत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। बिजली कर्मचारियों ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में सबसे बड़े स्टेकहोल्डर बिजली के उपभोक्ता और बिजली के कर्मचारी है। अतः आम उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की राय लिए बना निजीकरण की कोई प्रक्रिया शुरू न की जाए। साथ ही संघर्ष समिति ने मांग की है की अरबों खरबों रुपए की बिजली की संपत्तियों एक कमेटी बनाकर, जिसमें कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि भी हों, मूल्यांकन किया जाए और जब तक यह मूल्यांकन सार्वजनिक न हो तब तक निजीकरण की कोई प्रक्रिया शुरू करना संदेह के घेरे में होगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों की सेवा शर्तें तो प्रभावित होती ही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध अतिक्रमण पर चला जिला प्रशासन का बुल्डोजर



**बलिया।** अपर जिलाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार की शाम चार बजे टीडी कॉलेज से लगायत फ्लाई ओवर तक सड़क के दोनों तरफ पटरी पर किए गए अस्थाई अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान अर्थदंड भी लगाया गया। पटरी पर खड़े वाहनों का चालान पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया तथा हटवाया गया। पटरी पर लगे ठेला या खोमचा को हटवाया गया। साथ ही यह चेतावनी दी गई कि अपने निजी भूमि पर ही दुकान लगाकर अपना व्यापार करें। दूसरे चरण में चित्तू पाण्डेय चौराहा से मालगोदाम तिराहा तक भी सड़क के दोनों तरफ पटरी पर किये गये अस्थाई अवैध अतिक्रमण को अर्थदण्ड लगाते हुए हटवाया गया। पटरी पर खड़े वाहनों का चालान पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया तथा हटवाया गया। पटरी पर लगे ठेला या खोमचा को हटवाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद, बलिया द्वारा अर्थदण्ड के रूप में 16500 रूपये की वसूली की गई।

### तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पोखरा में घुसा

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत रसड़ा फेफना मार्ग पर रामगढ़ गांव के सामने शनिवार की सुबह चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित हो पोखरे में जा घुसा। गनिमत यह रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ चालक और उपचालक को केवल मामूली चोट आयी, दोनो बाल बाल बचे। जानकारी के अनुसार ट्रक देवरिया से माल खाली करके बिहार बालू लादने जा रहा था, तभी वह रामगढ़ गांव के सामने पहुंचा ही था कि भोर का समय होने के कारण चालक को झपकी आ गया और ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के पास स्थित पोखरे में जा घुसा। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ चालक और उपचालक को हल्की चोटे आयी। आवाज सुनकर आस पास एवं सड़क पर टहलने वाले लोग पहुंचे। देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई और ग्रामीणों की मदद से चालक और उपचालक को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार किया गया। वही,किसी ने गाड़ी मालिक को सूचना दे दी। ट्रक मालिक द्वारा जेसीबी और क्रेन बुलाकर गाड़ी को बाहर निकाला गया।

### पुण्यतिथि पर गरीबों को ओढ़ाया गया कंबल

**बलिया।** बालीपुर गांव में वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सुरेश तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र देव कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी और डॉ. शैलेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धेय श्री तिवारी के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में जरूरतमंदों को कंबल वितरण भी किया गया, जिससे इस ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। कंबल वितरण कार्यक्रम में गांव के पूर्व प्रधान श्री राजेश तिवारी, अजीत तिवारी, अविनाश तिवारी, विवेकानंद तिवारी, अतुल तिवारी और गांव के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे और इस आयोजन की सफलता में योगदान दिया। समारोह में भाग लेने वालों ने स्व सुरेश तिवारी के समाज सेवा के कार्यों की सराहना की और उनके मार्गदर्शन में गांव की प्रगति की कामना की।

### पोलियो दिवस के पूर्व संध्या पर रैली निकाली गई रैली

**जौनपुर।** बक्शा ब्लाक के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्शा एट नौपेड़वा के अधीक्षक डॉ गोपेश सिंह के नेतृत्व में रामकिशोर बालिका बालिका इण्टर कालेज बेलापार नौपेड़वा के छात्राओं के साथ 8 दिसम्बर 2024 दिन रविवार को दो बूद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार के के तहत रैली निकाली गई जहाँ पर सीएचसी अधीक्षक गोपेश सिंह द्वारा जानकारी भी दिया गया कि भारत देश पोलियो मुक्त है फिर भी अभी कई देशों में है जिसके कारण फिर लौट सकता है ।अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दे पोलियो की खुराक हर बार दिलाये ।पोलियो पर देश की जीत बनाये रखने पर योगदान सभी दे।जहां पर मुख्य रूप से डॉ आलोक रघुवंशी,डॉ मनीष सोनकर, मो0 साकिर, नितेश यादव, अरविंद यादव,दयाशंकर सीएचसी के सभी स्टॉफ व बालिका इण्टर कालेज के अध्यापक उपस्थित रहे।

### अस्थाई गोशाला का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा अस्थाई गोशाला शाहपुर विकाश खंड बदलापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई अच्छी पाई गई। उन्होंने गोवंशो को गुड़ एवं केला खिलाया,सभी गोवंश स्वस्थ पाए गए। गौशाला में कुल 218 गोवंश संरक्षित हैं। गोवंश के अधिकता को देखते हुवे जिलाधिकारी द्वारा टीनसेट को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। भूसा, चुन्नी, चोकर तथा हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। इस अवसर पर खंड विकाश अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान, केयर टेकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल के मालवीय स्व. रमाशंकर सिंह का जन्मदिन विद्यालय परिवार ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**आजमगढ़।** जनपद के पश्चिमांचल कोयलसा में स्थित दर्जनों शिक्षण संस्थानों के संस्थापक स्वर्गीय रमाशंकर सिंह की पुण्यतिथि उद्योग विद्यालय इंटर कॉलेज कोयलसा आजमगढ़ के सभा कक्ष में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डा. निरंकार सिंह ने कहा कि आज हम सब जो कुछ भी है सब उन्हीं के दिखाए गए रास्ते और दिए गए प्रेरणा से है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि स्वर्गीय रमाशंकर सिंह ने शिक्षण संस्था और उससे जुड़े सभी शिक्षक, कर्मचारीऔर छात्र को ही सदैव अपना परिवार माना, इसी का परिणाम है की एक साधारण से परिवार में जन्मे व्यक्ति ने इस क्षेत्र में शिक्षा की अलग जगह कर हजारों परिवारों को रोजी-रोटी और लाखों परिवारों को शिक्षा का दान देकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दिया। आज ही के दिन स्वर्गीय रमाशंकर सिंह के अनुज स्वर्गीय राअवध सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक : डीआईओएस

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** महा कुम्भ स्वच्छ कुम्भ सुरक्षित कुम्भ कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपथ स्तर पर भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था प्रयागराज द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जनपद के विभिन्न कालेजों के स्काउट और गाइडों द्वारा अपने स्काउट मास्टर्स और गाइड कैप्टनों के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई जो के पी इण्टर कालेज से हनुमान मंदिर होते हुए होते हुए पुनः के पी इंटर कालेज में समाप्त हुई।मुख्य अतिथि पीएन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने हरी झंडी दिखाकर के पी इंटर कालेज के मुख्य द्वार से रैली को रवाना किया। इसके पूर्व अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमें लोगो को जागरूक करना आवश्यक है। इसीलिए आज साइकिल रैली के माध्यम आप सभी जागरण अभियान के तहत इस रैली में अवश्य शामिल हों। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ योगेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं खेल प्रवक्ता उमेश खरे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला सचिव एवं सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर कमलेश द्विवेदी, जिला गाइड कमिश्नर डॉ आकांक्षा केशरी, के पी इण्टर कालेज के डॉ अभिषेक मिश्रा, सी ए वी इंटर कालेज के नन्द जी यादव, राजर्षी पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कालेज के शिवाकांत एवं आकांक्षा कुशवाहा, जी जी आई सी सैदाबाद की अनीता श्रीवास्तव, गोपीनाथ गिरिजा नंदिनी इंटर कालेज की रेखा सिंह और श्वेता पाण्डेय, जी जी आई सी कटरा की रूबी मिश्रा क्रॉस्थवेट की गरिमा, चौधरी चरण सिंह इण्टर कालेज की नेहा एवं मान्धाता सिंह कर्नल गंज इण्टर कालेज के कुलदीप कुमार एवं विनोद कुमार, पंडित हनुमत दत्त इंटर कालेज के मनीष कुमार पाठक, भूपत सिंह इण्टर कालेज सहसों के फुले सिंह तथा तिलक इंटर कालेज कोटवा के अजय कुमार एवं उमलेश कुमार चौरसिया अपने विद्यालय के स्काउट एवं गाइड के साथ इस रैली में शामिल हुए।

# भाजपा सरकार तानाशाही पर उतारू: दुर्गा प्रसाद यादव



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हवलदार यादव व संचालन हरिप्रसाद दुबे महासचिव ने किया बैठक को संबोधित करते हुए विधायक व पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार तानाशाही पर उतारू है देश के संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने पर उतारू है उपचुनाव में धांधली व दमन कर मतदाताओं को वोट नहीं डालने दिया जा रहा है वोटर लिस्ट से ज्यादा से ज्यादा नाम काटे जा रहे हैं। विधायक आलमबदी आजमी, डॉक्टर संग्राम यादव, अखिलेश यादव, कमलाकांत राजभर ने कहा कि योगी सरकार सांप्रदायिकता के सहारे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं से ध्यान हटाना चाह रही है। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि सांप्रदायिकता, फसिस्टवादी, पूंजीवादी भाजपा सरकार दमन, अत्याचार, फर्जी मुकदमे गढ़कर डराकर अपने खिलाफ उठ रही जनता की आवाज को दबाना चाहती है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मिलकर वोटर लिस्ट पुर्ननिरीक्षण के कार्यों में लग जाए भाजपा साजिश करके सपा समर्थकों का नाम काट रही है संगठन के लोग घर-घर जाकर उनका पता लगाएं। विधानसभाओं की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया जाए। बैठक में पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, पूर्व एमएलसी राकेश यादव गुड्डू, पूर्व मंत्री डॉ रामदुलार राजभर,अजीत कुमार राव, डॉ हरिराम सिंह यादव, सोमनाथ यादव,जगदीश यादव, वसीमुद्दीन अहमद,अशोक कुमार यादव, डॉ धनराज यादव, दुर्गेश यादव, संतोष कुमार गौतम, आशुतोष चौधरी, जयराम सिंह पटेल, देवनाथ साहु,श्याम देव चौहान, प्रदीप कुमार यादव, वर्मन यादव,इंद्रजीत यादव, राजेश यादव,कुणाल मौर्य,जगदीश प्रसाद, सोहराब अहमद, इं.लालचंद यादव, वाचास्पति मिश्रा, सदानंद तिवारी, सीताराम कांदू, वसीम अहमद, सिकंदर यादव, मुस्तजाब आलम बाबू, राम सिंगर यादव,अवध राज यादव, सुनील यादव, शशि कुमार,गोलू यादव, धर्मेंद्र राजभर, किशोर कुमार यादव, कमलेश कुमार यादव आदि समाजवादी पार्टी के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीआरबी ने जंघई जंक्शन का किया निरीक्षण

- पुराना आरक्षण केंद्र और केबिन हटवा कर नए बनवाने के लिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** चेयरमैन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली सतीश कुमार ने जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान कार्य मे लापरवाही बरतने ठेकेदार पर भड़के तथा टूटी टाइल्स देख स्टेशन अधीक्षक से सवाल पूछा कहा कब ठीक होगा।

चेयरमैन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली सतीश कुमार ने जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। विशेष सैलून से सुबह करीब साढ़े नौ बजे स्टेशन पर पहुंचने के बाद सर्कुलेटिंग एरिया, आरपीएफ जीआरपी के थाना, प्लेटफार्म नंबर एक दो तीन चार और पांच का निरीक्षण किया। इस दौरान सर्कुलेटिंग एरिया पर पुराना पावर हाउस हटाने का निर्देश दिया, जिससे सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार हो सके। प्लेटफार्म नंबर एक पर बिछ रही रेलवे लाइन का निरीक्षण किया।

पुराने आरक्षण काउंटर को हटाकर नया बनाने का निर्देश दिया और पुरानी पावर केबिन जल्दी हटाने के लिए कहा। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर टूटी टाइल्स देख कर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई तथा स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह से टूटने का कारण पूछा। तब एसएस ने काम में लगे टैक्टर से टूटने की बात बताई तब उन्होंने जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया।

यार्ड रिमॉडलिंग के तहत कराए जा रहे कार्य के धीमा होने पर नाराजगी जताई तथा स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्यो को तेज गति से करने का निर्देश दिया। उनका सैलून 10.50 पर फाफामऊ के लिए रवाना हो गया। रेलवे बोर्ड के चैयरमेन सतीश कुमार करीब एक घंटा 20 मिनट तक जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रुके रहे।

उनके साथ डीआरएम लखनऊ शचीन्द्र मोहन शर्मा के साथ अन्य अधिकारी तथा स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह, सीएमआई आनंद कुमार श्रीवास्तव, पीड्ब्लूआई ज्ञानेंद्र मिश्रा, आरपीएफ प्रभारी जंघई दीपक कुमार, जीआरपी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव, विद्युत इंचार्ज नीरज कुमार तथा दिनेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# किसान संगठनों व एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ वित्त मंत्री ने की बजट पूर्व बैठक, सुझाव लिए गए

**नई दिल्ली।** किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा किए। आइए बैठक के बारे में और जानें।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किसान संघों के प्रतिनिधियों, प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के आगामी बजट के लिए हितधारकों के इनपुट और सुझाव एकत्र किए गए।

किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक में

**सुझाव**

**किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा किए।**

कृषि क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा किए। बैठक के दौरान कृषि अर्थशास्त्रियों ने टिकाऊ कृषि पद्धतियों, उत्पादकता वृद्धि और



बाजार सुधारों पर भी जानकारी दी।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में विभिन्न किसान संघों और प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ दूसरे बजट-पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। परामर्श के दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के हितधारकों के साथ बैठक में कर्नाटक की महिला उद्यमियों के संघ, कर्नाटक एससी और एसटी उद्यमी संघ; प्लांट-आधारित खाद्य उद्योग संघ, अंबाला वैज्ञानिक उपकरण निर्माता संघ, राजस्थान फुटवियर निर्माता संघ; अखिल भारतीय प्लास्टिक निर्माता संघ; अखिल भारतीय निर्माता संघ; गुजरात चैंबर ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन; कुटीर और लघु उद्योग संघों का महासंघ (पश्चिम बंगाल में स्थित); आंध्र प्रदेश लघु और मध्यम संघ का महासंघ; और लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में हुई चर्चाओं या विचार-विमर्श के बारे में और जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। वित्त मंत्रालय विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ हर साल कई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें करता है।

अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है। पिछले वर्षों की तरह, 2025-26 का बजट 1 फरवरी को पेश किए जाने की उम्मीद है। 2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। आने वाले बजट में सभी की निगाहें प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल कार्यकाल के लिए सरकार की प्रमुख घोषणाओं और सरकार के दूरगामी आर्थिक मार्गदर्शन पर होंगी।

## गुजरात साइंस सिटी में रामानुजन मेथेमेटिकल सीरीज़ का आयोजन किया जाएगा

**लखनऊ।** गुजरात साइंस सिटी में रामानुजन मेथेमेटिकल सीरीज़ का आयोजन किया जा रहा है। भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि देने के लिए साइंस सिटी में मेथ्स मंथ मनाया जा रहा है। जिसके भाग के रूप में सीसीएल-आईआईटी गांधीनगर के सहयोग से रामानुजन मेथेमेटिकल सीरीज़ आयोजित होने जा रही है।

इस सीरीज़ में 10 दिसंबर से 14 दिसंबर तक लाइफ ऑफ पाई नाम से वर्कशोप का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत सीसीएल-आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञ सहभागी छात्रों, शिक्षकों और आगंतुकों को गणित की विशिष्टताओं से अवगत कराएंगे। साथ ही गणितीय स्थिरांक Pi के महत्व और उसके गुणों के बारे में भी बात करेंगे। इस वर्कशोप में प्रतिभागियों को पाई की गहरी समझ हासिल होगी। यदि कोई छात्र, शिक्षक या गणित प्रेमी इस वर्कशोप में भाग लेना चाहते हैं, तो वे यहां दी गई लिंक पर रजिस्ट्रेशन करवा कर भाग ले सकते हैं।

## बीते तीन महीनों में 30 से 40% तक बढ़े पाम ऑयल के दाम




**नई दिल्ली।** सब्जी, दाले, और खाद्य तेलों की बढ़ती हुई कीमतों ने महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही हैं। इसकी वजह रसोई का बजट तो बिगड़ रहा है, साथ ही आम लोगों की जेब पर इसका असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाम तेल की कीमतों में वृद्धि बनी हुई है, इसकी वजह से 920 रुपये प्रति 10 किलो की कीमत पर बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपये प्रति 10 किलो पर पहुंच गए हैं। आइए जानें बाजार का हाल।

सब्जी, दाले, और खाद्य तेलों की बढ़ती हुई कीमतों ने महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही हैं। इसकी वजह रसोई का बजट तो बिगड़ रहा है, साथ ही आम लोगों की जेब पर इसका असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाम तेल की कीमतों में वृद्धि बनी हुई है, इसकी वजह से 920 रुपये प्रति 10 किलो की कीमत पर बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपये प्रति 10 किलो पर पहुंच गए हैं। इसका असर अब सूरजमूखी के तेल पर भी देखने को मिला है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के अनुसार पिछले 3 महीने से अधिक समय में खाद्य तेलों के दामों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक दाम बढ़ चुके हैं और अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार आ रही तेजी की खबरों ने सामान्य लोगों का तेल कहे जाने वाले पाम तेल को खाने के तेलों में सबसे ऊंची पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। तीन महीने पहले 920 रुपए प्रति 10 किलो बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपए प्रति 10 किलो तक पहुंचा दिए हैं।

पाम तेल महंगा होने के कारण लोगों ने सूरजमुखी तेल का ज्यादा इस्तेमाल करना शुरु किया, तो सूरजमुखी तेल के सबसे बड़े उत्पादक देश से कम उत्पादन की खबर सामने आई। वहीं इस बीच रूस ने भी सूरजमुखी तेल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी कर दी। इस सबके अलावा इंडोनेशिया मलेशिया और थाईलैंड जैसे पाम तेल के सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रायद्वीपीय देशों में बाढ़ आने से सप्लाई पर असर पड़ेगा। इसकी वजह से व्यापारी अभी से परेशान है।

सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश इंडोनेशिया में उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिली है। दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश मलेशिया में भी पाम तेल का इस्तेमाल जैव ईंधन बनाने के लिए किया जा रहा है, पहले यहां उत्पादन के 35 प्रतिशत से जैव ईंधन बनाया जा रहा था, जिसे 1 जनवरी से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का ऐलान किया जा चुका है। वहीं इस बड़े घटनाक्रम के तुरंत बाद थाईलैंड ने घरेलू आपूर्ति और दामों को काबू में रखने के लिए कच्चे पाम तेल के निर्यात पर बैन लगा दिया, जिसकी वजह से पाम तेल की कीमतों में आग लग गई है।

इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसे देश दुनिया में सबसे अधिक पाम तेल का उत्पादन करते हैं। इन सभी प्रायद्वीपीय देशों में हाल ही में बाढ़ के आने से आपूर्ति होने में समस्या हो रही है, जिसकी वजह से पाम तेल के भारतीय व्यापारी काफी परेशान है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि इन प्रायद्वीपीय देशों में आई बाढ़ एक दशक के सबसे भयानक रूप ले सकती है, जिसकी वजह से पाम के तेल के उत्पादन पर भारी असर पड़ सकता है। वहीं दुनिया के सबसे बड़े पाम तेल निर्यातक इंडोनेशिया द्वारा लगाए गए हाई एक्सपोर्ट टैक्स और लेवी से भी कीमतों को समर्थन मिल रहा है।

इंडोनेशिया ने दिसंबर के लिए अपने कच्चे पाम तेल (सीपीओ) के संदर्भ मूल्य को नवंबर के 961.97 डॉलर से बढ़ाकर 1,071.67 डॉलर प्रति मीट्रिक टन कर दिया है, जिससे निर्यात कर नवंबर के 124 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 178 डॉलर प्रति टन हो गया है। कच्चे पाम तेल की कीमतों बढ़ोतरी होने के कारण दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों ने साबुन की कीमतों 8 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है। कच्चे पाम तेल का इस्तेमाल साबुन बनाने में करती हैं। जिसकी वजह से साबुन के दामों बढ़ोतरी हुई है। हिंदुस्तान यूनिलिवर, विप्रो, गोदेरज जैसी कंपनियों ने दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। जिसका असर सीधे उपभोक्ता पर पड़ेगा।

## सा-धन ने नाबार्ड, एनआरएलएम, ने 'फाइनैंसिंग वुमेन-लेड इंटरप्राइजेज़ बाय रीजनल रूरल बैंक्स' विषय पर आयोजित की कार्यशाला

**लखनऊ।** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा भारत में महिलाओं की अगुवाईवाले उद्यमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, सा-धन ने नाबार्डद्वारा प्रवर्तित बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट बर्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड (सिबिल) के साथ मिलकर, आज लखनऊ में पूरे भारत के सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबीज) के अध्यक्षों की खातिर आधे दिन की एक कार्यशाला आयोजित की। बता दें कि सा-धन आरबीआई के द्वारा नियुक्त स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) तथा माइक्रोफाइनेंस व इम्पैक्ट फाइनेंस संस्थानों का एक संघ है।

इस ईवेंट की थीम- 'डेवलपिंग ए फाइनैंसिंग प्रोडक्ट फॉर आरआरबीज फॉर वुमेन इंटरप्राइजेज़ ऑफ एसएचजी- वुमेन अंडर लखपति दीदी प्रोग्राम' रही। समारोह का आयोजन बर्ड के कार्यालय में किया गया। इसमें शामिल कुछ प्रमुख विषय ये रहे 'अंडरस्टैंडिंग इंटरप्राइज़ फाइनैंसिंग प्रोग्राम', 'स्वयंसिद्धा एंड स्वयंसिद्धा प्रबल', साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित वक्ताओं की भागीदारी में 'बैंकर्स रोल एंड एक्सपेक्टेशंस' विषय पर गंभीर चर्चा भी की गई।

'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों' (आरआरबी') की लीडरशिप को एक साथ लाना इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य था, ताकि भारत सरकार की 'लखपति दीदी'वाली पहल का सहयोग व समर्थन करने में, उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की जा सके। 'लखपति दीदी' एक ऐसा अभूतपूर्व प्रोग्राम है, जिसने लोन की सुविधा और उद्यम को वित्तपोषित करके ग्रामीण महिलाओं के वित्तीय उत्थान को अपना लक्ष्य बना रखा है। यह बात उल्लेखनीय है कि 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों' ने, ग्रामीण इलाकों के अंदर वित्तीय सेवाओं का विस्तार करने में केंद्रीय भूमिका निभाई है। आरआरबीज् के पास देश भर में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बैंक लिंकेज प्रोग्राम्स के अंदर 40त्न की अच्छी-खासी हिस्सेदारी मौजूद है।

इस पहल का औचित्य समझाते हुए, सा-धन के कार्यकारी निदेशक और सीईओ श्री जीजी माम्मेन ने कहा-÷एसएचजी के महिला उद्यमों को बढ़ावा देना, एसएचजी-बैंक लिंकेज प्रोग्राम का अगला चरण है, जो अब तक वित्तीय समावेशन पर केंद्रित था। प्रधानमंत्री ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का विजन प्रदान किया है, जो कई महिला उद्यम विकसित करने के साथ जुड़ा हुआ है। इस यात्रा में, ग्रामीण इलाकों के अंदर अपनी विशाल उपस्थिति रखने वाले आरआरबीज् की भूमिका बहुत बड़ी है। इसी की एक आम रणनीति तैयार करना कार्यशाला का उद्देश्य रहा। सा-धन इसमें अपनी भूमिका निभाकर बहुत खुश है।

नाबार्ड के चेयरमैन श्री शाजी के वी ने कहा, ÷वर्तमान में केसीसी और एसएचजी के लोन आरआरबी के लोन पोर्टफोलियो का प्रमुख हिस्सा बने हुए हैं। लोन की उचित अंडरराइटिंग करके लोन पोर्टफोलियो में विविधता लाने की ज़रूरत है। आरआरबीज् के परिसंपत्ति वाले पोर्टफोलियो में विविधता लाने का सही तरीका यह है कि महिला उद्यमों का भरपूर साथ दिया जाए, जिससे घरेलू आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है और यह अर्थव्यवस्था को विकसित भारत बनाने की दिशा में प्रोत्साहित कर सकता है। नाबार्ड इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आरआरबीज् का समर्थन करेगा, और अगर जरूरत पड़ी तो एक साझा मंच भी विकसित किया जाएगा।

## ईडी ने 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है। इस मामले में एजेंसी टिबरेवाल से पूछताछ कर रही है।ङ्ख

प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इनमें चल संपत्तियां शामिल हैं। इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड की संपत्तियां, इएफपीआई और एफडीआई के माध्यम से दुबई स्थित ÷हवाला ऑपरेटर÷ हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई व मध्य प्रदेश में कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 5 दिसंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसका कुल मूल्य 387.99 करोड़ रुपये है।

इस मामले में एजेंसी टिबरेवाल से पूछताछ कर रही है। ईडी ने इस जांच के दौरान कई ऐसे आदेश जारी किए हैं और नवीनतम आदेश के साथ अब तक 2,295.61 करोड़ रुपये की संपत्ति या तो फ्रीज, कुर्क या जब्त कर ली गई है। इस मामले में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और ईडी ने चार आरोपपत्र दायर किए हैं। एजेंसी ने पहले भी आरोप लगाया है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग (एमओबी) गेमिंग और बेटिंग एप की जांच में छत्तीसगढ़ के कई बड़े नेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है।

## इंफोसिस संस्थापक ने 50 करोड़ में खरीदी लग्जरी फ्लैट, अपार्टमेंट में पहले से हैं ये दिग्गज

**नई दिल्ली।** किंगफिशर टावर्स का नारायणमूर्ति के परिवार का पहले से भी संबंध रहा है। नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने चार साल पहले 23वीं मंजिल पर 29 करोड़ रुपये में फ्लैट खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार टॉवर में रहने वाले अन्य प्रमुख लोगों में बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ और कर्नाटक के मंत्री केजे जॉर्ज के बेटे राणा जॉर्ज भी शामिल हैं। आइए और जानें।

दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने 50 करोड़ रुपये में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। यह अपार्टमेंट बेंगलुरु के किंगफिशर टावर्स में 16वीं मंजिल पर स्थित है। इस 8,400 वर्ग फुट वाले इस अपार्टमेंट में 4 बेडरूम और 5 कार पार्किंग हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट एक रिपोर्ट के अनुसार इस सौदे की कीमत 59,500 रुपये प्रति वर्ग फुट है।

रिपोर्ट के अनुसार नारायण मूर्ति ने जहां अपना नया अपार्टमेंट लिया है, उस जमीन पर कभी विजय माल्या का पैतृक घर हुआ करता था। किंगफिशर टावर्स परियोजना की शुरुआत 2010 में प्रेस्टीज ग्रुप और विजय माल्या की कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में गई थी। इन लग्जरी अपार्टमेंट्स के लिए शुरू में 22,000 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से जमीन बेची गई थी। जिस अब फ्लैट को नारायण मूर्ति ने खरीदा है उसे शुरुआत में मुंबई के एक व्यवसायी से खरीदा गया था, जिसके पास लगभग एक दशक तक यह संपत्ति रही।

किंगफिशर टावर्स का नारायणमूर्ति के परिवार का पहले से भी संबंध रहा है। नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने चार साल पहले 23वीं मंजिल पर 29 करोड़ रुपये में फ्लैट खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार टॉवर में रहने वाले अन्य प्रमुख लोगों में बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ और कर्नाटक के मंत्री केजे जॉर्ज के बेटे राणा जॉर्ज भी शामिल हैं।

## भुवन बाम ने जेएफएफ में नई पीढ़ी के सिनेमा की भूमिका पर साझा किए मूल्यवान अनुभव

**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा यात्रा करने वाला जागरण फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली के प्रतिष्ठित सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में शानदार शुरुआत के साथ सुर्खियों में रहा। सभी के लिए अच्छा सिनेमा की टैगलाइन के साथ, जेएफएफ एक ऐसा जीवंत मंच है जहां दुनिया भर के प्रसिद्ध और नवोदित फिल्म निर्माताओं को अपनी कला को विविध दर्शकों के सामने पेश करने का अवसर मिलता है। फीचर फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, डॉक्युमेंट्री और अन्य श्रेणियों का उत्सव मनाने के लिए मशहूर यह फेस्टिवल वैश्विक फिल्म उद्योग कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अपने 12वें संस्करण में, फेस्टिवल ने इन कन्वर्सेशन श्रृंखला के तहत मशहूर कलाकारों के साथ शानदार साझेदारी पेश की। इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में से एक था अचीवर्स टॉक सत्र, जिसमें बहुमुखी अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर भुवन बाम ने हिस्सा लिया।



इस सत्र का संचालन मशहूर होस्ट जैनिस सुकैरा ने किया। यूट्यूब सेंसेशन से ओटीटी शो ताज़ा खबर के जरिए मुख्यधारा के अभिनेता बनने तक के सफर पर चर्चा करते हुए भुवन बाम ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा मेरी यात्रा का सबसे कठिन हिस्सा दूसरों को यह विश्वास दिलाना था कि मेरे पास प्रतिभा है। खुद को साबित करना हम सभी के लिए एक चुनौती है, खासकर जब हम किसी नई चीज़ में कदम रखते हैं। यह दिखाने का एक निरंतर दबाव रहता है कि आप योग्य हैं, रूढ़ियों को तोड़ने और संदेहों पर विजय पाने की जरूरत होती है - अपने और दूसरों के। लेकिन एक चीज़ जो मैंने सीखी है, वह यह है कि अगर आप अपने माता-पिता को मना सकते हैं, तो आपको किसी और को मनाने की जरूरत नहीं होती। वे आपके सबसे ईमानदार आलोचक होते हैं, जो आपको सबसे अच्छी तरह जानते हैं, और उनके विश्वास के साथ आप अपने सपनों की नींव मजबूती से रख सकते हैं। एक बार जब उनके पास आपका विश्वास और समर्थन हो, तो यह आपको दुनिया की किसी भी चुनौती का सामना करने की ताकत देता है। अधिक रोमांचक अपडेट, घोषणाओं और पर्दे के पीछे की मजेदार झलकियों के लिए जुड़े रहें।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या पर वाद प्रतिवाद प्रतियोगिता

**लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू




वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, हेमू चौरसिया, रनवीर सिंह और विनय दुबे ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में नेचुरल टच वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष स्मृति शर्मा के संयोजन में बच्चों द्वारा वाद प्रतिवाद प्रतियोगिता हुई। वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय अव्यवस्था के लिए सिर्फ सरकार जिम्मेदार या हम भी। वाद-विवाद प्रतियोगिता से युवाओं को ज्ञान अर्जित करने की पहल नेचुरल ट्रस्ट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागी ने भाग लिया जो कि पांच पक्ष में पांच विपक्ष में संपन्न हुई। नृत्य प्रस्तुति में नायिका यानी सीता अपने नायक राम के घर आने का इंतजार कर रही है। हिमांशी पांडे, रीता शुक्ला, करीना भट्ट,रिया कनौजिया, दीपाली वर्मा, विनीता देवी, निहारिका जोशी,खुशी, गौरी गुप्ता एवं वैष्णवी सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, भारती सिंह, सरूपा तिवारी, अनन्या वर्मा और शिवम वर्मा उपस्थित रहे। मनीष पंडित और प्रदीप शुक्ला ने मंच का संचालन किया गया।

## एसबीआई कार्ड ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार किया

**लखनऊ।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है।

1998 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डों से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को-ब्रांडेड साझेदारियों तक, रिवाड्र्स-संचालित और जीवनशैली-केंद्रित आफरों तक, एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है।

**रेखांकित**

**एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है।**

एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25% CAGR और स्पेंड्स में 26% CAGR की मजबूत वृद्धि देखी है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा एसबीआई कार्ड ब्रांड लाइफ को आसान बनाएं के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है। यह नवाचार, बेहतर ग्राहक सेवा और




हर भारतीय को सुविधाजनक, सुरक्षित और रिवाड्र्स देने वाले भुगतान समाधानों के साथ सशक्त बनाने के दृष्टिकोण पर हमारे अथक ध्यान को दर्शाता है। हम अपने बढ़ते ग्राहक आधार को अद्वितीय मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि हम उनकी विकसित आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखते हैं।

एसबीआई कार्ड के पास आज भारत भर में चारों तरफ एक मजबूत ग्राहक अधिग्रहण नेटवर्क है, जिसमें BANCA और ओपन मार्केट शामिल है। एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्डों का एक विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें विशेष AURUM, एक सुपर-प्रीमियम कार्ड, और प्रीमियम सेगमेंट के लिए सुविधा संपन्न एसबीआई कार्ड एलीट शामिल है। कैशबैक एसबीआई कार्ड, सिंपलीक्लिक एसबीआई कार्ड, सिंपलीसेव एसबीआई कार्ड और एसबीआई कार्ड प्लस जैसे क्रेडिट कार्ड विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तयशुदा लाभ प्रदान करते हैं। एसबीआई कार्ड को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड प्रदान करता है जैसे, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड, एयर इंडिया सिग्नेचर एसबीआई कार्ड, बीपीसीएल एसबीआई कार्ड और आईआरसीटीसी एसबीआई कार्ड जो विश्व भ्रमण करने वालों और यात्रा करने वालों की जरुरतों को पूरा करता है। इसके साथ ही, रिटेल-केंद्रित क्रेडिट कार्ड, जिसमें टाइटन एसबीआई कार्ड और रिलायंस एसबीआई कार्ड शामिल हैं जो लाइफस्टाइल खर्च को मूल्यवान बनाते हैं। आज, एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड देश के सभी प्रमुख भुगतान नेटवर्क पर उपलब्ध हैं।

इन वर्षों में, एसबीआई कार्ड ने निर्बाध डिजिटल ऑनबोर्डिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और मजबूत रिवाड्र्स कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया है, जिससे यह आज लगभग 2 करोड़ भारतीय ग्राहकों के लिए पसंदीदा विकल्प बन गया है।

## हाटा विधायक ने देखी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित मंगलम मैरेज हाल में शनिवार को हाटा विधायक मोहन वर्मा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। बता दें कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' गुजरात के गोधरा कांड साबरमती ट्रेन हादसे की कहानी को फिल्म निर्देशकों ने फिल्मी परदे पर उतारा जिसके बाद भाजपा के लोगों को केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर फिल्म देखने का फरमान जारी हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता रामबचन सिंह, हाटा नगर मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह, सुकरौली मंडल अध्यक्ष ज्ञान विक्रम सिंह, हाटा देहात मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा, अहिरौली मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे, मोतीचक मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल कनौजिया, महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, महामंत्री अरुण पांडे, रितेश नथानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एडीएम ने किया स्मारिका का विमोचन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ने बताया कि जनपद में शनिवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय अमेठी के द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता को प्रतीक स्वरूप झण्डा लगाया गया तथा निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त नागरिकों व कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित जनों से सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ धन संग्रह हेतु जनपदवासियों से दान करने की अपील भी किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कार्यालय के उपस्थित कर्मचारीगण रवीन्द्र नारायण रैयाज अहमद खुर्शीद हुसैन एवं पूर्व सैनिकों द्वारा उक्त आयोजित कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।

## सचिव/अपर जिला जज ने किया औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया में निरुद्ध बंदियों के सम्बन्ध में किये गये कार्यवाही से उनसे व्यक्तिगत रुप से मिलकर अवगत कराया गया। सचिव द्वारा कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली (नालसा) के द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 के अनुसार कार्य करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तथा सचिव द्वारा कारागार अधीक्षक को शिकायत पेटिका कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुए उनके द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार,डिप्टी जेलर श्री आदित्य व जेल वार्डन उपस्थित रहें।

## निःक्षय वाहन रवाना कर टीबी अभियान का शुभारंभ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में आयोजित एक समारोह में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2025 तक देश से ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) को समाप्त करने का संकल्प पूरा करने में यह अभियान अहम भूमिका निभाएगा। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने स्वास्थ्यकर्मियों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाएं। उन्होंने निःक्षय मित्रों और टीबी चैंपियन्स को सम्मानित किया और टीबी प्रभावित लाभार्थियों को पोषण पोटली वितरित की। इसके अलावा, उन्होंने निःक्षय वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदर सांसद ने कहा कि यह अभियान प्रदेश के उन 15 जनपदों में चलाया जा रहा है जहां टीबी से होने वाली मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत (3.6 प्रतिशत) के बराबर या उससे अधिक है। इसके अतिरिक्त, अभियान का लक्ष्य नए टीबी मरीजों की पहचान बढ़ाना और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में रोगियों की पहचान को बेहतर करना है।

# उच्च नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम है स्काउट गाईड : मोहन

- देशभक्ति की भावना जागृत करता है स्काउट गाइड : संजय सिंह
- केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



टोलियों का निरीक्षण करते विधायक मोहन वर्मा व संजय सिंह

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में चल रहे तीन दिवसीय उप्र भारत स्काउट गाइड शिविर शनिवार को समापन हो गया। तीन दिवसीय शिविर में स्काउट और गाइडों द्वारा टेंट निर्माण, गांठ बांधना, स्वच्छता, साफ सफाई, रसोई, मकान व वृहद कैंप के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने टोलियों का निरीक्षण कर खूब सराहना की।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की कला सिखाता है। स्काउट गाइड से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास के साथ देश सेवा की भावना जागृत होता है। आगे कहा कि संकट के समय में स्काउट गाइड की मदद से अपनी और लोगों की जान बचाई जा सकती है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना ने कहा कि स्काउट गाइड के मध्यम से बच्चों में प्रतिज्ञा व नियमों का पालन सीखने के साथ ही देशभक्ति की भावना जागृत होती है। कहा कि जंगल या पहाड़ों पर संकट के समय में टेंट लगाकर अपने आप को सुरक्षित रखने में स्काउट गाइड मदद करता है। अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक फुलेना सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड हमें देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। शिविर समापन के मौके पर आए सभी अतिथियों का स्वागत आदित्य प्रकाश सिंह ने किया। शिविर का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त मो. इजहारुल खान ने किया। शिविर समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टोलियों को पुरस्कृत व स्काउट गाइडों में प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्काउट गाइड प्रशिक्षु एन.पी. सिंह, राहुल गौंड, अभिषेक चौधरी, विनोद सिंह, विजय कुमार पांडेय, प्रधान सुनील कुमार गौंड, समेत सुरेश भारती, अमित सिंह, सरिता जायसवाल, पिंटू रावत, कुमुद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अधिक पाने की लालसा में प्राणी दुखी व सन्तप्त है



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के कसारा गांव में अभयराज मिश्र के यहां चल रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य देवव्रत महाराज ने कई मार्मिक प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत मनुष्यों के दैहिक दैविक व भौतिक तीनों तरह के पाप व संताप को दूर करने वाला है। ज्ञान वैराग्य और भक्ति प्रसंग पर विस्तार से कथा सुनाई। कहा कि वर्तमान में हर व्यक्ति दुखी व संतप्त है कारण यह कि जो कुछ उसके पास है उससे कही और अधिक पाने की कामना उसे अन्दर ही अन्दर जलाये जा रही है। लोगो की तमाम समस्यायें खुद उसके मन मस्तिष्क की देन है तथा व्यक्ति शरीर से नही अपितु मन से बीमार है। जैसे हम शरीर पीड़ा का शमन औषधि के माध्यम से करते है वैसे हमे बीमार मन का उपचार भगवत नाम की रामबाण औषधि से करना चाहिए। यह संसार दुख का सागर है दुख मनुष्य की सम्पत्ति है। महाभारत युद्ध के उपरांत जब भगवान श्री कृष्ण हस्तिनापुर से द्वारिका जाने लगे उस समय अपनी बुआ देवी कुंती से विदा मांगा कुंती ने कहा कि जब जब मेरे जीवन में विपत्ति आई तब तब आप हमारे साथ रहे आज जब विपत्ति दूर हो गई। सुख का समय आ गया है। तो आप विदा लेना चाह रहे हैं। मैं आपसे यही वरदान मांगती हूं कि मेरे जीवन में दुख हमेशा बना रहे। संसार के लोग भगवान से सुख धन और ऐश्वर्य चाहते हैं। लेकिन देवी कुंती ने भगवान से दुख का वरदान मांगा था। उन्होंने शनिवार को अन्य कई मार्मिक प्रसंगों का भी वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

# आंबेडकरवादी संगठनों ने निकाला कैंडिलमार्च

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार की देर शाम नगर अमेठी में कैंडेल मार्च निकाला गया। कैंडेल मार्च में बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के साथ सभी आम्बेडकर वादी संगठनों के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए।कैंडेल मार्च का नेतृत्व सिरमौर बौद्ध विहार के प्रबंधक भंते प्रज्ञा मित्र ने किया।

कैंडेल मार्च बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक त्रिसरण पंचशील के साथ शुरू हुआ और गांधी चौक और ददन सदन तिराहा होते हुए वापस डा अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुआ।

कोतवाली अमेठी की ओर से एस आई आर सी यादव पुलिस बल के साथ कैंडेल मार्च के साथ नगर भ्रमण में शामिल रहे। अम्बेडकर सेवा समिति आम नागरिक सुरक्षा सेना वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति बामसेफ भीम आर्मी बी एस पी और आसपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए भारतीय संविधान जिन्दाबाद बाबा साहब अमर रहे जय जय भीम के नारे लगाते हुए बुद्धं शरणं गच्छामि के संदेश दिए। सिरमौर बौद्ध विहार सेवा संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध आम नागरिक सुरक्षा सेना के अध्यक्ष शमशेर बौद्ध वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के अध्यक्ष संजय कुमार अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ उदय राज राजेश अकेला आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी। भीम आर्मी के मो इश्तियाक वरिष्ठ बौद्धाचार्य राम समुझ वैरागी राम भारती राम फल फौजी राम प्रताप शिव हर्ष साधू राम इन्द्र पाल गौतम बृजेश कुमार ललित कुमार नरेंद्र कुमार राम चन्द्र सरस, श्याम लाल पलटूराम विमल कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कैंडेल मार्च के बाद देर शाम विचार गोष्ठी का संचालन संजय कुमार ने किया। राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्र मंदीप ने जयभीम शब्द के महत्व की व्याख्या करते हुए लोगों को प्रेरणास्पद संदेश दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील रुद्रपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील रुद्रपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में उषा देवी पत्नी रामदुलारे मौर्य निवासी मेदनापुर ने अवैध निर्माण की वजह से मार्ग अतिक्रमित होने की शिकायत की और निर्माण को रुकवाने की मांग की जिस पर डीएम ने तत्काल टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। महातम तिवारी पुत्र स्वर्गीय कमला तिवारी निवासी पड़री मिश्र ने बैनामा के आधार पर खतौनी में अपना नाम दर्ज करने का आवेदन दिया, जिस पर डीएम ने अभिलेखों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। ज्योति आदेश के बावजूद 7 माह से खतौनी में नाम दर्ज न होने की शिकायत की जिस पर डीएम ने तत्काल अभिलेखों के आधार पर नाम दर्ज कर का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 24 के तहत होने वाली पत्थर नसब की कार्रवाई का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई व्यक्ति पत्थर को हटाता है तो उसके विरुद्ध लोकशान्ति भंग करने की कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में कई प्रकरण बैनामे से संबंधित विवाद से जुड़े मिले। ऐसे प्रकरणों में जिसका बैनामा पहले है, कब्जा उसे ही दिलाया जाए। एक ही चौहद्दी वाली भूमि का दूसरा बैनामा करने वाले विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकांश शिकायते पारिवारिक-पट्टीदारी के भूमि विवाद से जुड़ी हैं। ऐसे में सभी पक्षों को सुनने के बाद ही कार्रवाई की जाए। राजस्व विभाग के लेखपाल अपने-अपने हलकों में नियमित भ्रमणशील रहें और भूमि विवादों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक भूमि, खलिहान, चकरोड, अथवा नालों पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर दी जाए।

# दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** ब्लॉक संसाधन केंद्र औरा चौरी पर दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने सरस्वती और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

मुख्य अतिथि डॉक्टर शलभ मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनपद स्तर पर किसी भी समस्या के समाधान के लिए विधायक निधि से सहयोग का आश्वासन दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विभाग दिव्यांग बच्चों की सर्वांगीण उन्नति के लिए हरसंभव प्रयासरत है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ज्ञानेंद्र सिंह ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और उपकरणों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत मंचासीन अतिथियों ने 156 दिव्यांग छात्रों को विभिन्न उपकरण वितरित किए। वितरित उपकरणों में 11 ट्राई साइकिल, 14 व्हील चेयर, 19 कैलीपर, 12 रोलेटर, 40 वॉकिंग स्टिक, 10 सीपी चेयर, 5 ब्रेल किट, 23 एमआर किट और 22 श्रवण यंत्र शामिल थे। कंपोजिट विद्यालय अवरा और स्वामी विवेकानंद विद्यालय की दिव्यांग छात्राओं ने सरस्वती वंदना और झांकी प्रस्तुत की। कंपोजिट विद्यालय सहवा के छात्र सुधीर सिंह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी जय राम पाल, और जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ज्ञानेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विशेष शिक्षिकाओं रीना सिंह, रेनू पांडे, और सुषमा राय ने मंचासीन अतिथियों का बैज अलंकरण कर उनका स्वागत किया।

# मार्कशीट और टीसी देने के नाम पर छात्रा से 17 हजार रुपए की मांग

## पडरौना स्थित वी.बी.डी. इंटर कालेज का मामला

- छात्रा के पिता ने डीएम और डीआईओएस को शिकायती पत्र देकर लगाई गुहार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के बलूचहां पुल के समीप संचालित वी.बी.डी. इण्टर कालेज द्वारा हाईस्कूल प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्रा का अंक पत्र और स्थानांतरण प्रमाण पत्र रोककर अवैध रूप से 17 हजार रुपए मांग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता ने विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के खिलाफ जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर बच्ची की भविष्य की दुहाई देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर टोला मंगरुआ कुट्टी निवासी व अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी पुत्री दिल्यांका उपाध्याय ने वर्ष 2023-24 में पडरौना नगर के बलुचहा पुल के समीप संचालित वी.बी.डी. इण्टर कालेज से दसवीं में परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इसके बाद वह आगे की पढाई के लिए पडरौना नगर में संचालित उदित नारायण इण्टर कालेज में 11वीं में दाखिला करा लिया है लेकिन अभी तक पूर्व में शिक्षा ग्रहण किए गए उक्त कालेज से उनकी पुत्री का अंकपत्र व टीसी नही दिया गया है। इसके वजह से उदित नारायण इंटर कालेज में उनकी पुत्री का रजिस्ट्रेशन नही हो पाया है। नतीजतन उनकी पुत्री का न सिर्फ शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है बल्कि उनकी पुत्री की पढ़ाई पर संकट उत्पन्न हो गया है। दिल्यांका के पिता दिनेश उपाध्याय ने अपने शिकायत में यह भी लिखा है कि जब वह कालेज के प्रबन्धक से स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र व अंक-पत्र की मांग किया तो प्रबंधक ने अनुचित व अवैध रूप से 17 हजार रुपए की मांग करने लगे। इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी पुत्री का सभी शुल्क जमा कर दिए है फिर 17 हजार रुपए किस बात की मांग कर रहे है। छात्रा के पिता ने कहा कि विद्यालय का कोई बकाया नही है उन्होने प्रबंधक के सामने इतनी धनराशि देने में असमर्थता जाहिर किया तो प्रबंधक ने साफ तौर पर कहा कि जब तक रुपए जमा नही करेंगे, टीसी और अंक पत्र नही मिलेगा। **प्रबंधक ने कहा डीएम और डीआईओएस देगे टीसी**-छात्रा के पिता व अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी को शिकायती देने के दो दिन बाद विद्यालय के प्रबंधक ने फोन करके कहा कि डीएम और डीआईओएस आपको टीसी दिला देगे। जाइए डीएम और डीआईओएस से टीसी और अंक पत्र ले लीजिए।

# प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



- तमकुहीराज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियाद

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/ फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी -बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों को समय से का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 140 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 77 में से 12 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 29, विकास विभाग से संबंधित 18 तथा अन्य विभाग के 28 मामले आए। इस प्रकार कुल 152 में से 12 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 140 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

# शहीद जवान की पुण्यतिथि पर मूर्ति का हुआ अनावरण

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम पिपरा निवासी शहीद जवान के याद में मूर्ति का अनावरण किया गया। शहीद जवान स्वर्गीय महंथ सिंह पुत्र स्व. बेलभद्र सिंह निवासी पिपरा जो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में एएसआई के पद पर कार्यरत थे। बीते वर्ष 07 दिसंबर 2023 को देश सेवा के दौरान वह शहीद हो गए थे। शनिवार को उनके पुण्यतिथि पर उनके पुत्र आशुतोष सिंह ने उनके प्रतिमा का अनावरण कराया। आशुतोष सिंह ने कहा कि आज पिता जी की पुण्यतिथि पर मै उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे गर्व है कि मेरे पिता देश सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। बाबू नन्दन सिंह ने कहा कि शहीदों को भगवान की तरह पूजना चाहिए।इनका जितना मान और सम्मान करें उतना ही कम है। अविनाश सिंह ने शहीद जवान के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रध्दांजली अर्पित की उन्होंने कहा कि आज हम सब सुकून से बैठे है तो ये सब सैनिकों की ही देन है। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौरव त्रिपाठी ने शहीद महंथ सिंह के बलिदान और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता और समर्पण देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान ग्राम प्रधान अरविंद यादव अनूप सिंह धनंजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## अप्रैल से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से होगी उड़ान

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** लंबी प्रतीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से जेटविंग्स एयरवेज ने यहां से उड़ान भरने की हरी झंडी दी है। अप्रैल से जेटविंग्स एयरवेज यहां से दिल्ली, लखनऊ और गया के लिए उड़ान भरेगी। अब यहां से हवाई यात्रा करने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी। एयरलाइंस की ओर से यह जानकारी एयरपोर्ट डायरेक्टर को दी गई है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर का 20 अक्तूबर 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया था। यहां से एक विमानन कंपनी दिल्ली के लिए उड़ान भर रही थी, जो पिछले एक वर्ष से बंद है। इससे हवाई यात्रा करने वाले पूर्वांचल सहित बिहार के पश्चिमी इलाकों के लोगों में काफी मायूसी है। जेट विंग्स एयरवेज की ओर से यहां से उड़ान भरने की हरी झंडी मिलते ही जल्द ही हवाई सेवा का लुत्फ उठाया जा सकेगा। जेट विंग्स एयरवेज यहां से 80 सीटर बंबार्डियर (क्यू 400) दिल्ली लखनऊ और गया की उड़ान भरेगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि जेट विंग्स एयरवेज के यहां से दिल्ली लखनऊ और गया के लिए उड़ान भरने की सूचना मिली है। एयरवेज कंपनी की ओर से अप्रैल 2025 से उड़ान शुरू हो जाएगी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रधान प्रतिनिधि की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के चांदनी चौक स्थित बिजली घर के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों में पीछे बैठे ग्राम सभा बेलभद्र छपरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वही मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज कप्तानगंज सर्वेश कुमार राय मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ठोकर मारने वाली गाड़ी फरार हो गई। शनिवार की शाम कप्तानगंज विकासखंड के बेलभद्र छपरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वकील सिंह और उनके साथ गांव के ही जगदीश शर्मा जो मोटरसाइकिल चला रहे थे कप्तानगंज कस्बे में घरेलू सामान खरीदने आए थे घर वापस जाते समय चांदनी चौक के पास बिजली घर के सामने हाटा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वकील सिंह पुत्र शंकर सिंह उम्र 44 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल चालक जगदीश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्रथम उपचार कर उन्हें घर के लिए छोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज कप्तानगंज सर्वेश कुमार राय मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार गाड़ी के खोजबीन में जुट गए। मृतक के घर पर घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी ग्राम प्रधान अनीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था वह रह रह कर अचेत हो जा रही थी।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए अजय राय

- संभल में सरकार ने किया अत्याचारः अजय रायपीड़ित मासूम ओसामा के घर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष-
- अजय राय दुख प्रकट करने कांग्रेसियों के घर पहुंचे



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता अजय राय विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए शनिवार को सुलतानपुर पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व मंत्री मोईद अहमद के शहर में बहादुरपुर रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने के पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता अजय राय ने संभल हिंसा को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा कि संभल में सरकार ने अत्याचार और अन्याय किया जिन लोगों ने वहां पर गोली चलवा कर हत्याएं कराई उन लोगों पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए उन अधिकारियों को जेल भेजें अगर यह सरकार नहीं करपाई तो 2027 में जब हमारी सरकार बनेगी निश्चित तौर पर हम उन अधिकारियों को जेल भेजने का काम करेंगे। श्री राय नाम बांग्लादेश में जो अत्याचार हो रहा है उसे पर केंद्र की मोदी सरकार को कार्रवाई करना चाहिए। मासूम ओसामा का विगत दिनों अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी गई थी शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जनपद अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ मासूम ओसामा के परिजन से मिले और गहरा दुख प्रकट किया। कांग्रेस नेता अजय राय ने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद वह न्याय का भरोसा दिलाया। जनपद के बहादुरपुर ग्राम पंचायत के रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता साबिर खान के घर शनिवार दोपहर कांग्रेस नेता अजय राय पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ नेता साबिर खान के परिजनों से मिलकर दुख प्रकट किया। आपको बता दें कि विगत दिनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेता साबिर खान का आकस्मिक निधन हो गया था जिससे कांग्रेसी आहत थे। वही पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता अजय राय शहर के नबीपुर निवासी शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश गौतम के घर दुख प्रकट करने पहुंचे। बता दे कि विगत दिनों शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश गौतम की पत्नी का निधन हो गया था शनिवार को उनकी 13वीं संस्कार कार्यक्रम में पहुंच कर दुख प्रकट किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह नोएडा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी प्रवक्ता नफीस फारुकी उपाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी पवन मिश्रा कटवा ममनून आलम ओवैस अहमद ओमप्रकाश दुबे लाल पद्माकर सिंह शीतल साहू मानस तिवारी फिरोज अहमद तेज बहादुर पाठक मनोज तिवारी महेंद्र सिंह सिराज अहमद भोला पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी वरुण मिश्रा सहित दर्जनों कांग्रेसी साथ रहे।

## 45 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, एसपी ने किया बेहतर प्रदर्शनकारियों को सम्मानित




**सुल्तानपुर/अवधनामा संवाददाता।** पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ के आदेशानुसार पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुल्तानपुर में रैंकर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस प्रोन्नत कोर्स दिनांक 24.10.2024 से 7.12 .2024 तक एक 45 दिवसीय प्रशिक्षण संचालित किया गया। जिसका दिनांक 7.12.2024 को समापन किया गया 7इस प्रशिक्षण में 160 उपनिरीक्षक द्वारा प्रतिभाग किया गया था। जिसमें शारीरिक दक्षता बढ़ाने व नए कानूनों के साथ-साथ अन्य विषयों का प्रशिक्षण भी दिया गया 7 प्रशिक्षण के अंत में बाह्य व अंतः विषयों की परीक्षा संपादित कराई गई,जिसमें उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा बाह्य विषय में प्रथम स्थान, उप निरीक्षक हरिकेश सिंह द्वारा अंतः विषय में प्रथम स्थान, उपनिरीक्षक श्री राम हरि द्वारा तृतीय स्थान तथा उपनिरीक्षक छबिलाल द्वारा अंतः बाह्य विषय व साक्षात्कार में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। जिनको पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार मिश्र द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा तथा उनके उज्जवल भविष्य के कामना की गई। समापन समारोह में मायाराम वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक, लल्लन यादव सैन्य सहायक आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाया अभियान, 54 लीटर अवैध कच्ची शराब व 300 किलो लगान कराया नष्ट



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी सुल्तानपुर के निर्देशन में विपिन कुमार द्विवेद्वी उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार आबकारी निरीक्षक सदर की संयुक्त टीम ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चला। आबकारी निरीक्षक ने स्टाफ अंकित शर्मा आबकारी सिपाही, राजीव शुक्ल आबकारी सिपाही ओमवीर सिंह आबकारी सिपाही द्वारा ग्राम बल्लीपुर पूरब में दबिश दी ।मौके पर 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए गया 54 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 300 किलो लहन बरामद किया गया जिसे मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को बताया गया कि कच्ची शराब का सेवन न करें मौके पर ही ग्राम में पोस्टर चिपकाए गए। टीम द्वारा सर्किल एक दुकानों का निरीक्षण किया गया व ढाबो की भी चेकिंग की गई तथा सभी ढाबो के मालिकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह अवैध शराब का सेवन अपने ढाबो पर ना करवाएं।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर डी एम,एस पी ने तहसील सदर में सुनी जनसमस्याएं




**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जनता की समस्याएं सुनी गयी। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा तहसील सदर पंहुचकर जनता की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित सभी राजस्व अधिकारी/कर्मचारीगण तथा पुलिस के अधिकारी /कर्मचारीगण को क्षेत्र से आने वाले जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं उनसे अच्छा व्यवहार करने हेतु दिशा निर्देश दिया।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने किया अमरावती इंटरप्राइजेज इण्टरलाकिंग ईट उद्योग का शुभारंभ



**भदैया, सुल्तानपुर।** ब्लाक क्षेत्र के अभियाखुर्द ग्राम सभा में सचिन पाण्डेय ने अमरावती इंटरप्राइजेज इण्टरलाकिंग ईट उद्योग की शुरुआत की किया। जिसके मुख्यअतिथि परशुराम समिति के अध्यक्ष वा लम्भुआ के पुर्व विधायक संतोष पाण्डेय ने सचिन पाण्डेय की दादी अमरावती जी के साथ फीता काट कर ईट उद्योग का शुभारंभ किया। जहां पर जहां इस मौके पर प्रधान वेला सदा मुन्नालाल के साथ ही पत्रकार शिवकर दुबे, भारत पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, पं श्याम किशोर दूबे , दिव्यांशु शुक्ला, शिव शंकर पाण्डेय, दिव्यांशु शुक्ला, अजय दुबे,प्रिंस तिवारी,लकी शुक्ला, भुपेश मिश्रा, अजय तिवारी, वृजेश शुक्ला, विजय शंकर पाण्डेय, समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय षिक्षुता मेला कल

**फिरोजाबाद।** शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, स्वामी नगर, स्टेशन रोड़, शिकोहाबाद-फिरोजाबाद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पी0एम0एन0ए0एम0) का आयोजन 09-12-2024 को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रदेश व अन्य प्रदेश के प्रतिष्ठित उद्योगों व अधिष्ठानों द्वारा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। शिशिक्षु मेला में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने बायोडाटा, समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता के अंकपत्र/प्रमाण पत्रों मूल प्रति एवं छायाप्रति, पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं 04 पासपोर्ट फोटो के साथ शिशिक्षु मेले में सम्मिलित हो सकते हैं।

## मत्स्य पालन पट्टा शिविर 17 को

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी जसराना ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों एवं शासनादेशों के अनुसार 17.12.2024 को पूर्वान्ह 1.00 बजे तहसील जसराना के सभागार में निम्नलिखित तालाबों, पोखरों का मत्स्य पालन पट्टा, आवंटन करने हेतु शिविर मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शासनादेशानुसार निम्नलिखित ग्रामों का दस वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा, आवंटन करने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## 14 तक चलेगा पोलियो जन जागरूकता अभियान



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में पोलियो जन जागरूकता अभियान की महारैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, ''दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार'' सूत्र वाक्य के साथ इस रैली ने अपने अभियान की शुरुआत की, जिससे हर बच्चा पोलियो मुक्त होकर स्वस्थ बन सके, यह अभियान 8 दिसम्बर से शुरू होगा 14 दिसम्बर तक चलेगा, फिरोजाबाद जनपद में 2010 में पोलियो का आखिरी केस मिला था, यह अभियान प्रदेश के 75 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसमें तीन करोड़ 29 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है, इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राऐं और सम्बन्धित चिकित्सक आदि उपस्थित रहें।

## राम सिंह महाविद्यालय में सेना झण्डा दिवस मनाया




**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर फिरोजाबाद में सशत्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। देश के अमर शहीदों को दो मिनट का गौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई। कॉलेज के सभी कैडिटों ने एच0सी0 सी0 सी0टी0 ओ0 प्रो0 सी0 पी0 सिंह के निर्देशन में कॉलेज से नगला सिकन्दर व नगला दल तक साइकिल रैली निकाली। कॉलेज प्राचार्य डा.बीपी सिंह ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। हमें अपने जवानों व उनके परिवार के कल्याण के लिए कामना करनी चाहिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील नानपारा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई बच्चों का हुआ अन्नप्रासन



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह दिसम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 04 गर्भवती महिलाओं गीता, निकिता, रीनू व फुलसरा की गोद भराई की गई तथा 03 बच्चों आदिल, राजगीर व दिव्या को अन्नप्रासन भी कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार अजय यादव, नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी व मनीष वर्मा, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकायतों का सभी अधिकारी समय-सीमा में कराएं

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील किशनी में जन-शिकायतें सुनने के दौरान उपस्थित अधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि जन-शिकायतों का प्रभावी, गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निराकरण प्रत्येक विभाग के अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में यदि विलंब हुआ या निराकरण गुणवत्तापूर्वक नहीं हुआ और शिकायतकर्ता द्वारा पुनः शिकायत की गई तो संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तयकर कार्यवाही होगी, संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का सभी अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराएं, यथासंभव स्वयं मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करें यदि अधीनस्थों द्वारा शिकायत का निराकरण किया गया हो तो शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत ही उसके संतुष्ट होने पर निस्तारण आख्या भेजी जाये। उन्होने भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर कहा कि पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर गांव के संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में कार्यवाही करें, भूमि संबंधी विवाद, अनाधिकृत कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो दोषियों के विरूद्ध भू-माफिया के तहत कार्यवाही की जाए। श्री सिंह ने कहा कि जन-शिकायतों का समयबद्ध, प्रभावी निराकरण प्रदेश सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं, विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक सीधे शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है, इसलिए सभी अधिकारी सजग रहकर शिकायतों का निराकरण करें, यदि शिकायत का निदान निर्धारित समय-सीमा में संभव न हो तो विस्तृत टिप्पणी अंकित कर प्रार्थना पत्र संबंधित उप जिलाधिकारी को वापस करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ –उ.रे. रे.उ/वाणिज्य–मण्डल |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F2-MBDP·DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2024 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2024 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2024 at 10:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3761/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सूने मकान से 30 लाख रूपये की चोरी

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गालिब नगर में 30 लाख रूपये की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों राशिम व सारिफको चोरी किए गए करीब 28 लाख रूपये के जेवर, 2,34,500 रूपये कैश ( 02 लाख 34 हजार पाँच सौ रूपये) व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 423/24 धारा 331(4)/305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया था। थाना रसूलपुर क्षेत्र के अन्तर्गत गालिब नगर निवासी असद अहमद विगत 3 दिसम्बर को अपने परिवार सहित शादी में गया था, जहां अज्ञात चोरों ने सूना घर देखकर घर पर धावा बोल दिया। असद अहमद के घर से अज्ञात चोर नगदी व जेवरात सहित करीब कुल 30 लाख रूपये की चोरी कर ले गए। मकान स्वामी जब अपने घर वापिस आए तो घर का ताला टूटा देखा और सामान अस्त-व्यस्त देखा। वह हक्का-बक्का रह गए। मकानस्वामी ने तुरन्त ही चोरी की घटना की सूचना इलाका पुलिस को दी। इलाका पुलिस ने तुरन्त ही घटना का संज्ञान लेते हुए एक पुलिस टीम गठित की तथा 04/12/24 से 06/12/24 तक लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे चौक किए गए जिसमें अभियुक्तगण की पहचान कर लोकेशन व अन्य तथ्यों के आधार पर दो नफर अभियुक्तगण 1.राशिम खाँन पुत्र महमूद अली खाँन उर्फ बबलू उम्र करीब 22 वर्ष निवासी आवास विकास कालोनी पानी की टंकी के पास मोती पैलेस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद 2. मौहम्मद सारिफ खान पुत्र स्व0 मो0 इकबाल खान उम्र करीब 24 वर्ष निवासी करीमगंज निकट गुलाम हैदर हास्पीटल सर्विस रोड थाना रामगढ को मय चौरी के जेवर(रूपये अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख) व 2,34,500 रूपये व 01 अदद अवैध तमंचे मय कारतूस के साथ फ्तेहाबाद पुल से उतरते हुए खोखा के पास दाहिनी तरफ वृहद ग्राम खंजापुर थाना रसूलपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जेवर की अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रूपये व 2,34,500 रूपये (02 लाख 34 हजार पाँच सौ रूपये) एक अदद गले का लाल नग जडा हार बुदो के साथ धागा बधा हुआ पीली धातु, एक जोडी बुन्दे पीली धातु, एक पैण्डल लाल हरे मोती लगा पीली धातु, एक हाथ कलाई पतली पीली धातु, दो छोटे बुन्दे गोल पीली धातु , 05 अदद अंगूठी मीना लगी पीली धातु , छःअदद चूडिया पीली धातु, एक बडी हाथ कलाई जरकीन नग लगी हुई पीली धातु , एक जोडे बुन्दे जरकीन नग लगे पीली धातु, एक गले का हार जरकीन नग लगा पीली धातु, एक मंगलसूत्र पैण्डल मोती हरे लाल जडा हुआ पीली धातु, एक अदद पैण्डल पीली धातु, एक अदद बुन्दे सुई धागा पीली धातु , एक अदद बुन्दा लटकन वाला पीली धातु, एक जोडी बुन्दे छोटे सफेद मोती व लाल हरे मोती युक्त पीली धातु, एक जोडी पायल सफेद धातु, 2,34,500 रूपये (दो लाख 34 हजार पाँच सौ रूपये) नगद, एक अदद आरी लोहा काटने वाली, एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर पर मु0अ0स0 426/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 अनुज कुमार, उ0नि0 अमित तौमर प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम, उ0नि श्री सुनील कुमार, उ0नि0 अमित आनन्द, प्र0उ0नि0 आयुष राणा, है0का0 1023 मोहम्मद आफ्ताब, का0 356 अभिषेक उज्जवल, का0 306 रौकी तौमर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता 17वां (वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ**

पत्रांक : 3726/7CBW-17E/M/2024-25 दिनांक : 05/12/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 10/12/2024 से दिनांक 24/12/2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा करा कर निविदा कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदा दिनांक 24/12/2024 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 24/12/2024 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक 24/12/2024 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले खण्ड का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | राजभवन स्थित मुख्य भवन प्रज्ञा मीटिंग हॉल एवं कर्मयोगी मीटिंग हॉल तथा गाँधी सभागार में स्थापित साउण्ड सिस्टम व डिस्प्ले सिस्टम के वार्षिक कॉम्प्रेहेन्सिव अनुरक्षण का कार्य। (सामग्री सहित) | 7.73 + 18% जी.एस.टी. | 0.78 | 766.00 | 365 दिन | कार्य अधीक्षक, अ.वि.नि.ई. (वि./या.), लो.नि.वि. लखनऊ | अधीक्षण अभियंता, 17वां (वि./या.), वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (वि./या. ), लो.नि.वि. लखनऊ | बॉश (Bosch) मेक साउंड सिस्टम एवं डिस्प्ले सिस्टम के मूल निर्माता/ अधिकृत सेवा प्रदाता फर्म जिन्हें समान प्रकृति के कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो। |

**सामान्य शर्ते :**

1- निविदा सम्बन्धित जानकारी दिनांक 23/12/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।
2- टी-1 की सामान्य शर्त मान्य होंगी। प्रपत्र टी-4, टी-5 (यथा लागू) एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
3- निविदा की वैधता 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।
4- सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।
5- आयकर /जी0एस0टी0 लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
6- धरोहर धनराशि शिड्यूल कॉमर्शियल बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 एवं डाकघर से जारी एन0एस0सी0 के रूप में कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ के पद नाम में बंधक होगी तथा निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य शिड्यूल कॉमर्शियल बैंक से जारी डिमान्ड ड्राफ्ट (Non-refundable) के रूप में कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ के नाम से देय होगा।
7- कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
8- अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।


(पारितोष सिंह)
कार्य अधीक्षक
अ.वि.नि.ई. (वि./यां.) लो.नि.वि., लखनऊ

UPID-223487 Dated-06-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(आर. एम. श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियंता
17वां (वि./यां.) वृत्त लो.नि.वि., लखनऊ

# एक महान संत और समाज सुधारक थे स्वामी रोटीराम

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर।** जिनकी याद में कस्बा सुमेरपुर की गायत्री तपोभूमि में यज्ञ का बड़ा अनुष्ठान चल रहा है ऐसे संत का संत स्वामी रोटीराम जी का नाम संत परंपरा में बड़े सम्मान और श्रद्धा से लिया जाता है। उनका जीवन वीतरागी, तपस्वी और संन्यासी के रूप में अनुकरणीय रहा। स्वामी रोटीराम जी गायत्री उपासक थे और उन्होंने अपनी साधना, ज्ञान और कर्म से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनका मुख्य कार्यक्षेत्र उत्तर प्रदेश के सुमेरपुर कस्बे की गायत्री तपोभूमि में रहा, जहां से उन्होंने लोक-कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाया।

स्वामी रोटीराम जी का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। प्रारंभ से ही उनका झुकाव अध्यात्म की ओर था। उन्होंने गृहस्थ जीवन में प्रवेश न कर संन्यास का मार्ग अपनाया और गायत्री उपासना में लीन हो गए। उनकी साधना इतनी गहन थी कि उन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य जनकल्याण और धर्म के प्रचार-प्रसार को बनाया। स्वामी जी के जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय सुमेरपुर की तपोभूमि से जुड़ा है। यहां उन्होंने लोगों को गायत्री के महत्व और साधना के माध्यम से जीवन में सुधार के मार्ग दिखाए। स्वामी रोटीराम जी ने सुमेरपुर में कई बड़ी यज्ञों का आयोजन कराया। इन यज्ञों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार और सामूहिक कल्याण था। उनका सबसे प्रसिद्ध यज्ञ सुमेरपुर की गायत्री तपोभूमि में हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इन यज्ञों के दौरान वे धर्मोपदेश देते और लोगों को सत्य, अहिंसा, सेवा, और नैतिकता का पालन करने की प्रेरणा देते थे। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं थे, बल्कि उनमें समाज सुधार का संदेश भी समाहित था। स्वामी जी ने लोगों को धर्म संस्कृति के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। स्वामी रोटीराम जी ने यह समझा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुमेरपुर और आसपास के क्षेत्रों में कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। इन संस्थानों में न केवल आधुनिक शिक्षा दी जाती थी, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर भी जोर दिया जाता था। आज भी ये संस्थान उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं।

स्वामी रोटीराम जी की स्मृति में हर वर्ष सुमेरपुर की तपोभूमि में यज्ञ की वर्षगांठ मनाई जाती है। यह आयोजन स्वामी जी के विचारों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण करने का माध्यम है। इस अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, प्रवचन और समाज सेवा के कार्य आयोजित किए जाते हैं। यज्ञ के इस महोत्सव में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं और उनके जीवन को प्रेरणा के रूप में देखते हैं। स्वामी रोटीराम जी का जीवन साधना, सेवा और समाज सुधार का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनकी उपासना, उनके विचार, और उनके कार्य आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने जो बीज सुमेरपुर की तपोभूमि में बोए थे, वे आज एक वटवृक्ष के रूप में फल-फूल रहे हैं। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सच्चा धर्म वही है जो मानवता की सेवा में लगा हो। स्वामी जी की स्मृति हमें हर वर्ष यह प्रेरणा देती है कि हम भी उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान दें।

# कबूतरबाज से प्रताड़ित युवक ने कप्तान से की शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कस्बा के मोहल्ला हैदरगढ़ निवासी जहीर अहमद पुत्र समीर अहमद ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि वह गरीब व्यक्ति है और खाना बनाने का कारीगर है। गरीबी के कारण स्थिति खराब होने पर में हारूम शाह पुत्र घपलू निवासी पावर हाउस स्टेशन रोड कस्बा व थाना मौदहा ने विदेश में कुक की नौकरी दिलाने और विदेश भेजने के लिये 13 दिसंबर 2023 को 50,000 (पचास हजार) रूपये इसके बाद 90,000 (नब्बे हजार) रूपये इसके बाद छुटपुट काम में 50,000 (पचास हजार) रूपये और खर्च कराया। 24.जनवरी.2024 को विदेश भेजा। वहाँ पर कुक का काम नही मिला ऊपर से ड्राइवरी का काम मिला जो कि प्रार्थी नहीं कर पाया और किसी प्रकार से वापस 8 मार्च 2024 को अपने देश/घर आ गया। प्रार्थी दिनांक 08.03.2024 को मौदहा आया और हारून शाह से अपने 1,90,000 रुपए लौटाने का दबाव बनाया तो उसने 80,000 (अस्सी हजार) रूपये वापस किए लेकिन शेष 1,10,000 (एक लाख दस हजार) रूपये नही दे रहा है। पीड़ित ने थाना मौदहा में शिकायत की जहाँ पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की है। परेशान होकर पीड़ित ने आई.जी.आर.एस. सन्दर्भ सं.-92416800003321/40016824002012 को शिकायत की जिसमें दिनांक 19 मार्च 2024 को उ.नि. प्रमोद त्रिपाठी ने विरूद्ध पक्ष से ले-देकर प्रार्थी के विरूद्ध फर्जी व झूठी आख्या लगा दी है। चूँकि पीड़ित ने एक दुकानदार से ब्याज में 1,50,000 (एक लाख पचास हजार) रूपये उधार लिये थे। जिसका ब्याज भरना पड़ रहा है। अतः मामले की जाँच करवाकर पीड़ित का शेष रूपये 1,10,000 (एक लाख दस हजार) रूपये दिलवाया जाए।

# समाजवादी पार्टी की जिला मासिक बैठक संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मासिक बैठक में सफाईयों ने डोर टू डोर जन संपर्क करने का लिया संकल्प। शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि हम लोग समाजवादी पार्टी के नीतियों को डोर टू डोर पहुंचने का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि आप लोग डोर टू डोर जाकर एक-एक मतदाताओं से मिलकर संपर्क करें और जिन मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम नहीं है उसका नाम बढ़ाने का काम करें और जिन मतदाताओं का फर्जी नाम उसे कटवाने का काम करें जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ सके और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुंचने का काम करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि इस भाजपा सरकार में किसानों मजदूरों नौजवानों आदिवासियों व्यापारियों अल्पसंख्यकों का शोषण चरम सीमा पर है। भाजपा सरकार को आम जनमानस से कोई लेना-देना नहीं है। यह सरकार पूंजी पतियों की सरकार है। भाजपा सरकार हमेशा आदिवासियों का शोषण करने का काम किया है। वह चाहती है कि कोई आदिवासी आगे न बढ़े। बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से एम एल सी आशुतोष सिंहा, दुद्धि विधायक विजय सिंह गोंड, विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल श्याम बिहारी यादव संजय यादव विजय यादव राम भरोसे सिंह पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी जिला उपाध्यक्ष वेदमणी शुक्ला राम प्यारे सिंह पटेल अनिल प्रधान अशोक पटेल डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल रमेश सिंह यादव विजय शंकर जायसवाल त्रिपुरारी गौड़ बाबूलाल यादव परमेश्वर यादव सत्यम पांडे सरदार पारब्रह्म सिंह परशुराम यादव शिव नारायण चौहान नामवर कुशवाहा सनी पटेल राम सजीवन अहीर विमलेश पटेल रामेश्वर भाई पटेल प्रमोद यादव लाल बहादुर पाल लालबरत यादव राम लखन जगत पटेल हिदायत उल्ला खां अमरेश यादव मन्नू पांडे दशरथ यादव अजय कुमार साहनी जयप्रकाश मौर्य संजय यादव संतोष पासवान अजय यादव गुलाम यासीन शौर्य त्रिपाठी बाबू हाशमी धर्मेंद्र मौर्य रामजतन प्रजापति राजमणि यादव लल्लू भारती जितेंद्र बियार राजनाथ विनीत सरोज चंद्रमणि सिपाही कोल देशमुख कोल अखिलेश यादव जिज्ञासु सुरेंद्र यादव के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया



**अवधनामा ब्यूरो**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**इटावा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील चकरनगर के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने-अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 11 दिसंबर 2024 को आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्या

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में माननीया श्रीमती पूनम द्विवेदी, सदस्य ,उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जागरूकता शिविर/महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जानी है। अतः उक्त के दृष्टिगत उन्होंने जनपद हमीरपुर के महिला उत्पीडन से पीड़ित महिलाओं / आवेदिकाओं को सूचित किया है कि 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेटे हमीरपुर में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में माननीया श्रीमती पूनम द्विवेदी ,सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

# सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों नें किया जोरदार प्रदर्शन

**गड्ढायुक्त सड़कों से बरसात में निकलना दूभर, तहसील दिवस में पहुंच कर सौंपा ज्ञापन**

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा, हमीरपुर।** सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। नदी के उस पार बसे गांव तक पहुंचने के लिए पहले तो पुल का निर्माण किया गया, लेकिन सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है। यह स्थिति ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुकी है, क्योंकि तीन किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना उन्हें भारी पड़ रहा है।

मौदहा तहसील क्षेत्र के छिमौली गांव में जहां के ग्रामीण चंद्रावल नदी को पार कर मौदहा तक पहुंचते हैं। कुछ दिन पहले चंद्रावल नदी पर पुल बनवाया गया था, लेकिन सड़क का निर्माण अब तक नहीं हो सका। इस बदहाल रास्ते में गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे कोई वाहन भी गांव तक नहीं पहुंच पाता। ग्रामीणों ने आज तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बरसात से पहले सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सड़क का निर्माण नहीं हुआ, तो आने-जाने में और भी परेशानी होगी। मौदहा से छिमौली जाने वाली सड़क पर दो कांशीराम कालोनियां और आईटीआई कॉलेज भी स्थित हैं। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और छात्रों को भी इस बदहाल सड़क से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस सड़क का निर्माण और भी जरूरी हो गया है। सड़क निर्माण की यह मांग ग्रामीणों के लिए एक अहम मुद्दा बन चुकी है। अब यह प्रशासन पर निर्भर करता है कि वह इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान कब तक करता है। इस मौके पर विवेक चंद्र, आसिफ शकील, शहबाज अली, जावेद मेजर ,वरुण राज, महेश कुमार, मीलू ग्राम प्रधान, सलमान खान,रशीद बुंदेला,राम प्यारी सिया कुमारी सहित दर्जनों की तादात मे लोग उपस्थित रहे।

# कबड्डी में महेवा ने किया शानदार प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में चार दिवसीय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता/ ट्रायल महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी वर्गों की कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें जनपद के सभी विकास खंडों से 32 टीमों ने प्रतिभाग किया। महेवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जूनियर एवं प्राथमिक दोनों वर्गों की बालिकाओं की टीम ने बाजी मारी। महेवा के खिलाड़ी छाए रहे। जूनियर स्तर बालक वर्ग की कबड्डी में जसवंतनगर विजेता व महेवा उपविजेता, बालिका वर्ग में महेवा विजेता, जसवंतनगर उपविजेता, प्राथमिक स्तर बालक वर्ग बढ़पुरा विजेता व जसवंतनगर उपविजेता, बालिका वर्ग में महेवा विजेता व जसवंतनगर उपविजेता टीम रही। समस्त प्रतियोगिताएं जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक व जिला व्यायाम शिक्षिका प्रमिला पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुई। राहुल शाक्य, इंद्रजीत सिंह, शोएब आलम, योगेंद्र चौधरी, राजेश जादौन, अवधेश राठौर, यतेन्द्र यादव, एपी यादव, अजय यादव, अमित यादव, वेदप्रकाश, नृपेंद्र चतुर्वेदी, ज्योत्सना सिंह, प्रियंका यादव, रेनू पाल, विनीता यादव विकास यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में देवेंद्र चौहान, अशोक राजपूत, अजय कुमार, प्रदीप यादव, हरिओम शाक्य, उमेश चन्द्र, राजकुमार, रामजी शर्मा, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार, बलबीर यादव, संजीव कुमार, बीरेंद्र सिंह, नितिन वर्मा, स्वीटी मथुरिया आदि ने सहयोग किया।

# भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश महामंत्री/जिला पर्यवेक्षक गोविन्द नारायण शुक्ला जी मौजूद रहे। बैठक का शुभारम्भ पं0दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला सह चुनाव अधिकारी अनिल सिंह गौतम ने किया।

इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने कहा कि संगठन पर्व के अन्तर्गत सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता से लेकर बूथ गठन का कार्य पूरे प्रदेश में लगातार चल रहा है। और कहा कि आज के बाद संगठन के चुनावों की धुरी मंडल और उसके बाद जिला स्तर पर रहेगी। मंडल ही अपने कार्य का संगठनात्मक आधार है। मंडल की सक्रियता के कारण जिला, बूथ और शक्ति केंद्र के स्तर पर कार्य अच्छा हो जाता है। भाजपा के नए संगठन में सभी जातियों और वर्गों का उचित संतुलन होगा। महिलाओं और दलितों को खास अहमियत दी जाएगी बैठक में सभी चुनाव अधिकारियों और सह चुनाव अधिकारियों को टारगेट दिया गया कि बूथ कमेटियां गठित होने के बाद तुरंत मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। सभी मंडल अध्यक्षों का चयन 15 दिसम्बर तक कर लिया जाए। जिला व मण्डल चुनाव अधिकारियों को मण्डल अध्यक्ष चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत यह विशेष ध्यान दे कि सभी के सामन्जस्य से ज्यादातर रायसुमारी और बातचीत से मण्डल अध्यक्षों का चयन किया जाय तो ठीक रहेगा। कहा कि सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी संगठन बनाने के लिए जरूरी है कि हर जाति-वर्ग को उसमें स्थान दिया जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि महिलाओं और दलितों की सहभागिता बढ़ाने पर पार्टी का खास ध्यान है। ऐसे में जरूरी है कि संगठन में भी वह नजर आए।

इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे जनपद की बूथ समितियों का चुनाव लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, जिससे सभी मण्डलों के गठन मे कोई समस्या नही आयेगी जनपद के सभी मण्डल अध्यक्षों का चुनाव निर्धारित समय पर पूर्ण कर लिया जायेगा।

# डीएम आज करेगें इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** 8 दिसंबर को जिलाधिकारी अवनीश राय करेंगे इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ। आज रविवार से शुरू होकर एक माह तक चलने वाले इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में होंगे कई सांस्कृतिक व दिव्यांगजन एवं नारी सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम होंगे। विक्रम सिंह राघव (जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शनी कमेटी) एस डी एम सदर ने शनिवार को नुमाइश कैम्प में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी जानकारी। उन्होंने बताया कि इसी के साथ-साथ 17 दिसंबर को इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में लल्लन टॉप के सौरभ द्विवेदी जी स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ करेंगे संवाद। आगे उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को अखिल भारतीय मुशायरा, 28 दिसंबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 3 जनवरी 2025 को राजस्थानी फोक सिंगर मामें खान द्वारा प्रस्तुति, 4 जनवरी को पूर्व महाभारत कार्यक्रम में श्री कृष्ण का किरदार निभाने वाले नितीश भारद्वाज द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति आदि कार्यक्रम होगें एवं 6 जनवरी को इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का अंतिम कार्यक्रम बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपने शानदार गीतों से इटावा वासियों का दिल जीतेंगे बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम। इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गए हैं, प्रदर्शनी में एंट्री और एग्जिट के सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी की जायेगी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा भी नुमाइश प्रांगण में स्थापित की गई है अस्थाई रूप से पुलिस चौकी एवं ड्रोन के माध्यम से भी रखी जाएगी अराजक तत्वों पर नजर।

## एनटीपीसी सिंगरौली ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली ने बीते 6 दिसंबर 2024 को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 69वें पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके विचारों के रोशनी के प्रतीक के रूप में द्वीप प्रज्वलित किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आवासीय परिसर में स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। डॉ. अंबेडकर के अथक प्रयास और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार और आदर्श समाज में समानता और समरसता की ओर प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर एनटीपीसी परियोजना के एस के वर्मा, अपर महाप्रबंधक, एमजीआर, आर पी मीना, उप महाप्रबंधक, तकनीकी सेवाएँ, स्थानीय संजीवनी चिकित्सालय के डॉ ब्रिज लाल, आर एस राम, महासचिव, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति, एनटीपीसी के अन्य कर्मचारीगण, डॉ. अंबेडकर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण तथा आम जनमानस आदि उपस्थित रहे।

# पोलियो उन्मूलन जन जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अवधनामा ब्यूरो**



**जीरो से पॉच वर्ष तक के बच्चों को जिलाधिकारी ने पोलियो की दवा पिलाने की नागरिकों से की अपील**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय राबर्ट्सगंज से पल्स पोलियों उन्मूलन अभियान दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जन जागरूकता रैली का आयोजन कर पोलियो उन्मूलन जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ हरी झण्डी दिखाकर किया गया, इस मौके भारी संख्या में स्कूली बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए जन प्रतिनिधि,स्वयं सेवी संगटनों,के साथ ही आम नागरिकों से पोलियो उन्मूलन अभियान सफल बनाने की अपेक्षा की। रैली मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से होकर नगर के विभिन्न मुहल्लों और चैराहों का भ्रमण करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर सभा के रूप में परिवर्तित हुई। जनजागरूकता रैली में काफी संख्या में स्कूली बच्चे सीटी बजाते हुए,पोलियों उन्मूलन सम्बन्धी स्लोगन दोहराते हुए नगर का भ्रमण करते समय काफी रोचक लग रहे थे मानो जैसे किसी राष्ट्रीय पर्व की तैयारी चल रही हो, पोलियो उन्मूलन रैली मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर सभा के रूप में परिवर्तित हुयी जहां पोलियों उन्मूलन सम्बन्धी जनजागरूकता करने हेतु जनाकारी दी गयी। जनजागरूकता रैली की व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अश्वनी कुमार सम्भाले हुये थे , इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो उन्मूलन सम्बन्धी सभी तैयारियॉ पूरी कर ली गयी है, पल्स पोलियो दिवस के दिन अधिकाधिक बच्चों को पोलियो ड्राप दिये जाने का लक्ष्य है, पोलियो दिवस के दिन जिन बच्चों को किसी भी प्रकार से पोलियो की दवा नहीं दी जा सकेगी उन्हें अगले पॉच दिनों तक घर-घर जाकर पोलियों वैक्सिनेटर जीरो से पॉच वर्ष के बच्चों तक पोलियो की दवा दी जायेगी। इस अवसर ए.सी.एम.ओ. आर.जी. यादव, अध्यापकगण, स्वास्थ विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में मना सामाजिक समरसता दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में दिनांक शुक्रवार 6 दिसंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में डॉक्टर एन के शर्मा, अधिष्ठाता की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहब के चित्र पर सभी के द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ, छात्र- छात्राएं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी जिसमें मोहम्मद जावेद खान, नगर अध्यक्ष, डॉ सुनील सेंगर, जिला प्रमुख, तरूण बाजपेई, विभाग संगठन मंत्री, आर्यन त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक, डॉ श्वेता दुबे, नगर उपाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता दुबे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में बाबा साहब द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी सफलताओं के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया गया, इसी क्रम में मोहम्मद जावेद खान ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला, डॉ सुधीर सेंगर ने बाबा जी के द्वारा भारतीय समाज को दी गई नई दिशाओं पर प्रकाश डाला जिसमें महिलाओं को समानता का अधिकार, छुआछूत को दूर करने के लिए कानून आदि के विषय पर विस्तार से बताया। तरूण बाजपेई ने अपने ओजस्वी भाषण से सभी छात्रों का मन मोह लिया उन्होंने संविधान की प्रासंगिकता की महत्ता को विस्तार से बताया और अंत में डॉक्टर एन के शर्मा में बाबा साहब के विचारों से सीखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि आजकल के बच्चे छोटे-छोटे बातों पर अपने परिवार और समाज को दोष देने लगते हैं ऐसे में उन्हें बाबा साहब की जीवनी पढ़नी चाहिए जिससे उनको ज्ञात हो कि उनके समय में अभावों और सामाजिक विद्वेष के साथ ही देश की परतंत्र अवस्था के होते हुए भी शिक्षा की महत्ता को समझते हुए बाबा साहब ने उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश और विदेश में अपने नाम का परचम फहराया और देश के अग्रिम पंक्ति के लोगों में अपनी जगह बनाई, उनकी ख्याति आज भी समाज के हर वर्ग में निहित है। अंत में उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर जे पी यादव, सत्येंद्र पाल, इंजीनियर एम ए हुसैन, इंजीनियर नीरजा शर्मा, इंजीनियर बृजेश यादव, मनीष सहाय मीडिया प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महाकुंभ को एक अवसर के रूप में लें भाजपा कार्यकर्ता : योगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**प्रयागराज/लखनऊ।** 13 दिसंबर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा एवं महाकुंभ 2024 के कार्यों को लेकर शनिवार को प्रयागराज दौरे पर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ को एक अवसर के रूप में लें। पूरे देश से मित्रता करने का महाकुंभ एक अवसर है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि महाकुंभ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता होम स्टे के माध्यम से सेवा कर सकते हैं। आतिथ्य भाव की भावना लेकर इस पुण्य अवसर पर अपना सहयोग करें। भाजपा कार्यकर्ता प्रयागराज का इतिहास यहां आने वाले अतिथियों को बताएं। महाकुंभ प्रयागराज की ब्रांडिंग का अवसर है। प्रयागराज महर्षि भारद्वाज की धरती और आजादी का केंद्र बिंदु रहा है। संगठन के कार्यकर्ता आने वाले अतिथियों को यहां के इतिहास धार्मिक महत्व के बारे में बताने का काम करें। भाजपा के लिए लोगों से जुड़ने का उनके साथ संवाद करने का ये एक पुण्य अवसर है । 2019 के कुंभ में स्वच्छता को लेकर पूरे देश में प्रयागराज से एक संदेश गया था। 2019 का कुंभ यादगार बन गया अब 2024 के महाकुंभ को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाने की बारी है। महाकुंभ की ब्रांडिग बीजेपी को अपने हाथों में लेनी चाहिए।

सीएम ने कहा कि महाकुंभ की महत्ता जन जन तक पहुंचाने के लिए तकनीकी का सहारा भी लें संगठन के कार्यकर्ता। विभिन्न स्लोगन जैसे ÷जन्म जन्म के पुण्य खिले आओ हम सब कुंभ चलें÷ ऐसे स्लोगन इत्यादि बनाकर सोशल मीडिया पर डालें। विभिन्न प्रकार के धार्मिक रचनात्मक महाकुंभ और प्रयागराज के इतिहास से संबंधित रील्स बनाकर उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट यू ट्यूब चैनल पर डालकर उसे वायरल करें। तकनीकी माध्यम का विशेष महत्व है।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक दीपक पटेल, विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई, एम एल सी सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, कमलेश गौतम, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, अनामिका चौधरी, कुंज बिहारी मिश्रा, मनोज कुशवाहा, राजू पाठक, राजन शुक्ला, आनंद सोनकर, प्रशांत शुक्ला, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राजेश गोंड, नवाब खान,अजय हेला, नटवरलाल, प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, राकेश भारती, प्रमोद मोदी, देवेश सिंह, राम जी शुक्ला, भोला सिंह, सुमित वैश्य, अवनीश तिवारी, गौरव गुप्ता, अनिल भट्ट, राघवेंद्र मिश्रा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केशव मौर्य ने आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से की भेंट



**अवधनामा ब्यूरो**

- महाकुंभ में आने का दिया निमंत्रण
- आन्ध्र प्रदेश के लोगों से महाकुंभ में सम्मिलित होने की अपील

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्र बाबू नायडू जी से आत्मीय भेंटकर महाकुम्भ-2025 के भव्य आयोजन में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया। उप मुख्यमंत्री ने विजयवाड़ा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री वाई. एस. चौधरी (सुजाना चौधरी) से उनके आवास पर भेंट कर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आगमन के लिए निमंत्रित किया।

महाकुंभ में आने के लिए उप मुख्यमंत्री ने वहां रोड शो किया और वहां के लोगों को महाकुंभ की महत्ता व महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें महाकुंभ में सम्मिलित होने की अपील की। इस दौरान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह जी भी मौजूद रहे।

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह जी के साथ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक को संबोधित कर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए बहुत ही उच्च कोटि की व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रयागराज में अलग-अलग राज्यों से आने वाले भारतीय श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों की राह आसान होगी। बताया कि सभी भारतीय भाषाओं के अलावा छह विदेशी भाषाओं में भी साइनेज लगाए जाएंगे। इससे संबंधित प्रमुख स्थलों, मार्गो को जानने में किसी तरह की परेशानी न होने पाए, इसलिए भाषा के स्तर पर भी कई कदम उठाए गए हैं। महाकुंभ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाकुम्भ- भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है।

## अवैध निर्माणों के खिलाफ की कार्रवाई

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लविप्रा सीलिंग लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने शनिवार को दुबग्गा में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान अवैध तरीके से बनाए जा रहे 1 व्यवसायिक कॉम्पलेक्स व रो-हाउसेस भवनों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बिल्डर रिजवान व अन्य की ओर से दुबग्गा में बेगरिया रोड पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्पलेक्स और प्रदीप कुमार व अन्य की ओर से दुबग्गा के अवध एन्क्लेव कॉलोनी गेट नम्बर 1 के पास लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के दोनों अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग के आदेश पर सहायक अभियंता जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता रविप्रकाश यादव, अम्बरीष त्यागी और राहुल प्रताप विश्वकर्मा ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

# अय्यामे फ़ातमिया के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के ऐतिहासिक छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में युफोरियल यूथ सोसाइटी द्वारा रक्त क्रांति अभियान के तहत अय्यामे फ़ातमिया के मौके पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को जीवनदान देना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर सोसाइटी की अध्यक्ष नामिका मौर्या , उपाध्यक्ष मेहदिया रिज़वी ,रेहान रिज़वी,मोहम्मद सुभान, रमेश कुमार, शुभम कुमार,साहिल कुमार मोहम्मद रज़ा और अर्शलान हैदर ज़ीशान अहमद,समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और समाजसेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। अध्यक्ष नामिका मौर्या ने कहा, रक्तदान न केवल किसी का जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि यह मानवता के प्रति हमारे कर्तव्य को भी दर्शाता है। वहीं, उपाध्यक्ष मेहदिया रिज़वी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, रक्तदान जैसे आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी मजबूत करता है। इस आयोजन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों को मदद मिल सकेगी। इस पहल को स्थानीय जनता का भी भरपूर समर्थन मिला। युफोरियल यूथ सोसाइटी ने इस शिविर के जरिए समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान सिर्फ एक सेवा नहीं, बल्कि इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल है। सोसाइटी का मानना है कि ऐसे आयोजन युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस शिविर ने यह साबित किया कि जब युवा एकजुट होकर समाजसेवा के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो सकारात्मक बदलाव संभव है। छोटा इमामबाड़ा का यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि रक्तदान के महत्व को उजागर करने वाला एक आदर्श उदाहरण भी बन गया। रक्तदान करें, जीवन बचाएं– इस संदेश के साथ युफोरियल यूथ सोसाइटी ने एक नई सोच और उम्मीद का संचार किया।

# तालिबान की संकीर्ण नीतियों पर बिफरे डॉ. राजेश्वर

- लखनऊ के मुस्लिम धर्मगुरूओं से किया विरोध की अपील

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** तालिबान शासन द्वारा अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग शिक्षा पर प्रतिबंध लगाए जाने पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है। डॉ. सिंह ने इस कदम को रूढ़िवादी और संकीर्ण विचारधारा को बढ़ाने वाला कदम बताया। विधायक ने लखनऊ के मुस्लिम विद्वानों से तालिबान के कट्टरपंथ को उजागर करने की अपील की है। सरोजनीनगर विधायक ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि अफगानिस्तान में महिलाओं की आबादी करीब 1.7 करोड़ है, तालिबान के शासन में महिलाओं को लगातार उच्च शिक्षा प्राप्त करने, नौकरी करने, अकेले घर से निकलने आदि बुनियादी अधिकारों से वंचित किया जाता रहा है, साथ साथ उनके विरुद्ध हिंसा में भी वृद्धि हुई है। विधायक ने महिला समानता पर चिंता व्यक्त करते हुए आगे लिखा इन प्रतिबंधों के लिए तालिबान ने जो धार्मिक तर्क दिए हैं, वे रूढ़िवादी संकीर्ण विचारों को बढ़ावा देने वाले हैं। जिनका उद्देश्य केवल महिलाओं की स्वतंत्रता प्रतिबंधित करना है। लगातार समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से अफगानिस्तान में महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन इस विषय पर लखनऊ के इस्लामिक विद्वानों की चुप्पी अत्यंत दुखद, पीड़ादायक है। डॉ. सिंह ने लखनऊ के मुस्लिम स्कॉलर्स और धर्म गुरुओं से अपील करते हुए आगे लिखा, लखनऊ का ऐतिहासिक योगदान न्याय, मानवाधिकार और समानता के लिए विख्यात रहा है, किंतु आज जब अफगान महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं।

## 15 दिसंबर से लगेगा कतकी मेला

**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 80 लाख का छोड़ा गया मेले का ठेका कतकी मेले की तैयारी में जुटा नगर निगम इस बार विशेष रहेगा लखनऊ शहर का ऐतिहासिक कतकी मेला लखनऊ का यह ऐतिहासिक मेला जिसमें लखनऊ शहर वासियों को हर तरह की खरीदारी करने को मिलती है। वहीं दूसरी और लखनऊ के वह दूर-दराज से आए सभी दुकानदारों द्वारा कतकी मेले में हर तरह का सामान देखने को मिलता है। कतकी मेला लखनऊ के लिए एक ऐतिहासिक मेला है जो की गंगा स्नान के दिन मेले का शुभारंभ होता था परंतु एक माह से टेंडर प्रक्रिया में 7 दिसंबर को 2 करोड़ 80 का मेला छूटा

## अवनीश अवस्थी ने राजकीय आईटीई एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का किया निरीक्षण



**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा स्थापित एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का शनिवार को मुख्य सलाहकार, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालित कोर्सो की जानकारी प्रशिक्षकों से ली और मशीनों को चालू कर प्रशिक्षुओं को दी जा रही प्रशिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं उच्च स्तर की पाई गई। श्री अवस्थी ने कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कच्चे माल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को दिए। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की अल्प समय में की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की गई। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक मानपाल सिंह, निदेशक (प्राविधिक) डी.के. सिंह, संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा, उपनिदेशक विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा, चंद्र शेखर सिंह, संजय श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, टाटा टेक्नोलॉजीज के रजनी कांत समेत कई अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## उ.प्र. पर्यटन विभाग ने किया हेरिटेज कॉन्क्लेव का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर पर्यटन विभाग की ओर से शनिवार को राजधानी लखनऊ के होटल ताज में 'हेरिटेज कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत को संरक्षित करने के साथ बढ़ावा देना रहा। यह आयोजन राज्य के पर्यटन विकास में धरोहरों की महत्ता को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करना था। लखनऊ से बाहर होने के कारण पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भेजे गये अपने एक संदेश में कहा है कि उत्तर प्रदेश भारत की हृदय स्थली है। यह राज्य अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

## गैस रिफिलिंग में झुलसने वाले पीड़ितों के परिवारजनों से मिले अजय राय



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दुबग्गा के शाहपुर भमरौली में अवैध गैस रिफिलिंग में झुलसने वाले पीड़ितों से अस्पताल में मुलाकात कर परिवारीजनों को ढांढस बंधाया। निवर्तमान शहर अध्यक्षों अमित श्रीवास्तव त्यागी व डॉ. शहजाद आलम और पूर्व विधायक इंदल रावत के नेतृत्व में बलरामपुर चिकित्सालय पहुंचे कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने बच्चों का हाल-चाल लिया और तीमारदारों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सालय में चिकित्सकों से मुलाकात कर दुर्घटना में झुलसे लोगों के समुचित इलाज का आग्रह किया। बलरामपुर अस्पताल में भर्ती बच्चों के परिजनों से मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पहुंचा जहां आईसीयू में भर्ती घायलों के तीमारदारों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ईश्वर से सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए प्रशासन से घटना के दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# मोहान रोड योजना में जमीन को लेकर किसानों से चल रहा विवाद खत्म

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड योजना में जमीन को लेकर किसानों से चल रहा विवाद शनिवार को खत्म हो गया। लविप्रा अधिकारियों व किसानों के बीच कई दिनों से चल रही वार्ता के बाद कलियाखेड़ा के किसान सहमति से जमीन देने को तैयार हो गये। दोपहर बाद से योजना के लिए जमीन सहेजन के साथ ही स्थल पर विकास कार्य शुरू करा दिया गया। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि चण्डीगढ़-पंचकुला की तरह मोहान रोड योजना का विकास ग्रिड पैटर्न पर होगा। लगभग 785 एकड़ में विकसित की जा रही योजना में कुल 8 सेक्टर बनेंगे, जिसमें हर सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेण्ट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बारातघर, वेंडिंग जोन का प्रावधान होगा। योजना में पांच श्रेणी में आवासीय भूखण्ड नियोजित होंगे। इसके अलावा 102 एकड़ की एजूकेशन सिटी विकसित होगी। योजना के विकास के लिए पहले चरण में कलियाखेड़ की जमीन का कब्जा लिया जा रहा है। इसमें शुरू में स्थानीय किसानों ने विरोध किया था, जिसे ध्यान में रख सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा और संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह की अगुवाई में अर्जन, अभियंत्रण व प्रवर्तन अनुभाग की टीमें मौके पर लगाई गयीं। अधिकारियों ने किसानों के बीच जाकर उनका भ्रम दूर किया। लविप्रा देगा किसानों को फसल की कीमत कई चरणों की वार्ता के बाद शनिवार को किसान सहमति से जमीन देने और सेक्टर-6 के विकास कार्य शुरू कराने को तैयार हुए। इसके बाद अभियंत्रण जोन-3 की टीम ने मौके पर विकास कार्य शुरू कराया। उपाध्यक्ष ने बताया कि कलियाखेड़ा में किसानों की फसल का सर्वे पूरा हो गया है। एक सप्ताह के भीतर किसानों को फसल की कीमत दे दी जाएगी। सेक्टर-6 में होंगे 734 भूखण्ड व 7 पार्क लविप्रा सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर-6 के ले-आउट को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। शनिवार को सेक्टर-6 की आंतरिक 12 मीटर चौड़ी सड़क की मार्किंग और मिट्टी भराई का काम किया गया। इस सेक्टर में कुल 734 भूखण्ड व 7 पार्क विकसित किये जाएंगे। हर पार्क 4000 वर्गमीटर के विशाल क्षेत्रफल में फैला होगा। सेक्टर में रोड नेटवर्क तैयार होते ही पार्कों के लिए सिविल व हॉर्टीकल्चर के काम शुरू करा दिये जाएंगे।

# एलडीए लगाएगा अपार्टमेण्टों में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट

**अवधनामा ब्यूरो**

- सोलर पैनल लगाने के काम का टेण्डर जारी
- 4.5 करोड़ की लागत से रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट का होगा काम




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर में अपने अपार्टमेण्टों में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगाएगा। प्राधिकरण अपार्टमेटण्स की छत पर 10 किलोवाट से लेकर 200 किलोवाट तक क्षमता के अत्याधुनिक ऑनग्रिड सोलर पावर प्लाण्ट लगाएगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अपार्टमेण्ट में सोलर पैनल लगाने के काम का टेण्डर जारी कर दिया गया है। पहले चरण में जानकीपुरम विस्तार योजना के 4, प्रियदर्शिनी योजना के 2, मानसरोवर योजना के 5, शारदा नगर योजना के 2 और कानपुर रोड योजना के 1 अपार्टमेण्ट में सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित किया जाएगा, जिसमें लगभग 4.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण के बनाए जिन अपार्टमेण्ट्स में रेजिडेण्ट वेलफेयर सोसाइटी (आरडब्ल्यूए) गठित नहीं है उनका अनुरक्षण लविप्रा करता है, जिसमें काफी खर्च आता है। इसमें कॉमन एरिया में लगी लाइटों की बिजली का बिल भी शामिल है। वर्तमान में प्राधिकरण विभिन्न अपार्टमेण्ट में निर्माण, विकास एवं सौंदर्यीकरण करा रहा है, जिसके बाद अनुरक्षण का काम आरडब्ल्यूए को हैण्डओवर किया जाएगा। आवंटियों पर कॉमन एरिया की बिजली के बिल का अतिरिक्त भार न पड़े इसलिए लगभग 4.5 करोड़ की लागत से 14 अपार्टमेण्ट में रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट का काम किया जाएगा, जिसका टेण्डर जारी कर दिया गया है। इसके बाद गोमती नगर के पारिजात और पंचशील अपार्टमेण्ट और अलीगंज के अनुभूति अपार्टमेण्ट में भी सोलर प्लाण्ट लगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत अपार्टमेण्ट्स में 10 किलोवाट से लेकर 200 किलोवाट क्षमता के अत्याधुनिक सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित किये जाएंगे। इसमें औसतन 1 किलोवाट पर प्रतिदिन 4 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। सोलर प्लाण्ट लगने से लिफ्ट, गैलरी, पार्किंग व गार्डेन सहित सभी कॉमन एरिया की बिजली के बिलए में 70 से 80 प्रतिशत बिजली की बचत का अनुमान है। ज्योतिबा फुले जोनल पार्क में भी लगेगा सोलर प्लाण्ट प्राधिकरण के विद्युत यांत्रिक अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने बताया कि कानपुर रोड योजना स्थिति ज्योतिबा फुले में भी सोलर प्लाण्ट लगाया जा रहा है। यहां लगभग 50 किलोवाट क्षमता का ऑनग्रिड प्लाण्ट लगेगा। टेण्डर की शर्तो के अनुसार सोलर पैनल की वारंटी न्यूनतम 25 साल और इन्वर्टर की वारंटी 10 साल के लिए होगी। इन अपार्टमेण्ट्स में लगेंगे सोलर प्लाण्ट जानकीपुरम विस्तार योजना के सरगम अपार्टमेण्ट में 200 किलोवाट, जनेश्वर एन्क्लेव में 100 किलोवाट, स्मृति अपार्टमेण्ट में 90, सृष्टि में 75 किलोवाट। मानसरोवर योजना के अश्लेषा अपार्टमेण्ट में 40 किलोवाट, भरणी में 40, मघा में 40, दीपशिखा में 40 और फाल्गुनी अपार्टमेण्ट में 20 किलोवाट। शारदा नगर योजना के रश्मिलोक और रतन लोक अपार्टमेण्ट में 40-40, प्रियदर्शिनी योजना के सोपान एन्क्लेव में 95 किलोवाट और सृजन अपार्टमेण्ट में 30 किलोवाट तथा कानपुर रोड योजना के पूर्वा अपार्टमेण्ट में 10 किलोवाट का सोलर पावर प्लाण्ट लगेगा।

# एन.एस.एस. का एक दिवसीय शिविर आयोजित




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूनिटी पी.जी.कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वंय सेवकों द्वारा गॉव बरावन कलॉ में एक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस में ग्रामीणों को रैली के माध्यम से मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया आदी रोगों से बचाव के उपाय बताने के साथ रक्तदान के महत्व को बताते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। इस एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वंय सेवको, यूनिटी पी.जी. कॉलेज के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बरावन कलां गॉव के कुछ ग्रामीणों ने रक्तदान किया। शिविर का समापन सायंकाल किया गया जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयं सेवकों को समाज समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर यूनिटी पी.जी. कॉलेज की समम्वयक असमा जावेद, प्राचार्य डॉ. सुनील धवन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्ञानेश कुमार धुरिया तथा अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





लखनऊ छोटे इमामबाड़े में अज़ा-ए-फ़ातिमी पर लगी प्रदर्शनी को देखने पहुंचे स्कूली बच्चों को फ़ातिमा ज़हरा के जीवन के बारे में बताते मौलाना मोहम्मद मियां आबिदी